राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा




स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ, शनिवार, 02 मई 2026

वर्ष 07, अंक 207, पृष्ट 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदों में प्रसारित

जिला क्षय रोग अधिकारी कई महीनों से ड्यूटी से चल रहे गायब...02

प्रतापगढ़ में दबंगों का खूनी खेल! घर पर हमला, बच्चों तक को नहीं बख्शा...11

# एल.पी. जी ब्लैक मार्केटिंग पर कानूनी शिकंजा, कोर्ट ने लगाया 28 लाख रुपये का जुर्माना

» दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट ने एल.पी. जी सिलेंडर की कालाबाजारी और अधिक कीमत पर बेचने के गंभीर मामले में वनिता घोष और कपिल गुप्ता पर 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है।

» कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एसेंशियल कमोडिटीज एट, 1955 के सेशन 3 के साथ सेशन 7 और 9 के तहत सजा वाले जुर्म के लिए चार्ज तय किए थे।

» आरोपियों ने बोलकर कहा कि वे अपना जुर्म कबूल करना चाहते हैं और किसी ने भी उन्हें अपना जुर्म कबूल करने के लिए मजबूर नहीं किया है।




एल.पी. जी सिलेंडर की ब्लैक मार्केटिंग और ज्यादा कीमत पर बेचने से जुड़े एक मामले को गंभीरता से लेते हुए, सीबीआई कोर्ट ने हाल ही में दोषियों पर 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है और पार्टनर्स को कोर्ट उठने तक की सजा सुनाई है. सीबीआई ने 2010 में एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट 1955 के तहत केस दर्ज किया था।

दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट की एडिशनल चीफ ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट (ए सी जेएम) नीतू नागर ने वनिता घोष और कपिल गुप्ता को एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट के तहत जुर्म के लिए कोर्ट उठने तक की सजा सुनाई और हर एक पर 70 हजार रुपये का जुर्माना और फर्म सिवानिक्का एंटरप्राइज पर उसके पार्टनर्स घोष और गुप्ता के जरिए 60 हजार रुपये का जुर्माना लगाया। कोर्ट ने दोषियों को 25,77,508 रुपये का गलत फायदा और सरकारी खजाने को गलत नुकसान पहुंचाने के लिए 26 लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया. जुर्माने की सारी रकम जमा कर दी गई है. दोषियों को सजा देते समय, कोर्ट ने कई बातों पर ध्यान दिया, जैसे ट्रायल का लंबा समय, दोषियों का पछतावा और उनकी उम्र।

**कोर्ट ने क्या दिया आदेश?**

कोर्ट ने 22 अप्रैल को दिए गए सज़ा के आदेश में कहा कि उनकी उम्र और इस बात को ध्यान में रखते हुए कि दोषी 2011 से इस मामले में ट्रायल का सामना कर रहे हैं, दोषियों, यानी वनिता घोष, कपिल गुप्ता और दोषी मेसर्स शिवनिक्का एंटरप्राइजेज, अपने पार्टनर वनिता घोष और कपिल गुप्ता के ज़रिए एसेंशियल कमोडिटीजएक्ट, 1955 के सेक्शन 3 के साथ 7 और 9 के तहत सज़ा के लायक अपराध के लिए दोषी ठहराया जाता है। उन्हें एसेंशियल कमोडिटीज़ एक्ट, 1955 के सेक्शन 3, 7 और 9 के साथ पढ़े जाने वाले जुर्म के लिए सजा दी गई है. दोषियों, वनिता घोष और कपिल गुप्ता को अ्रत्रष्ट से गुजरना होगा और हर एक को 70 हजार रुपये का जुर्माना देना होगा और दोषी मेसर्स शिवनिक्का एंटरप्राइजेज, अपने पार्टनर वनिता घोष और कपिल गुप्ता के जरिए 60 हजार रुपये का जुर्माना देगी. सीबीआई ने कहा था कि दोषियों को ज़्यादा से ज़्यादा सजा दी जाए, ताकि समाज में एक रोकने वाला मैसेज जाए, और एक जैसी सोच वाले लोग क्रिमिनल और घिनौने कामों में शामिल होने से हतोत्साहित हों।

**दोषियों को सजा देते हुए रखा इन बातों का ख्याल**

सीबीआईने कहा था कि दोषियों को ज़्यादा से ज़्यादा सजा दी जाए, ताकि समाज में एक रोकने वाला मैसेज जाए, और एक जैसी सोच वाले लोग क्रिमिनल और घिनौने कामों में शामिल होने से बचें। कोर्ट ने दोषियों को सजा सुनाते समय कम करने वाले फैक्टर्स पर विचार करने के बाद नरम रुख अपनाया और कहा, 'दोषियों वनिता घोष और कपिल गुप्ता द्वारा बताए गए कम करने वाले हालात को देखते हुए, अगर उन्हें ज़्यादा से ज़्यादा जेल की सजा दी जाती है, तो वह सख्त होगी।

**सजा सुनाते हुए इन बातों का रखा ध्यान**

कोर्ट ने कहा कि सजा सुनाना एक नाजुक काम है जिसमें कोर्ट को मामले के सभी फैक्ट्स और हालात पर ध्यान देना होता है और कोर्ट इस बात से अनजान नहीं रह सकता कि सज़ा का मकसद बड़े पैमाने पर समाज की सेवा करना होना चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दोषियों ने पछतावे की सच्ची इच्छा दिखाई है, इसलिए, उन्हें सुधार का पूरा मौका दिया जाना चाहिए, ताकि वे देश के काम के नागरिक बन सकें। एसीजेएम नागर ने कहा, 'साथ ही, दोषियों को ऐसी सजा मिलनी चाहिए, जिससे समाज के दूसरे समान सोच वाले लोग जुर्म की दुनिया में आने से हतोत्साहित हों. हालांकि, दोषियों को सजा सुनाते समय एक अच्छा बैलेंस बनाए रखने की जरूरत है।

**कौन से एक्ट में दी सजा?**

कोर्ट ने आरोपियों के खिलाफ एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट, 1955 के सेक्शन 3 के साथ सेक्शन 7 और 9 के तहत सजा वाले जुर्म के लिए चार्ज तय किए थे. आरोपियों ने बोलकर कहा कि वे अपना जुर्म कबूल करना चाहते हैं और किसी ने भी उन्हें अपना जुर्म कबूल करने के लिए मजबूर नहीं किया है।

**शेष खबर पेज न. 12 पर**

# बरगी क्रूज हादसा: अलर्ट के बावजूद घोर लापरवाही, बिना लाइफ जैकेट सवार थे पर्यटक

● बरगी जलाशय में हुए क्रूज हादसे की शुरुआती जांच में मप्र पर्यटन निगम की गंभीर लापरवाही सामने आई है। मौसम अलर्ट के बावजूद क्रूज चलाया गया और पर्यटकों को लाइफ जैकेट भी नहीं पहनाई गई।



**जबलपुर।** बरगी जलाशय में हुए दर्दनाक क्रूज हादसे की शुरुआती जांच में मप्र पर्यटन निगम की गंभीर लापरवाही सामने आई है। मौसम विभाग के प्री-अलर्ट के बावजूद क्रूज को रवाना किया गया, जबकि सुरक्षा मानकों का पालन भी नहीं किया गया।

**लाइफ जैकेट नहीं, सुरक्षा इंतजाम अधूरे**

जानकारी के मुताबिक, 80 क्षमता वाले क्रूज में 40 से अधिक पर्यटक सवार थे। मप्र पर्यटन विकास निगम का क्रूज गुरुवार शाम मेकल रिसॉर्ट से पर्यटकों को लेकर निकला था, लेकिन सुरक्षा इंतजामों में भारी लापरवाही सामने आई। सबसे बड़ी चूक यह रही कि यात्रियों को लाइफ जैकेट नहीं पहनाई गई।

नियम के अनुसार हर पर्यटक को यात्रा से पहले सुरक्षा उपायों की जानकारी देना और लाइफ जैकेट उपलब्ध कराना जरूरी होता है। हालांकि दावा किया जा रहा है कि क्रूज में लाइफ जैकेट और लाइफ सेवर उपकरण मौजूद थे, लेकिन उन्हें यात्रियों को नहीं दिया गया। इंटरनेट मीडिया पर सामने आए वीडियो में भी अधिकांश पर्यटक बिना लाइफ जैकेट के नजर आए। हादसे के दौरान जिन यात्रियों ने लाइफ जैकेट पहनी थी, वे अपनी जान बचाने में सफल रहे।

**सिर्फ दो कर्मचारियों के भरोसे दर्जनों यात्री**

सबसे बड़ी चूक यह रही कि क्रूज पर कैप्टन के अलावा सिर्फ एक कर्मचारी मौजूद था, जबकि 40 से ज्यादा पर्यटकों के लिए यह संख्या बेहद कम मानी जाती है। नियमों के मुताबिक 10-15 यात्रियों पर एक लाइफ सेवर होना चाहिए, लेकिन यहां इसका भी पालन नहीं हुआ।

**मौसम चेतावनी को किया नजरअंदाज**

जांच में यह भी सामने आया है कि मौसम विभाग द्वारा जारी अलर्ट के बावजूद क्रूज संचालन नहीं रोका गया। स्टाफ ने केवल मोबाइल पर उपलब्ध जानकारी और अपने अनुभव के आधार पर निर्णय लिया। वहीं, कई बचे हुए यात्रियों का दावा है कि उन्होंने खराब मौसम को देखते हुए क्रूज वापस मोड़ने की मांग भी की थी, लेकिन उनकी बात अनसुनी कर दी गई।

**20 साल पुराना क्रूज, अचानक बवंडर बना वजह**

जल क्रीड़ा सलाहकार राजेंद्र निगम के अनुसार, क्रूज भले ही 20 साल पुराना था, लेकिन तकनीकी रूप से सुरक्षित था और इसकी आयु 50 वर्ष तक होती है। उन्होंने बताया कि अचानक आए बवंडर में क्रूज फंस गया, जहां हवाओं की गति 50-60 किमी प्रति घंटा तक पहुंच गई, जबकि क्रूज 30 किमी प्रति घंटे तक की हवाएं ही सहन कर सकता है।

**सीसीटीवी में 43 सवार, बिना टिकट की आशंका**

मेकल रिसॉर्ट के सीसीटीवी फुटेज में 43 पर्यटक क्रूज पर सवार नजर आए हैं। इससे यह आशंका भी जताई जा रही है कि कुछ लोग बिना टिकट ही सवार हो गए थे। बरगी हादसे की यह परत-दर-परत सामने आती सच्चाई न केवल सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर रही है, बल्कि यह भी दिखा रही है कि लापरवाही और नियमों की अनदेखी किस तरह जानलेवा साबित हो सकती है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कानपुर कचहरी में दो वकीलों के बीच नोंकझोंक, वीडियो वायरल



**कानपुर।** न्यायालय परिसर के अंदर दो वकीलों के बीच हुई तीखी नोंकझोंक का मामला सामने आया है, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो दो दिन पुराना है। **क्लाइंट को लेकर बढ़ा विवाद** प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, विवाद की वजह एक क्लाइंट को लेकर हुई। आरोप है कि एक वकील के क्लाइंट को दूसरे वकील ने अपने पक्ष में कर लिया, जिसके बाद दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई और मामला बढ़ गया। **झड़प का वीडियो चर्चा में** वायरल वीडियो में दोनों वकीलों के बीच तीखी बहस और झड़प जैसी स्थिति देखी जा रही है। एक वकील द्वारा शर्ट उतारने की घटना भी सामने आई है, जिससे माहौल और गरमा गया। **आधिकारिक पुष्टि का इंतजार** फिलहाल इस मामले में कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। हालांकि, न्यायालय परिसर में इस घटना को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है।

### अमेरिका के हाई स्कूल में चाकूबाजी की घटना, छह लोग घायल

**नई दिल्ली।** अमेरिका में गुरुवार को एक हाई स्कूल में चाकूबाजी की घटना में छह लोग घायल हो गए। घायलों में सुरक्षा गार्ड और आरोपित छात्र भी शामिल है। यह घटना वॉशिंगटन के टैकोमा में हुई। पुलिस विभाग की प्रवक्ता शेल्बी बायड ने बताया कि संदिग्ध को हिरासत में ले लिया गया है। सभी घायलों को अस्पताल ले जाया गया है। बायड ने कहा, 'स्कूल सुरक्षित है और हम फिलहाल मामले की जांच कर रहे हैं।' टाकोमा पब्लिक स्कूल्स ने एक ईमेल बयान में बताया कि सोमवार को स्कूल फिर से खुलेगा और छात्रों व कर्मचारियों की सहायता के लिए काउंसलर मौजूद रहेंगे। जिला प्रशासन ने कहा, 'हम अपने कर्मचारियों और आपातकालीन सेवाओं के त्वरित और शांत प्रयासों के लिए आभारी हैं।' टैकोमा अग्निशमन विभाग की प्रवक्ता चेल्सी शेफर्ड ने बताया कि दोपहर 1:38 बजे फास हाई स्कूल में चाकूबाजी की सूचना मिली थी। दमकल कर्मियों ने घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया, जिनमें से चार की हालत गंभीर थी। शेफर्ड ने चोटों के प्रकार की पुष्टि नहीं की।लंदन में दो यहूदी पुरुषों पर चाकू से हमला करने के आरोप में शुक्रवार को एक व्यक्ति पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया। एस्सा सुलेमान पर गोल्डर्स ग्रीन में हुए हमले से संबंधित दो आरोप हैं।

# मजदूरों की माली हालत सुधारने और हर सुविधा उपलब्ध कराना बीजेपी सरकार की सोच का परिणाम है- सांसद प्रवीण पटेल

● योजनाओं का लाभ उठाने के लिए मजदूरों से श्रम विभाग में रजिस्ट्रेशन कराने की अपील।

● इफको मजदूर दिवस पर भव्य समारोह आयोजित।








स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट।

**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस पर इफको फूलपुर के घीया नगर परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में फूलपुर के सांसद प्रवीण पटेल ने कहा कि की पूरी दुनिया के देशों में विकास और निर्माण का कार्य जो भी हुआ उसमें सबसे अधिक मजदूरों का योगदान रहा है ।इसके बगैर कोई निर्माण और विकास की कल्पना नहीं की जा सकती इसीलिए हमारी सरकार ने उनका सम्मान देने के लिए मजदूर दिवस को एक सरकारी स्तर पर भी मनाने और उन्हें सम्मानित करने का फैसला लिया।

मुख्य अतिथि श्री पटेल ने कहा कि सरकार तो बहुत दलों की आई और गई लेकिन उनकी सोच में और बीजेपी सरकार की सोच में अंतर होने के कारण आज मजदूर की उन्नत के लिए उनकी माली हालत ठीक करने के लिए उनको सारी सुविधा प्रदान करने की योजनाएं केंद्र और प्रदेश सरकार चला रही हैं ।यह केवल सोच का ही परिणाम है। आज किसी भी गांव में गरीब मजदूर जिसके पास आय का कोई ठोस उपाय नहीं है उनको प्रधानमंत्री आवास योजना मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत पक्के मकान की अच्छी खासी धनराशि प्रदान की गई जिसका परिणाम यह रहा कि शायद किसी के गांव में किसी भी गरीब मजदूर का मकान कच्चा दिखाई पड़ रहा हो।

यह सोच का ही परिणाम है कि मजदूरों के बच्चों के लिए प्राथमिक विद्यालय को आधुनिक सुख सुविधा युक्त साज सज्जा और कायाकल्प योजना चलाई गई जिससे आज प्राइमरी स्कूल जो सरकारी स्कूल था उसकी फर्श से लेकर भवन तक काया कल्प करा दिया गया।

**उसमें बिजली आ गई बॉथ**

रूम बना दिया गया पकी सड़क से जोड़ा गया।जिससे गरीबों के बच्चों को कोई असुविधा न हो। श्री पटेल ने कहा यही नहीं बच्चों को ड्रेस दिया गया सुविधा दिया गया उनको किताब कॉपी मुहैया कराई गई। उनके जूते मोजे उपलब्ध कराया गया यह सब सरकारी धन से ही कराया गया। जिससे कि गरीबों के बच्चे भी अच्छी ढंग से शिक्षा प्राप्त कर सके। अध्यापकों की उपस्थित अनिवार्य करने के लिए उनको डिजिटल संयंत्र से जोड़ा गया और आज कोई भी प्राइमरी स्कूल किसी भी प्राइवेट स्कूल से अधिक सुसज्जित और सुविधायुक्त हो गया है। उन्होंने कहा कि यह सोच प्रधानमंत्री मोदी जी की रही है की बड़े और पैसे वालों के बच्चे तो अंग्रेजी और पब्लिक स्कूल में अच्छा पैसा खर्च करके पढ़ लेते हैं लेकिन गरीब घर का लड़का मजदूर का लड़का सरकारी विद्यालय में भी पढ़ने जाता है तो वहां व सुविधा नहीं मिलती और वह एक हैं हीन भावना से ग्रसित रहता है। उन्होंने कहा कि यह सोच का परिणाम है कि आज हर गरीब मजदूर की बस्ती में बिजली के खंबे हैं उनको बिजली मुफ्त में दी गई है उनका आवास के साथ में गैस का कनेक्शन दिया गया है और पीने के पानी के लिए हैंड पंप या अब जन नल योजना से जोड़ा गया है जिससे उनको किसी भी प्रकार की कोई भी रोज मर्रा की जिंदगी में अ सुविधा न होने पाए। और वह अपने को हीन भावना से ग्रसित ना होने पाए।

श्री पटेल ने कहा कि की मजदूर और गरीबों की लड़कियों की शादी हो या उनके इलाज के लिए आर्थिक सहयोग की बात हो भाजपा सरकार ने उसे सारी व्यवस्था की?500000 आयुष्मान भारत बीमा योजना में गरीबों के लिए स्वीकृत किया गया जिससे वह गंभीर से गंभीर मर्ज का इलाज किसी भी है अस्पताल में कर सके लड़कियों की शादी के लिए100000 का अनुदान देने की व्यवस्था की गई है और सामूहिक विवाह की योजना भी इसलिए चलाई गई उसमें उनकी खर्चे में और भी बचत हो सके श्री पटेल ने कहा की बहुत सी ऐसी योजनाएं सरकार ने चला रखी है जीसकी जानकारी ना तो मजदूर को है ना तो बहुत अधिक प्रचार प्रसार हो पाया है। उन्होंने बताया कि श्रम आयुक्त कार्यालय में इतना अधिक पैसा आया है कि अनेक योजनाओं की जानकारी के अभाव में कोई भी लाभार्थी उस पैसे को ले नहीं पा रहा है।

श्री पटेल ने संगठित और असंगठित मजदूर से अपील किया कि श्रम विभाग में अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करावे जिससे उनको उनके लाभ की तमाम योजनाओं की जानकारी हो सके और वह उसका लाभ उठा सके इस अवसर पर लगभग 14 लोगों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत श्रम विभाग में लाभान्वित किया था जिसका हित लाभ प्रमाण पत्र इस अवसर पर सांसद द्वारा दिया गया। इस अवसर पर श्री पटेल ने यह भी कहा कि इफ़ को हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ संस्था है जहां पर किसानों और मजदूरों को सबसे अधिक लाभ हो रहा है। लेकिन मैं चाहता हु कि की एक कोई ऐसा किसानों के गांव को विकसित करने का काम इफको द्वारा किया जाय जो मॉडल के रूप में प्रस्तुत किया जा सके। उन्होंने इस अवसर पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री की सोच से अनेक योजनाएं चलाई गई जिससे गरीबों का कल्याण हुआ है। इसलिए बधाई और आभार व्यक्त किया ।तथा मजदूरों से अपील की अधिक से अधिक रजिस्ट्रेशन कराकर अनेक योजनाओं का लाभ उठाएं।

इस अवसर पर डीएलसी ने उनके विभाग में चल रही अनेक योजनाओं का विवरण पेश किया इफ़ को कर्मचारी संघ के अध्यक्ष पंकज पांडे ने मुख्य अतिथि के सारगर्भित विचारों के लिए धन्यवाद देते हुए उनका आभार व्यक्त किया इस अवसर पर उप जिलाधिकारी जूही प्रसाद तहसीलदार उप श्रम आयुक्त के अलावा अनेक सरकारी अधिकारी भी उपस्थित थे इफको इकाई के वरिष्ठ महाप्रबंधक पी के सिंह तथा संजय भंडारी भी उपस्थित होकर मुख्य अतिथि सांसद प्रवीण पटेल का स्वागत किया।

**सिस्टम की खराबी से मुख्य मंत्री का लाइव प्रसारण सुनने में असुविधा।**

इस अवसर पर मुख्यमंत्री का लखनऊ से लाइव प्रसारण हो रहा था लेकिन यहां के सिस्टम की व्यवस्था से उनके विचारों को स्पष्ट रूप से ना सुनाई देने पर मजदूर और वहां उपस्थित लोगों ने असहजता व्यक्त की ।और इस बात पर उन्होंने आश्चर्य भी व्यक्त किया कि फ़ को जैसे फूल प्रूफ प्रूफ टेक्नोलॉजी रहते हुए भी मुख्यमंत्री की आवाज स्पष्ट नहीं सुनाई दे रहा है यह कहीं न कहीं व्यवस्था में लापरवाही समझ में आई ।जिसकी आलोचना भी की गई सबसे आश्चर्यजनक बात यह रही कि इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में यहां का जनसंपर्क अधिकारी जिनको ऐसे कार्यक्रमों में उपस्थित रहना बहुत जरूरी रहता है वह उपस्थित नहीं रहे जिसकी भी काफी यहां पर चर्चा हुई।

# पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों के 15 बूथों पर कल री-पोलिंग, लगे थे गड़बड़ी के आरोप

» चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों के 15 बूथों पर री-पोलिंग का आदेश दिया है. मतदान में गड़बड़ी के आरोपों के बाद विशेष चुनाव पर्यवेक्षक की सिफारिश पर यह फैसला लिया गया



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल की दो विधानसभा सीटों के 15 बूथों पर री-पोलिंग का आदेश दिया है. यह री-पोलिंग शनिवार को सुबह 7 बजे से से होगी. इन बूथों पर मतदान में गड़बड़ी का आरोप लगे थे. विशेष चुनाव पर्यवेक्षक की सिफारिश के बाद चुनाव आयोग ने यह आदेश दिया है. हालांकि, कमीशन ने अभी तक फलता में ईवीएम में टेप चिपकाने के आरोप को लेकर कोई फैसला नहीं लिया है. चुनाव आयोग के अनुसार डायमंड हार्बर में 4 बूथ.. 117, 179, 194, 243 पर और मगराहाट वेस्ट में बूथ नंबर 46, 126, 127, 128, 142, 214, 215, 216, 230, 231 और 232 पर शनिवार को री-पोलिंग होगी। चुनाव आयोग की ओर से जारी बयान में कहा गया है कि चुनाव आयोग ने दक्षिण 24 परगना में मगराहाट पश्चिम विधानसभा क्षेत्र के 11 पोलिंग स्टेशनों और डायमंड हार्बर विधानसभा क्षेत्र के 4 पोलिंग स्टेशनों पर दोबारा वोटिंग का आदेश दिया है।

**कल सुबह सात बजे से होगी री-पोलिंग**

कमीशन के 1 मई 2026 के आदेश के अनुसार, दोबारा वोटिंग 2 मई 2026 को सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगी. यह फैसला पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में 29 अप्रैल 2026 को हुई वोटिंग के बारे में संबंधित रिटर्निंग ऑफिसर और ऑब्जर्वर की रिपोर्ट के बाद लिया गया। कमीशन ने कहा कि पहचाने गए पोलिंग स्टेशनों पर वोटिंग को रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के सेक्शन 58(2) के तहत रद्द कर दिया गया है, और नए सिरे से वोटिंग का आदेश दिया गया है। प्रभावित पोलिंग स्टेशनों में मगराहाट पश्चिम और डायमंड हार्बर के कई बूथ शामिल हैं, और आयोग ने कहा है कि दोबारा वोटिंग उसके निर्देशों के अनुसार सख्ती से कराई जाए।

### किश्तवाड़ में सेना ने ध्वस्त किया आतंकियों का ठिकाना, भारी मात्रा में हथियार बरामद

जम्मू-कश्मीर किश्तवाड़ में भारतीय सुरक्षा बलों को बड़ी कामयाबी मिली है. सेना ने किश्तवाड़ के जंगल में आतंकवादियों का पुराना ठिकाना ध्वस्त कर दिया है. भारतीय सेना ने किश्तवाड़ के चतरू स्थित धरबी बाजमण्डू के जंगल में आतंकवादियों के एक हाईड-आउट को निशाना बनाया. इस ऑपरेशन को सेना (11RR) द्वारा चलाया गया था. इस दौरान एक कार्बाइन गन और मैगजीन के साथ एक पिस्तौल, 97 राउंड 9mm के जिंदा कारतूस और 18 राउंड 7.62mm के जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं. इसके अलावा सेना को 51mm का एक यूबीजी राउंड, 1 किलोग्राम विस्फोटक सामग्री, चार डेटोनेटर, एक केनवुड रेडियो सेट और संचार के लिए इस्तेमाल होने वाले दो मोटोरोला रेडियो सेट भी बरामद किए गए हैं. सेना की इस कामयाबी को क्षेत्र की शांति के लिए बेहद अहम माना जा रहा है, क्योंकि ऐसे ठिकाने भविष्य में घाटी में शांति भंग करने के लिए इस्तेमाल हो सकते थे इस साल जनवरी में सेना ने जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले के एक जंगली इलाके में आतंकवादियों के एक ठिकाने का भंडाफोड़ किया था, जहां से एक एलपीजी सिलेंडर, एक गैस स्टोव, सूखे मेवे, सब्जियां, बासमती चावल, मैगी के पैकेट, देसी घी और खाने-पीने की दूसरी चीजें बरामद हुई थी

# अगई भगाड़ में आम के पेड़ों की अवैध कटान मामले में हल्का वन दरोगा ने की लीपापोती

» हल्का वन दरोगा ने डीएफओ व रेंजर कप्तानगंज के आंखों में धूल झोंककर प्रेषित किया है गलत रिपोर्ट

» एक दर्जन से अधिक आम के हरे पेड़ों की कटान होने के बाद भी जुर्माना मात्र 10 हजार रुपए

» एक प्रतिबंधित पेड़ की कटान पर लगता है 10 हजार रुपए का जुर्माना- रेंजर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बस्ती।** बस्ती जिले के बैंड रेंज कप्तानगंज के विकास खण्ड बहादुरपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत अगई भगाड़ में बिना परमिट के दर्जनों आम के पेड़ों की कटान मामले में वन विभाग ने सिर्फ खानापूर्ति की है अर्थात् जांच व कार्यवाही के नाम पर पूरी तरह लीपापोती की है । डीएफओ बस्ती डॉ शिरीन ने खबरों का संज्ञान लेकर कार्रवाई का आदेश दिया था। रेंजर कप्तानगंज राजू प्रसाद ने हल्का वन दरोगा को जांच करके प्रति कटे आम के पेड़ों के हिसाब से कार्रवाई का आदेश दिया था।

सूत्रों के अनुसार ग्राम पंचायत अगई भगाड़ में बिना परमिट के एक दर्जन से ज्यादा आम के पेड़ों की कटान हुई थी जिसका वीडिओ सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ था लेकिन हल्का वन दरोगा ने तेज तर्रार डीएफओ डॉ शिरीन व वन क्षेत्राधिकारी कप्तानगंज राजू प्रसाद के आंख में धूल झोंककर गलत रिपोर्ट प्रेषित कर दिया है। एक दर्जन से अधिक आम पेड़ों की कटान होने पर सिर्फ 10 हजार का जुर्माना लगाना वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों पर बड़ा सवाल खड़ा कर रहा है।

शासनादेश के मुताबिक 01 प्रतिबंधित पेड़ की कटान पर 10 हजार जुर्माना लगता है। एक दर्जन पेड़ों पर जुर्माना 1.2 लाख से ज्यादा होना चाहिए था जबकि हल्का वन दरोगा ने जांच एवं कार्यवाही के नाम पर बड़ा खेल कर दिया है। बड़ा सवाल यह है कि एक दर्जन पेड़ कटने पर सिर्फ 10 हजार जुर्माना कैसे? क्या हल्का वन दरोगा और नगर पुलिस की मिलीभगत से मामले को दबाया गया? अगर जिम्मेदार अधिकारी दूसरी टीम से पुनः जांच कराएं तो हल्का वन दरोगा के भ्रष्टाचार की पोल खुल सकती है और गाज गिर सकती है। जांच एवं कार्रवाई के नाम पर हुई लीपापोती जिले में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस संम्बंध में डीएफओ ने कहा कि उक्त प्रकरण में मुकदमा दर्ज है जो केस संख्या-02/2006 है जिसमें जुर्माना की राशि 10000 हजार रुपए दर्शाया गया है। यदि हल्का वन दरोगा द्वारा गलत जांच किया गया है तो पुनः जांच कराकर विभागीय कार्यवाही की जायेगी।

# संक्षिप्त खबरें

## श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई बुद्ध पूर्णिमा

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के नई बाजार मोहल्ला में शुक्रवार को बुद्ध पूर्णिमा बड़े ही श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई गई। इस अवसर पर लोगों ने भगवान बुद्ध के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान डॉ. एसके निगम ने कहा कि भगवान बुद्ध का जीवन दर्शन आज भी मानवता को सही दिशा देने का कार्य करता है। वहीं तहसील कार्यालय के निकट नर्सरी के सामने रामसूरज कुशवाहा के नेतृत्व में बुद्ध पूर्णिमा का भव्य आयोजन हुआ। इसमें विचार गोष्ठी और शर्बत वितरण भी किया गया। गोष्ठी में कांग्रेस के जिला सचिव प्रभारी कामता प्रसाद गौड़ ने कहा कि इतिहास में अनेक महापुरुष हुए, लेकिन बुद्ध ऐसे व्यक्तित्व हैं जिनके नाम के साथ जयंती शब्द छोटा पड़ जाता है और वह तिथि पूर्णिमा के रूप में जानी जाती है। पूर्णिमा पूर्णता का प्रतीक है। आलमपुर के पूर्व प्रधान लालजी यादव ने कहा कि यह केवल पंचांग की गणना नहीं बल्कि मानव अस्तित्व से जुड़ा गहरा संदेश है। कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष रामसूरज कुशवाहा ने सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया। इस दौरान अंशू यादव, राजबहादुर मौर्य, राज नारायण यादव, ऋतिक कुशवाहा, दिलीप कुशवाहा, राजकुमार गौतम, ओम प्रकाश, रमेश कुशवाहा, रजनीश कुशवाहा, आलोक गौतम, गोविंद गौतम सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## महराजगंज कोतवाली में उत्कृष्ट कार्य के लिए होमगार्ड धर्मदास को किया गया सम्मानित

**महराजगंज/रायबरेली।** प्रति माह की भांति इस बार भी 1 मई 2026 को होमगार्ड विभाग द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले जवानों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में होमगार्ड धर्मदास को उनकी उत्कृष्ट ड्यूटी, सराहनीय व्यवहार एवं बेहतरीन टर्नआउट के लिए सम्मानित किया गया। यह सम्मान समारोह एसएसआई देवेंद्र सिंह भदौरिया के नेतृत्व में आयोजित किया गया। उन्होंने धर्मदास को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस दौरान उन्होंने धर्मदास के कार्यों की सराहना करते हुए अन्य कर्मचारियों को भी उनसे प्रेरणा लेने की बात कही। कार्यक्रम में पुलिस एवं होमगार्ड विभाग के कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इनमें प्रमुख रूप से बी.ओ. राजेश राय, बुद्धसेन शर्मा, पीसी इंद्रमणि सिंह द्य, रामकुमार सिंह, अनुज सिंह, राम प्रताप यादव, रामदास यादव, लाल मोहम्मद,शिव शंकर मिश्रा, सतीश प्रताप सिंह, तेज कुमार सहित अन्य होमगार्ड कर्मी मौजूद रहे। कार्यक्रम का माहौल उत्साहपूर्ण रहा और सभी ने सम्मानित कर्मी को बधाई दी।

## यूपी में गेहूं खरीद की 'सुपरफास्ट' रफ्तार, 6.10 लाख मीट्रिक टन की खरीद; किसानों के खातों में पहुंचे 1318 करोड़ रुपए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में रबी विपणन सत्र के दौरान गेहूं खरीद अभियान ने तेज रफ्तार पकड़ ली है। योगी सरकार की सक्रिय रणनीति और जमीनी स्तर पर मजबूत व्यवस्थाओं के चलते 28 अप्रैल तक 6.10 लाख मीट्रिक टन गेहूं की खरीद दर्ज की जा चुकी है, जो अभियान की प्रभावशीलता को दर्शाती है। सरकार ने इस अभियान में पारदर्शिता और किसानों की सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी है। अब तक 1,15,854 किसानों को 1318 करोड़ रुपये का भुगतान डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर (डीबीटी) के जरिए सीधे उनके बैंक खातों में भेजा जा चुका है। इससे किसानों को समय पर पैसा मिल रहा है। प्रदेश भर के खरीद केंद्रों पर व्यवस्थाओं को सुदृढ़ किया गया है। तौल, भंडारण और भुगतान की प्रक्रिया को सरल व पारदर्शी बनाया गया है, ताकि किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश हैं कि हर केंद्र पर पर्याप्त संसाधन उपलब्ध रहें और किसी भी किसान को लौटना न पड़े।

**पूर्वांचल बना खरीद अभियान का इंजन-** गेहूं खरीद में पूर्वांचल के जिलों ने शानदार प्रदर्शन किया है। देवरिया ने 55.82% खरीद के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल कर प्रशासनिक सक्रियता और किसानों की भागीदारी का मजबूत उदाहरण पेश किया है। इसके अलावा बस्ती, प्रतापगढ़, बलरामपुर और संतकबीरनगर जैसे जिले भी तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। बेहतर प्रबंधन और पारदर्शी व्यवस्था ने किसानों का भरोसा मजबूत किया है।

**डिजिटल व्यवस्था से आसान हुई प्रक्रिया-** पंजीकरण से लेकर भुगतान तक पूरी प्रक्रिया को डिजिटल बनाया गया है। किसान आसानी से पंजीकरण कर रहे हैं और उन्हें सीधे खातों में भुगतान मिल रहा है। साथ ही निगरानी व्यवस्था को मजबूत कर यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि अधिक से अधिक किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) का लाभ मिल सके।

# खबर का बड़ा असर: बिराहिमपुर में शुरू हुई सरकारी नलों की मरम्मत

- ....शिकायत के बाद जागा प्रशासन
- बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर, मरम्मत के नाम पर धन निकासी
- ग्रामीणों में आक्रोश 'शीर्षक से प्रकाशित हुई थी ख़बर


स्वतंत्र प्रभात
26 Apr 2026 - Page 3
बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में भ्रष्टाचार का बड़ा खेल उजागर, मरम्मत के नाम पर धन निकासी
● ग्रामीणों में आक्रोश
स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**मलिहाबाद (लखनऊ):** मलिहाबाद क्षेत्र के बिराहिमपुर ग्राम पंचायत में सरकारी नलों की खराब स्थिति को लेकर उठी आवाज अब असर दिखाने लगी है। ग्रामीणों द्वारा लगाए गए आरोपों और खबर प्रकाशित होने के बाद प्रशासन हरकत में आ गया है, जिसके चलते गांव में बंद पड़े सरकारी नलों की मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया गया है।

दरअसल, कुछ दिनों पहले बिराहिमपुर के ग्रामीणों ने प्रधान और सचिव पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा था कि सरकारी नलों की मरम्मत के नाम पर धन उगाही की जा रही है, जबकि जमीनी हकीकत यह थी कि अधिकांश नल खराब पड़े थे और लोगों को पीने के पानी के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। इस मामले को लेकर ग्रामीणों में काफी नाराजगी थी और उन्होंने जांच की मांग भी उठाई थी। ग्रामीणों की शिकायत और मीडिया में खबर सामने आने के बाद संबंधित अधिकारी सक्रिय हुए। अब गांव में एक-एक कर खराब पड़े सरकारी नलों की मरम्मत कराई जा रही है, जिससे ग्रामीणों को राहत मिलने लगी है। मरम्मत कार्य शुरू होते ही लोगों में उम्मीद जगी है कि जल्द ही सभी नल सुचारू रूप से चालू हो जाएंगे।

वहीं, ग्रामीणों का कहना है कि अगर समय रहते प्रशासन ध्यान देता तो उन्हें इस तरह आवाज उठाने की जरूरत नहीं पड़ती। उन्होंने यह भी मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की लापरवाही और कथित भ्रष्टाचार की पुनरावृत्ति न हो। फिलहाल, प्रशासन की इस कार्रवाई को ग्रामीणों ने सकारात्मक कदम बताया है, लेकिन साथ ही चेतावनी भी दी है कि यदि कार्य में फिर से लापरवाही हुई तो वे दोबारा आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

## 1400 किमी की धार्मिक पदयात्रा पूरी कर लौटे व्यापारी का हुआ स्वागत

**लालगंज (रायबरेली)।** कस्बे के घोसियाना मोहल्ला निवासी व्यापारी और खाटू श्याम भक्त सुजल जायसवाल के 1400 किलोमीटर की धार्मिक पदयात्रा पूरी कर लौटने पर उनका भव्य स्वागत हुआ। व्यापार मंडल और विभिन्न संगठनों ने उन्हें सम्मानित कर उत्साह बढ़ाया। सुजल जायसवाल 13 मार्च कों धार्मिक पदयात्रा पर निकले थे। उन्होंने नगर से यात्रा शुरू की और पैदल चलते हुए राजस्थान के सालासर और खाटू श्याम मंदिर पहुंचे। वहां विधिवत दर्शन और पूजा अर्चना की। इसके बाद उन्होंने उज्जैन पहुंचकर महाकालेश्वर मंदिर में दर्शन किए। आगे इंदौर स्थित ओंकारेश्वर मंदिर सहित अन्य प्रमुख तीर्थ स्थलों का भ्रमण किया। लंबी और कठिन यात्रा के बाद वह सकुशल वापस अपने नगर लौट आए। वापसी पर व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने फूल माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। इस दौरान सुजल जायसवाल ने कहा कि यह यात्रा भगवान खाटू श्याम की कृपा से सफल हो सकी।इस मौके पर गोपाल जी गुप्ता, महेश सोनी, पुष्कर गुप्ता, कृष्ण गुप्ता, राजन गुप्ता, सिमरन जायसवाल, राजकुमार गुप्ता, जायसवाल, पंकज जायसवाल सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे।

## रेल कोच फैक्ट्री कॉलोनी में दो मौतें: महिला और सेक्शन इंजीनियर ने लगाई फांसी

- कुछ ही घंटों के अंतराल में हुई इन घटनाओं से कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लालगंज (रायबरेली)।** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना (आरेडिका) के आवासीय परिसर में शुक्रवार को दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला और एक सेक्शन इंजीनियर ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। कुछ ही घंटों के अंतराल में हुई इन घटनाओं से कॉलोनी और आसपास के क्षेत्र में सनसनी फैल गई। एक ही दिन में दो मौतों से कर्मचारियों में शोक और दहशत का माहौल है। पहली घटना टाइप-2 आवास संख्या 2236 ए की है। यहां रहने वाले रेल कर्मचारी पारस की पत्नी मीरा देवी (37) ने बालकनी में गमछे के सहारे फांसी लगा ली। परिवार मूल रूप से बिहार के कैमूर जिले का रहने वाला है। पति के अनुसार मीरा लंबे समय से बीमार थीं और बीमारी से परेशान होकर उन्होंने यह कदम उठा लिया। दूसरी घटना वर्कर्स क्लब के पीछे जंगल क्षेत्र में सामने आई। यहां गूलर के पेड़ से रेल कोच फैक्ट्री के शैल शॉप में तैनात सेक्शन इंजीनियर सुदामा मीणा (40) का शव लटका मिला। वह मूल रूप से राजस्थान के निवासी थे। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने दोनों शवों को नीचे उतरवाकर आवश्यक लिखापढ़ी के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। क्षेत्राधिकारी अमित सिंह ने बताया कि दोनों मामलों में सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। परिजनों को सूचना दे दी गई है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मजदूर दिवस पर एल एंड टी कंस्ट्रक्शन ने श्रमिकों का किया सम्मान

- निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, सुरक्षा प्रशिक्षण और उत्कृष्ट श्रमिकों को पुरस्कृत किया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**सीतापुर।** जल जीवन मिशन सीतापुर की कार्यदायी संस्था एल एंड टी कंस्ट्रक्शन द्वारा मजदूर दिवस के अवसर पर धरनाग स्थित यार्ड में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों ने भाग लिया। आयोजन के दौरान श्रमिकों का निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और बेहतर कार्य करने वाले श्रमिकों को सम्मानित कर पुरस्कृत किया गया। विशेषज्ञों की टीम ने श्रमिकों को भविष्य निधि, कर्मचारी बीमा तथा विभिन्न श्रमिक कल्याण योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी प्रदान की। इसके साथ ही श्रमिकों को कार्य के दौरान पालन किए जाने वाले सुरक्षा मानकों और आवश्यक दिशा-निर्देशों के बारे में बताया गया, ताकि कार्यस्थल पर होने वाली दुर्घटनाओं को कम किया जा सके। कार्यक्रम में कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर बालेंद्र कुमार सिंह, सुमित शर्मा, अकाउंट मैनेजर विभाष कुमार, प्रभाकर कुमार, सेफ्टी इंचार्ज आशुतोष कुमार, युवराज, नीरज मिश्रा, अजय शुक्ला, स्टोर इंचार्ज जितेंद्र तिवारी, ठेकेदार सुधीर सिंह सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

## लखनऊ एयरपोर्ट पर दुबई जा रहे युवक के बैग में मिला तमंचा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

**लखनऊ।** चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर लगेज बुकिंग काउंटर पर दुबई जा रहे युवक के बैग से तमंचा बरामद हुआ। सीआईएसएफ ने युवक को सरोजनीनगर पुलिस के हवाले कर दिया। गोंडा के मनकापुर थाना क्षेत्र के चांदपुर लखपत राय का रहने वाला 22 वर्षीय महेश कुमार चौहान शुक्रवार सुबह करीब 5:45 बजे एअर इंडिया एक्सप्रेस की उड़ान आईएक्स 193 से दुबई जा रहा था। एयरलाइन के बुकिंग काउंटर पर लगेज की सुरक्षा जांच के दौरान उसके बैग से 12 बोर का तमंचा बरामद हुआ। सुरक्षाकर्मियों ने उसे सरोजनी नगर पुलिस को सौंप दिया। पूछताछ में उसने पुलिस को बताया कि वह नौकरी के सिलसिले में दुबई जा रहा था। उसे गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस असलहा तस्करी की दिशा में भी जांच कर रही है।

# वरिष्ठ पदाधिकारियों का स्वागत एवं सम्मान समारोह का किया आयोजन

- रजक समाज की संस्था संत गाडगे जन कल्याण सेवा समिति द्वारा सम्मान समारोह का किया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव में नवनिर्वाचित महामंत्री जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जीतू एवं संयुक्त मंत्री गोविंद कनौजिया को बड़े ही उल्लास के साथ सम्मानित किया गया रजक समाज के सैकड़ों वरिष्ठ बुद्धिजीवियों द्वारा नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को सम्मानित करते हुए कहा गया कि अधिवक्ता समाज भी उसी तरह कार्य करता है, जिस प्रकार कनौजिया समाज बिना भेदभाव के समाज की सेवा करता है। अधिवक्ता समाज भी अपने कार्यो के माध्यम से सभी को न्याय दिलाने का कार्य करता है। रजक समाज गोविंद कनौजिया एवं जीतू यादव के निर्वाचित होने पर गौरवान्वित महसूस करता है इस मौके पर रजक समाज की प्रथम महिला अधिवक्ता, उच्च न्यायालय की अधिवक्ता शिवानी कनौजिया को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित वरिष्ठ अधिवक्ता अन्नू यादव, सत्य प्रकाश, एस.के. कनौजिया, सोनू कनौजिया (डायरेक्टर, सिटी कनौजिया रियल एस्टेट), टेंट एवं टाइट्स संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कनौजिया, महिला संगठन की अध्यक्ष सुनीता कनौजिया, जिला रजक कम्पू समिति के वरिष्ठ पदाधिकारी, बी.के. कनौजिया, एडवोकेट रामचंद्र दिनकर, अधिवक्ता मुकेश कनौजिया, एडवोकेट गौरव कनौजिया, एडवोकेट अभिषेक कनौजिया, एडवोकेट रामनरेश, एडवोकेट परशुराम, एडवोकेट सौरभ, एडवोकेट संजय कनौजिया, संजय टेंट हाउस, अजय कनौजिया, राकेश कनौजिया, मनोज चौधरी, जितेंद्र कनौजिया उर्फ जीतू, अनिल कनौजिया (प्रदेश अध्यक्ष), अशोक पत्रकार, श्याम रजक, रजनीश यादव, दिनेश कनौजिया, सुनील कनौजिया, एडवोकेट विनोद चौधरी, रामकुमार, दीपक कनौजिया उर्फ बुलेट, अनूप कनौजिया (आरडीएसओ), आनंद कनौजिया आदि लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम संयोजक हरीश धोबी एवं जिला रजक कंपू समिति के पूर्व मीडिया प्रभारी ने लखनऊ बार संगठन के वार्षिक चुनाव में नव निर्वाचित महामंत्री जितेंद्र कुमार यादव उर्फ जीतू एवं संयुक्त मंत्री गोविंद कनौजिया को बड़े ही उल्लास के साथ सम्मानित किया और बुद्ध पूर्णिमा की हार्दिक शुभकामनाएं दी।

# बुद्ध के उपदेश समाज और आत्मा के लिए मार्गदर्शन - मुकेश रस्तोगी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रायबरेली-** बुद्ध पूर्णिमा के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल के प्रदेश संगठन मंत्री मुकेश रस्तोगी ने शहरवासियों को शुभकामनायें देते हुए कहा कि यह पर्व केवल भगवान बुद्ध के जन्म, बोधि प्राप्ति और महापरिनिर्वाण की स्मृति नहीं है, बल्कि यह हमें उनके जीवन, आदर्शों और शिक्षाओं को अपनाने का अवसर भी प्रदान करता है। श्री रस्तोगी ने कहा कि भगवान सिद्धार्थ गौतम, जिन्हें हम भगवान बुद्ध के नाम से जानते हैं, का जीवन प्रेरणा और ज्ञान का स्त्रोत है। उनका जन्म लुम्बिनी में एक राजकुमार के रूप में हुआ था, लेकिन उन्होंने सांसारिक सुख सुविधाओं के मोह को त्याग कर मानवता के लिए ज्ञान और शांति का मार्ग चुना। उन्होंने बताया कि भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में कई कठिनाईयों और संघर्षो का सामना किया, लेकिन उन्होंने हर परिस्थिति में संयम, धैर्य और विवेक का मार्ग अपनाया। भगवान बुद्ध ने अपने जीवन में चार आर्य सत्य और मध्यम मार्ग की शिक्षा दी, जो आज भी जीवन के मार्गदर्शन के रूप में प्रासंगिक हैं। चार आर्य सत्य हमें यह बताते हैं कि जीवन में दुख का अस्तित्व है, दुःख का कारण इच्छाओं और लालच में है, दुःख से मुक्ति संभव है और इसके लिए हमें सही मार्ग अपनाना होगा। मध्यम मार्ग जीवन में संतुलन बनाए रखने, अतिवाद और अति-संयम के बीच सामंजस्य स्थापित करने की शिक्षा देता है। श्री रस्तोगी ने कहा कि भगवान बुद्ध का संदेश केवल धार्मिक या आध्यात्मिक दृष्टि तक सीमित नहीं है। उनका उपदेश समाज में शांति, सहयोग और करुणा फैलाने का मार्ग भी है। उन्होंने हमें यह सिखाया कि जीवन में किसी के प्रति हिंसा नहीं करनी चाहिए, दूसरों के दुःख और पीड़ा को समझना चाहिए, और हमेशा सहानुभूति और प्रेम के भाव से काम करना चाहिए। इस दृष्टिकोण से ही समाज में स्थिरता, समानता और विकास संभव है। बुद्ध पूर्णिमा का पर्व हमें यह अवसर देता है कि हम अपने जीवन में भगवान बुद्ध के शिक्षाओं को उतारें। हमें अपने कार्यों में नैतिकता और जिम्मेदारी को अपनाना चाहिए, अपने विचारों में सकारात्मकता और करुणा को शामिल करना चाहिए, और समाज में सहयोग और शांति का वातावरण बनाने के लिए निरंतर प्रयास करना चाहिए। बुद्ध पूर्णिमा केवल एक धार्मिक पर्व नहीं है, बल्कि यह हमें जीवन के वास्तविक उद्देश्य को समझने का अवसर देता है। हमें अपने जीवन में अहिंसा, करुणा और ज्ञान के मार्ग को अपनाकर समाज और राष्ट्र के विकास में योगदान देना चाहिए। भगवान बुद्ध ने हमें यह सिखाया कि जब हम अपने कर्मों में सजग रहते हैं और दूसरों के प्रति सहानुभूति रखते हैं, तभी जीवन में सच्चा सुख और संतोष प्राप्त होता है। श्री रस्तोगी ने कहा कि इस अवसर पर यह संकल्प लेना चाहिए कि वे अपने जीवन में अहंकार, ईर्ष्या और क्रोध को त्याग कर, ज्ञान, प्रेम और करुणा को अपनाएँ। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि व्यापारी, उद्योगपति और आम नागरिक सभी को अपने व्यवहार में संतुलन, ईमानदारी और सामाजिक उत्तरदायित्व को अपनाने की आवश्यकता है। यही वह मार्ग है, जो समाज में समरसता, सौहार्द और स्थायी विकास सुनिश्चित कर सकता है। श्री रस्तोगी ने सम्मानित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे अपने परिवार, समाज और कार्यक्षेत्र में भगवान बुद्ध के संदेशों को लागू करें। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध की शिक्षाएँ केवल व्यक्तिगत जीवन के लिए नहीं, बल्कि समग्र मानवता और समाज के लिए भी मार्गदर्शक हैं। उनका जीवन यह प्रमाण है कि सच्चा ज्ञान और करुणा केवल तभी फलती है, जब उसे कर्म में उतारा जाए।

उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल की ओर से समस्त प्रदेशवासियों को इस बुद्ध पूर्णिमा पर यह संदेश देते हुए कहा गया कि आइए हम सब मिलकर अपने जीवन को ज्ञान, करुणा और शांति से भरें। भगवान बुद्ध के आदर्शों का अनुसरण कर हम अपने समाज को अधिक मानवतावादी, सहयोगपूर्ण और प्रगतिशील बना सकते हैं।

## श्रमिक ही हमारे देश में रीड की हड्डी है,सामाजिक कार्यकर्ता मो0 हसीन अंसारी




लहरपुर सीतापुर श्रमिक दिवस के मौके पर एक कार्यक्रम का आयोजन आईकॉन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर गणेशपुर लहरपुर सीतापुर में आयोजित किया गया। जिसमें सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अंसारी ने श्रमिकों को सम्मानित करते हुए अपने संबोधन में बताया श्रमिक ही हमारे देश में रीड की हड्डी है जिससे हमारा देश निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर हो रहा है। कार्यक्रम में आइकॉन हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर की तरफ से एक सैकड़ा श्रमिकों को शाल और मोमेंट तो देकर सम्मानित किया गया और सभी श्रमिकों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ मोहम्मद इलियास डॉक्टर फोजिया समेत नर्सिंग स्टाफ और अस्पताल के कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनहित की जीत — आमरण अनशन समाप्त

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सीतापुर (सिधौली)-** जनपद सीतापुर की तहसील सिधौली के विकासखंड कसमंडा अंतर्गत ग्राम पंचायत बसंतपुर (मजरा मानपारा) एवं ग्राम पंचायत सुरैचा (मजरा देवीपुर) में विद्युतीकरण की मांग को लेकर 30 अप्रैल 2026 को शुरू हुआ अनिश्चितकालीन आमरण अनशन दूसरे दिन प्रशासन के ठोस एवं लिखित आश्वासन के बाद समाप्त हो गया। ग्रामीणों के अनुसार, आजादी के लगभग आठ दशक बाद भी इन गांवों में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा उपलब्ध नहीं हो सकी थी। समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह 'बंदन' के नेतृत्व में लंबे समय से संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र देकर समस्या के समाधान की मांग की जा रही थी। ग्रामीणों ने 'बिजली नहीं तो वोट नहीं' जैसे बैनरों के माध्यम से भी विरोध दर्ज कराया, लेकिन अपेक्षित कार्रवाई नहीं हुई। बताया जाता है कि पूर्व में समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह 'बंधन' द्वारा दोनों गांवों में विद्युतीकरण की मांग उठाई गई थी, जिसके तहत देवीपुर गांव में कार्य का शुभारंभ हो गया था, जबकि मानपारा गांव इस सुविधा से वंचित रह गया। इसी असमानता को लेकर ग्रामीणों में रोष व्याप्त हो गया और विरोध प्रदर्शन तेज हो गया। अंततः 30 अप्रैल को समाजसेवी पुष्पेंद्र प्रताप सिंह 'बंदन' आमरण अनशन पर बैठ गए। भीषण आंधी, तेज बारिश और तूफान के बावजूद वे पूरी रात धरना स्थल पर डटे रहे। उनके साथ बड़ी संख्या में ग्रामीण महिलाएं, बच्चे एवं अन्य नागरिक भी मौजूद रहे, जिससे प्रशासन पर प्रभावी दबाव बना। दूसरे दिन प्रशासन ने मामले की गंभीरता को देखते हुए वार्ता की पहल की। तहसीलदार मुकेश कुमार शर्मा के प्रयासों एवं सार्थक संवाद के फलस्वरूप प्रशासन द्वारा शीघ्र विद्युतीकरण कराने का लिखित आश्वासन दिया गया। साथ ही, कार्य का शुभारंभ कर संबंधित सामग्री मौके पर पहुंचनी भी प्रारंभ हो गई। इस अवसर पर नायब तहसीलदार सत्यपाल सिंह, थाना अध्यक्ष कमलापुर, विद्युत उपखंड कमलापुर के अवर अभियंता (जेई) सुनील कनौजिया, लेखपाल जितेंद्र सिंह सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित रहे। वहीं उप जिलाधिकारी सिधौली बालकृष्ण सिंह, विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ललित कृष्ण एवं एसडीओ से दूरभाष के माध्यम से भी वार्ता संपन्न हुई।

# लालवा गांव में किसान महासभा का आयोजन



- उन्नत धान प्रजातियों की दी जानकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बिसवां सीतापुर-** लालवा गांव में सवाना कंपनी की ओर से किसान महा सभा का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के 450 से अधिक किसानों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को उन्नत धान प्रजातियों 7301 एवं 7501 के बारे में जागरूक करना रहा। सभा में बताया गया कि ये दोनों प्रजातियां कम पानी, कम खाद एवं कम लागत में अधिक उत्पादन देने वाली किस्में हैं, जिससे किसानों को बेहतर लाभ प्राप्त हो सकता है। कार्यक्रम में किसानों को जानकारी देते हुए बताया गया कि धान की 7301 प्रजाति से किसानों को लगभग 32 से 35 क्विंटल प्रति एकड़ तक उत्पादन प्राप्त हुआ है, जबकि 7501 प्रजाति से 35 से 38 क्विंटल प्रति एकड़ तक उपज दर्ज की गई है। किसानों ने इन प्रजातियों को लाभदायक बताते हुए सकारात्मक अनुभव साझा किए। सभा को संबोधित करते हुए कंपनी के रीजनल मैनेजर दिग्विजय सिंह एवं टेरिटरी सेल्स मैनेजर मुनेंद्र मौर्य ने किसानों से आधुनिक खेती तकनीकों को अपनाने का आह्वान किया। इस दौरान सूर्य शुक्ला एवं अजीत शुक्ला सहित अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

## इस बार स्मार्ट मीटर, अगली बार EVM, बिजली बिल से नाराज लोगों का Video शेयर कर अखिलेश का तंज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर प्रीपेड स्मार्ट मीटर को लेकर गंभीर भ्रष्टाचार का आरोप लगाया है। उन्होंने इसे टेक्नोलॉजी का दुरुपयोग करार देते हुए कहा कि भाजपा सरकार बिजली विभाग में भ्रष्टाचार का एक बड़ा रैकेट चला रही है, जिसमें स्मार्ट मीटर के नाम पर जनता को लूटा जा रहा है। अखिलेश यादव ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि जनता अब इस ठगी को अच्छी तरह समझ चुकी है। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रीपेड मीटर की आड़ में बिजली कंपनियों और सरकार के बीच मिलीभगत से मीटर तेज चलाए जा रहे हैं, जिससे आम लोगों के बिल आसमान छू रहे हैं। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इस बार जनता स्मार्ट मीटर तोड़ रही है, तो अगली बार EVM की बारी आ सकती है। संक्षेप में, अखिलेश यादव ने बिजली मीटर मुद्दे पर योगी सरकार को घेरते हुए इसे जनता के खिलाफ साजिश बताया, साथ ही बौद्ध स्थलों के विकास का आश्वासन भी दिया।

# शासन की पाबंदी : फिर भी उल्ल नदी में ठेके पर शिकार कराए जाने के आरोप

- आखिर किसने दिया नियम विपरीत कुकुरा निवासी ठेकेदार अल्लामा को शिकार कराने का ठेका-बड़ा सबाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** मामला दक्षिणी खीरी वन प्रभाग की भीरा रेंज का है जहां पर नियम कानून को ताक पर रखकर तत्कालीन रेंजर और वन दरोगा तथा फॉरेस्ट गार्ड लतीफ खान की मिली भगत से मछली की शिकार का ठेका दिए जाने का मामला जन चर्चा का विषय बना है। सूत्र बताते हैं कि यह ठेका 1,20,000 रुपए में कुकुरा निवासी एक मुस्लिम समुदाय के व्यक्ति अल्लामा को दिया गया है।

जिसके चलते उक्त ठेकेदार विभागीय कर्मियों के संरक्षण में बेखौफ होकर नदी में शिकार करते देखा जा सकता हैशायद इसके लिए सरकार की पाबंदी कोई मायने नहीं रखती हैऔर ना ही भीरा रेंज के वन कर्मियों पर शासन के आदेश प्रभावी होते दिखाई पड़ रहे हैं*शायद यही कारण है कि शासन की पाबंदी के बावजूद भी भीरा रेंज के अंतर्गत उल्ल नदी में शिकार खिलवाई जा रही है जो एक गंभीर मामला है।।यहां पर अहम सवाल यह पैदा होता है कि आखिर किस सक्षम अधिकारी के आदेश से पाबंदी के बावजूद दिया गया मछली की शिकार का ठेका ?और किस सक्षम अधिकारी के आदेश से उल नदी में शिकार खिलवाई जा रही है? क्या यह वन्य जीव संरक्षण अधिनियम का उल्लंघन नहीं है? यदि प्रभागीय वनाअधिकारी दक्षिणी खीरी कराए मामले की गोपनीय निष्पक्ष जांच तो भ्रष्टाचार का एक बड़ा मामला खुलकर आएगा सामने और आरोपियों पर भी गिरेगी कार्रवाई की गाज। अब देखना यह है कि दक्षिणी खीरी प्रभागीय वनाअधिकारी द्वारा उपरोक्त मामले पर क्या कार्रवाई की जाती है?सूत्र बताते हैं कि डी. एफ. ओ.दक्षिणी के दौरे की भनक लगने के चलते एक, दो दिनों के लिए शिकार रुकवा दी गई। जिससे शिकारियों और वन कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। यह तो भीरा रेंज में हो रहे भ्रष्टाचार की मात्र एक बानगी भर है इस रेंज में विभिन्न कार्यों के लाखों का बजट आता हैं और निकाल कर बंदर बाट कर लिया गया और कागज़ों पर विकास कार्य दिखाकर लाखों/करोड़ों की धन राशि का बंटवारा कर लिया गया यदि डी. एफ. ओ. दक्षिणी खीरी कराएँ जांच टीम गठित कर निष्पक्ष जांच तो अकेले भीरा रेंज में गत 3 वर्षों में करोड़ों का घोटाला खुलकर आएगा सामने।सूत्रों की माने तो यह सारा खेल तीन सालों से भीरा रेंज में जमे रेंजर सतीश वर्मा और उनके चहेते और कमाऊ फॉरेस्ट गार्ड लतीफ खां की जुगलबंदी में खेला जाता रहा हैं।मामला चाहे गिद्धों की मौत का हो या फिर जंगल के अंदर उल्ल नदी में शिकार कराएँ जाने का मामला हो सभी के मास्टर माइंड यही खां साहिब ही बताये जाते हैं।गिद्धों की मौत के मामले की बात करें तो यदि लतीफ चाहते तो काफी गिद्धों को मरने से बचाया जा सकता था लकिन ऐसा नहीं हुआ जनाब ने मौके पर जाना तक उचित नहीं समझा।एक सूत्र द्वारा नाम का खुलासा नहीं करने पर बताया कि फॉरेस्ट गार्ड को सब कुछ मालूम है कि बकरी किसकी थी उस पर जहर क्यों और किसने डाला लकिन मिली सुविधा शुल्क और अपने चहेते को बचाने का खेल चल रहा हैं शायद इसीलिए मामले की लीपापोती की जा रही है और मामले को जान बूझकर दबाने का प्रयास चल रहा है।

**वर्जन-** इस इस संबंध में जब प्रभागीय वनाधिकारी दक्षिणी खीरी से उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होंने बताया मामला मेरे संज्ञान में आया है मामले की जांच करवाते हैं जांच में दोषी पाई जाने वाले लोगों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। वन दरोगा रामचंद्र से जानकारी लेने पर साहब तो दुध ही पी गए मठ्ठा होने ही नहीं दिया कि मुझे जानकारी नहीं है मैं तो अभी आया हूं। वहीं वर्तमान रेंजर साहब ने बताया कि आप लतीफ खां से पूछ लो ,इन्हें सब मालुम है

# जलवायु परिवर्तन का गहराता संकट

## युद्ध, समुद्री तापमान और 'वेस्टर्न वेव्स' का भारत पर प्रभाव

**लखनऊ।** अप्रैल..., 2026 अप्रैल का महीना, जो कभी वसंत की सुखद अनुभूति का प्रतीक माना जाता था, आज 40-43एष्ट की झुलसा देने वाली गर्मी का संकेतक बन गया है। उत्तर भारत, विशेषकर लखनऊ, दिल्ली, राजस्थान और मध्य गंगा के मैदानों में यह तापमान अब असामान्य नहीं रहा, बल्कि एक नई सामान्य स्थिति (New Normal) के रूप में उभर रहा है। यह परिवर्तन केवल मौसमी नहीं है, बल्कि इसके पीछे वैश्विक स्तर पर चल रही जटिल प्रक्रियाएँ–जैसे जलवायु परिवर्तन, समुद्री तापमान में वृद्धि, और अंतरराष्ट्रीय युद्ध–मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। भारतीय मौसम विभाग (IMD) के आंकड़ों के अनुसार पिछले एक दशक में अप्रैल माह के अधिकतम तापमान में स्पष्ट वृद्धि देखी गई है - यह आकड़ा वर्ष के सापेक्ष अधिकतम तापमान (°C) का 2015-40.7, 2016-43.1, 2017-41.8, 2018-40.7, 2019-44.6, 2020-38.8, 2021-41.9, 2022943.0, 2023-39.0, 2024-41.0, 2025-42.0, और 2026-43.0 से ऊपर (27 अप्रैल तक)।

[Chitra-Gragh] इन आंकड़ों से यह स्पष्ट होता है कि तापमान में गिरावट केवल अस्थायी रही है (जैसे 2020 में), जबकि दीर्घकालिक प्रवृत्ति लगातार वृद्धि की [Chitra-Gragh] महामारी और तापमानः एक अस्थायी राहत 2020 में COVID-19 लॉकडाउन के दौरान तापमान 38.8°C तक गिर गया था। इसका मुख्य कारण था–वाहनों की आवाजाही में कमी, औद्योगिक गतिविधियों का ठहराव और वायु प्रदूषण में गिरावट हालाँकि, यह गिरावट स्थायी नहीं रही। जैसे ही गतिविधियाँ पुनः शुरू हुई, तापमान फिर से तेजी से बढ़ने लगा। युद्ध और जलवायु परिवर्तन का संबंध वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन और युद्ध के बीच एक खतरनाक संबंध उभरकर सामने आया है, जिनका मुख्य प्रभावः सैन्य उपकरणों में भारी ईंधन खपत, बमबारी और आग से कार्बन उत्सर्जन और ऊर्जा बुनियादी ढांचे का विनाश ही कहा जा सकता है। 2022 में रूस-यूक्रेन युद्ध और 2026 में मध्य-पूर्व के संघर्षों के दौरान तापमान का 43एष्ट के आसपास पहुँचना इस संबंध को मजबूत करता है। युद्ध केवल मानव जीवन ही नहीं, बल्कि पृथ्वी के पर्यावरणीय संतुलन को भी गंभीर रूप से प्रभावित करते हैं। 'वेस्टर्न वेव्स' (पश्चिमी विक्षोभ) का बदलता स्वरूप भारत में आने वाले पश्चिमी विक्षोभ अब अनियमित और अधिक तीव्र होते जा रहे हैं। जिससे प्रमुख परिवर्तन जो महसूस किये गए, वह है -अचानक वर्षा और ओलावृष्टि, उसके तुरंत बाद भीषण हीटवेव और तापमान में तीव्र उतार-चढ़ाव (25°C से 43°C तक) होता रहा। इससे दुष्प्रभाव न ही रबी फसलों (विशेषकर गेहूं) पर संकट छाया बल्कि किसानों की आय पर असर हुआ और तरह-तरह की स्वास्थ्य सम्बन्धी समस्याओं में



अप्रत्यासित वृद्धि हुई। शहरी भारत और 'हीट आइलैंड' प्रभाव लखनऊ, दिल्ली और पटियाला जैसे शहरों में कंक्रीट संरचनाओं और हरियाली की कमी के कारण 'अर्बन हीट आइलैंड' प्रभाव तेजी से बढ़ रहा है। जिसके परिणाम स्वरुप शहरों में ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में अधिक गर्म, रात का भी तापमान 30°C से ऊपर रहता है जिससे शरीर को भी आराम नहीं मिल पा रहा है और आम जनता बेहाल है।

भविष्य का संकट (2026-2030) यदि वर्तमान प्रवृत्ति जारी रही, तो आने वाले वर्षों में भारत को गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ सकता है, क्योंकि पिछले 15 दिनों से अधिक लंबी हीटवेव, सभी शहरों/देहातों में भी भरी जल संकट और भूजल स्तर में गिरावट पायी जा रही है। इसके साथ ही ऊर्जा मांग में भी तीव्र वृद्धि हो रही है। उक्त कारणों से GDP में 4-6% तक संभावित कमी से भी नकारा नहीं जा सकता है। यह भी अनुमान लगाया जा सकता है कि 2030 के बाद स्थिति और गंभीर हो सकती है, जब तापमान 48-50°C तक पहुँचने की संभावना बनी हुई है। समाधानः क्या किया जा सकता है? इस संकट से निपटने के लिए बहुआयामी प्रयास आवश्यक हैं:

1. पर्यावरणीय उपाय-अब हमें वृक्षारोपण और वन संरक्षण में अभियान स्वरुप सरकार के साथ कन्धा से कंधा मिलाकर काम करना होगा तथा जैव विविधता का संरक्षण के लिए प्रभावी कार्य की आवश्यकता है।

2. ऊर्जा परिवर्तन- यद्यपि भारतवर्ष में वर्तमान सरकार ने आम जनता से लेकर व्यवसायिक संस्थाओं तक तेजी से सौर और पवन ऊर्जा को बढ़ावा दिया जा रहा है, परन्तु इसे वर्ष 2047 तक आत्मनिर्भर भारत के साथ ही ऊर्जा हेतु आत्म निर्भर होना होगा। इसी के साथ - साथ जीवाश्म ईंधनों पर निर्भरता कम करना पड़ेगा।

3.जल प्रबंधन- अभी तक भारतवर्ष में सरकार प्रयासों के बावजूद भी आम जनता में वर्षा जल संचयन के बारें में नगण्य जानकारी हो पाई है और नहीं जल संरक्षण तकनीकों का उपयोग का उपयोग किया जा रहा है, केवल कागजी कार्यवाही तक सीमित रह गया है। इस क्षेत्र में अभियान चलाकार जागरूक करने और प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है।

4. शहरी योजना- भारत सरकार ने स्मार्टसिटी व ग्रीन सिटी मॉडल की योजनायें चलाई, इसका कोई प्रभावी असर अभी तक दिखाई न पड़ रहा है और नहीं कम कंक्रीट और अधिक हरियाली ही किसी शहरी अथवा कस्बो पर्यात असर छोड़ रहा है। इस पर अधिक प्रभावी कार्य करने की आवश्यकता है।

5. सामाजिक भागीदारी- उपरोक्त से स्पष्ट है कि जो योजनाये प्रभावीरूप से संचालित नहीं हो पा रही हैं, उनमें जन-जागरूकता अभियान चलाना तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए जन आंदोलन चलाना अत्यंत आवश्यक है।

जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की समस्या नहीं, बल्कि वर्तमान का संकट बन चुका है। यदि युद्ध, प्रदूषण और अनियंत्रित विकास की प्रवृत्ति जारी रही, तो आने वाले 7-10 वर्षों में गर्मी मानव जीवन के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। यह समय केवल चर्चा का नहीं, बल्कि निर्णायक कार्यवाही का है अन्यथा, वह दिन दूर नहीं जब बढ़ता तापमान मानव अस्तित्व को चुनौती देगा।

**प्रो. (डॉ.) भरत राज सिंह**

## बढ़ती महंगाई, बढ़ते खर्चे कर रहे आम आदमी की जेब ढीली




**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

मजदूर दिवस के मौके पर देश के करोड़ों आम नागरिकों को महंगाई का नया झटका लगा है। आज से कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में औसतन 993 की भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। दिल्ली में 19 किलो वाले कमर्शियल सिलेंडर की कीमत अब 3,071.50 हो गई है। हालांकि घरेलू 14.2 किलो सिलेंडर की कीमत में फिलहाल कोई बदलाव नहीं हुआ है, लेकिन अप्रत्यक्ष प्रभाव से रसोई का खर्चा और दैनिक जरूरतों का बोझ बढ़ना तय है।

यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से मध्य पूर्व में बढ़ते तनाव, स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज में संकट और ईरान-अमेरिका-इजराइल संघर्ष के कारण आई है। भारत अपना बड़ा हिस्सा कच्चा तेल और एलपीजी इसी क्षेत्र से आयात करता है। वैश्विक स्तर पर तेल की कीमतों में उछाल आने से घरेलू बाजार पर दबाव बढ़ गया है। मार्च 2026 में खुदरा महंगाई दर (CPI) बढ़कर 3.40 प्रतिशत हो गई, जो पिछले एक साल में सबसे ऊंचा स्तर है। खाद्य महंगाई भी 3.87 प्रतिशत पर पहुंच गई है।

**आम आदमी की जेब पर क्या असर?**

**छोटे होटल, ढाबे और रेस्टोरेंटः** चाय, नाश्ता, खाना बनाने में इस्तेमाल होने वाले कमर्शियल सिलेंडर महंगे होने से खाने-पीने की चीजों की कीमतें बढ़ सकती हैं। कई छोटे व्यापारी पहले से ही लागत बढ़ने से जूझ रहे थे।

**परिवहन और माल ढुलाईः** ईंधन की महंगाई से ट्रक, बस और ऑटो का खर्च बढ़ेगा, जिसका सीधा असर किराने की चीजों, सब्जी-फल और दूध पर पड़ेगा।

**मध्यम वर्गीय परिवारः** घरेलू सिलेंडर पर सब्सिडी बनी हुई है, लेकिन रेस्तरां, बाहर का खाना और अप्रत्यक्ष महंगाई से मासिक बजट बिगड़ रहा है। शिक्षा, स्वास्थ्य और परिवहन के खर्चे पहले ही बढ़े हुए हैं।

**मजदूर वर्गः** दिहाड़ी और सैलरी वाले लोगों के लिए खाने-पीने का खर्चा बढ़ना सबसे बड़ा बोझ है।

सरकार का पक्ष है कि अंतरराष्ट्रीय बाजार की मजबूरी है और रूस से सस्ता तेल खरीदने तथा रणनीतिक पेट्रोलियम रिजर्व से कुछ राहत दी जा रही है। विपक्ष इसे 'जनविरोधी' बता रहा है और कह रहा है कि महंगाई पर काबू नहीं पा रही सरकार।

**व्यापक चुनौती**

बढ़ती महंगाई केवल एलपीजी तक सीमित नहीं है। गर्मी की लहर, अनियमित मानसून की आशंका और वैश्विक ऊर्जा संकट ने मिलकर आम आदमी की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। पिछले कुछ महीनों में कमर्शियल सिलेंडर पर कई बार बढ़ोतरी हो चुकी है – मार्च और अप्रैल में भी सैकड़ों रुपये का इजाफा देखा गया।

बढ़ती महंगाई और बढ़ते खर्चे सचमुच आम आदमी की जेब ढीली कर रहे हैं। जब एक मजदूर या छोटा दुकानदार अपनी कमाई का बड़ा हिस्सा बस खाने-पीने और ईंधन पर खर्च कर रहा हो, तब विकास और प्रगति के दावे कितने खोखले लगते हैं। महंगाई कोई प्राकृतिक आपदा नहीं है – यह नीतिगत फैसलों, आयात निर्भरता और वैश्विक भू-राजनीति का नतीजा है।

सरकार को अब ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को असली प्राथमिकता देनी चाहिए। नवीकरणीय ऊर्जा (सौर और पवन) को तेज गति से बढ़ावा, घरेलू तेल-गैस अन्वेषण, हाइड्रोजन मिशन और पाइप्ड नैचुरल गैस का विस्तार – ये कदम जरूरी हैं। सब्सिडी का स्मार्ट और टारगेटेड उपयोग भी आम आदमी को राहत दे सकता है।

मजदूर दिवस पर हम श्रम की गरिमा की बात करते हैं, लेकिन जब श्रमिक की कमाई महंगाई की आग में जल रही हो तो यह सम्मान खोखला हो जाता है। समय आ गया है कि केंद्र और राज्य सरकारें मिलकर महंगाई पर प्रभावी नियंत्रण के लिए ठोस रणनीति बनाएं। केवल अंतरराष्ट्रीय कारणों को दोष देने से काम नहीं चलेगा।

आम आदमी की जेब को मजबूत बनाने के लिए नीतिगत स्थिरता, ऊर्जा विविधीकरण और उत्पादन बढ़ाने पर जोर देना होगा। तभी 'सबका साथ, सबका विकास' का मंत्र सार्थक होगा। अन्यथा बढ़ते खर्चे न केवल जेब ढीली करेंगे, बल्कि सपनों को भी कुचलते जाएंगे।

# यथार्थ और मानवीयता के फिल्मकार सत्यजीत राय

सत्यजीत राय भारतीय सिनेमा के इतिहास में एक ऐसे नाम हैं जिन्होंने फिल्मों को केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं रहने दिया, बल्कि उसे जीवन की गहरी सच्चाइयों को व्यक्त करने का सशक्त साधन बना दिया। उनका जन्म 2 मई 1921 को कोलकाता में एक प्रतिष्ठित और साहित्यिक परिवार में हुआ था। उनके पिता सुकुमार राय प्रसिद्ध लेखक और चित्रकार थे तथा दादा उपेंद्रकिशोर राय भी साहित्य और प्रकाशन के क्षेत्र में अग्रणी थे। इस प्रकार बचपन से ही सत्यजीत राय को साहित्य, कला और रचनात्मकता का वातावरण मिला, जिसने उनके व्यक्तित्व को गहराई से प्रभावित किया। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा कोलकाता में प्राप्त की और बाद में शांतिनिकेतन में अध्ययन किया, जहाँ उन्हें रवीन्द्रनाथ ठाकुर के विचारों और भारतीय कला परंपराओं से परिचित होने का अवसर मिला। यही वह समय था जब उनके भीतर कला के प्रति गहरी समझ विकसित हुई। हालांकि उन्होंने औपचारिक रूप से फिल्म निर्माण की शिक्षा नहीं ली, लेकिन उनकी जिज्ञासा और सीखने की क्षमता ने उन्हें एक महान फिल्मकार बना दिया।

सत्यजीत राय ने अपने करियर की शुरुआत एक विज्ञापन एजेंसी में कार्य करके की। इस दौरान उन्होंने चित्रण और दृश्य संरचना की बारीकियों को समझा। इसी समय उन्हें विश्व सिनेमा के महान निर्देशकों की फिल्मों को देखने का अवसर मिला, जिससे उनके दृष्टिकोण का विस्तार हुआ। विशेष रूप से इतालवी नवयथार्थवादी फिल्मों का उन पर गहरा प्रभाव पड़ा, जिसने उन्हें आम लोगों के जीवन को यथार्थ रूप में प्रस्तुत करने की प्रेरणा दी। उनकी पहली फिल्म पथेर पांचाली 1955 में प्रदर्शित हुई। यह फिल्म बिभूतिभूषण बंद्योपाध्याय के उपन्यास पर आधारित थी और एक गरीब ग्रामीण परिवार की कहानी को अत्यंत संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है। इस फिल्म का निर्माण अत्यंत कठिन परिस्थितियों में हुआ, क्योंकि प्रारंभ में उन्हें आर्थिक सहयोग नहीं मिला। कई बार शूटिंग रुक गई, लेकिन उनकी दृढ़ता ने अंततः इस फिल्म को पूरा किया। जब यह फिल्म प्रदर्शित हुई, तो इसे देश और विदेश में अपार सराहना मिली। इसे अनेक अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुए और भारतीय सिनेमा को विश्व मंच पर पहचान दिलाई।

पथेर पांचाली के बाद उन्होंने अपराजितो और अपूर संसार का निर्माण किया, जो मिलकर अपू त्रयी के रूप में प्रसिद्ध हुई। इन फिल्मों में एक व्यक्ति के बचपन से युवावस्था तक के जीवन को अत्यंत गहराई से चित्रित किया गया है। इन फिल्मों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि इनमें जीवन के छोटे छोटे क्षणों को भी बड़े प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है।

सत्यजीत राय की फिल्मों में समाज का यथार्थ चित्रण देखने को मिलता है। उन्होंने कभी भी कृत्रिमता या अतिनाटकीयता का सहारा नहीं लिया। उनकी फिल्मों में पात्र सामान्य लोग होते हैं, जिनकी समस्याएँ भी वास्तविक होती हैं। चाहे वह ग्रामीण जीवन हो या शहरी जीवन, उन्होंने हर परिस्थिति को ईमानदारी से प्रस्तुत किया। उनकी फिल्म महानगर में एक कामकाजी महिला के संघर्ष को दिखाया गया है, जबकि चारुलता में एक महिला के आंतरिक अकेलेपन और भावनात्मक द्वंद्व को अत्यंत सुंदर ढंग से चित्रित किया गया है। उनकी फिल्म जलसाघर में एक जमींदार के पतन को दिखाया गया है, जो समय के साथ बदलते समाज को स्वीकार नहीं कर पाता। इसी प्रकार नायक फिल्म में एक प्रसिद्ध अभिनेता के जीवन के भीतर की उलझनों और असुरक्षाओं को उजागर किया गया है। इन सभी फिल्मों में मानवीय भावनाओं की गहराई और सामाजिक परिवर्तनों की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

सत्यजीत राय केवल एक निर्देशक ही नहीं थे, बल्कि वे एक बहुआयामी कलाकार थे। उन्होंने अपनी फिल्मों के लिए स्वयं संगीत भी तैयार किया। उनके संगीत में भारतीय शास्त्रीय और लोक तत्वों का सुंदर मिश्रण होता था। इसके अतिरिक्त उन्होंने पटकथा लेखन, संवाद लेखन और कला निर्देशन में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी फिल्मों का हर पहलू उनकी दृष्टि और संवेदनशीलता को दर्शाता है।

फिल्मों के अलावा उन्होंने साहित्य के क्षेत्र में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया। उन्होंने फेलूदा नामक जासूसी चरित्र की रचना की, जो आज भी पाठकों के बीच अत्यंत लोकप्रिय है। इसके अलावा प्रोफेसर शोंकू नामक वैज्ञानिक चरित्र भी उनकी कल्पना का ही परिणाम है। उनकी कहानियाँ रोचक होने के साथ साथ ज्ञानवर्धक भी होती हैं।

सत्यजीत राय को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए अनेक पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। उन्हें 1992 में मानद ऑस्कर पुरस्कार प्रदान किया गया, जो उनके जीवन भर के योगदान की अंतरराष्ट्रीय मान्यता थी। उसी वर्ष उन्हें भारत का सर्वोच्च नागरिक सम्मान भारत रत्न भी मिला। इसके अतिरिक्त उन्हें अनेक राष्ट्रीय पुरस्कार और अंतरराष्ट्रीय फिल्म समारोहों में सम्मान प्राप्त हुए। उनकी फिल्मों की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे समय के साथ पुरानी नहीं होतीं। आज भी जब उनकी फिल्मों को देखा जाता है, तो वे उतनी ही प्रासंगिक लगती हैं जितनी अपने समय में थीं। इसका कारण यह है कि उन्होंने मानवीय भावनाओं और सामाजिक सच्चाइयों को इतनी ईमानदारी से प्रस्तुत किया कि वे हर युग में लोगों को प्रभावित करती हैं।



सत्यजीत राय का निधन 23 अप्रैल 1992 को हुआ, लेकिन उनकी रचनात्मक विरासत आज भी जीवित है। उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई दिशा दी और यह सिद्ध किया कि सिनेमा केवल मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण भी हो सकता है। उनके कार्यों ने आने वाली पीढ़ियों के फिल्मकारों को प्रेरित किया और उन्हें यह सिखाया कि सच्ची कला वही है जो जीवन की वास्तविकताओं को सरलता और संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करे।

आज जब हम सिनेमा के बदलते स्वरूप को देखते हैं, तो सत्यजीत राय का योगदान और भी महत्वपूर्ण प्रतीत होता है। उन्होंने दिखाया कि सीमित संसाधनों के बावजूद भी उत्कृष्ट कला का निर्माण किया जा सकता है, यदि उसमें ईमानदारी और समर्पण हो। उनके जीवन और कार्य हमें यह सिखाते हैं कि किसी भी क्षेत्र में महानता प्राप्त करने के लिए गहरी समझ, निरंतर प्रयास और सच्ची संवेदनशीलता आवश्यक है।

इस प्रकार सत्यजीत राय केवल एक फिल्म निर्देशक नहीं, बल्कि एक विचारक, कलाकार और समाज के गहरे निरीक्षक थे। उनका जीवन और उनकी रचनाएँ हमें यह प्रेरणा देती हैं कि हम अपने आसपास की दुनिया को समझें और उसे बेहतर बनाने का प्रयास करें। उनकी फिल्मों में निहित मानवीयता और सच्चाई आज भी हमें सोचने पर मजबूर करती है और यही उनकी सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**महेन्द्र तिवारी**

## युद्ध का वास्तविक चेहरा मानवता पर भीषण प्रहार

**वैश्विक हिंसा सदी की बड़ी त्रासदी।**

युद्ध का उन्माद मानव सभ्यता के इतिहास का सबसे त्रासद अध्याय रहा है, जहाँ शक्ति, प्रभुत्व और स्वार्थ की अंधी दौड़ में मनुष्य अपने ही अस्तित्व को दांव पर लगा देता है। जब राष्ट्रवाद की आग विवेक पर भारी पड़ती है, तब युद्ध केवल सीमाओं का संघर्ष नहीं रह जाता, वह मनुष्यता के मूल्यों का भी विध्वंस बन जाता है। युद्ध चाहे किसी भी काल में हुआ हो, उसका परिणाम सदैव एक-सा ही रहा है विनाश, पीड़ा और पश्चाताप। दो विश्व युद्धों की विभीषिका ने यह स्पष्ट कर दिया कि हिंसा से किसी भी समस्या का स्थायी समाधान संभव नहीं है, बल्कि यह नई समस्याओं और घावों को जन्म देती है।

युद्ध के मैदान में केवल सैनिक ही नहीं मरते, बल्कि उनके साथ असंख्य निर्दोष नागरिक भी अपनी जान गंवाते हैं, जिनका उस संघर्ष से कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं होता। उनके सपने, उनकी आशाएँ और उनका भविष्य सब कुछ एक पल में राख हो जाता है। जब कोई माँ अपने बेटे को खोती है, जब कोई बच्चा अपने पिता की लाश देखता है, तब राष्ट्र की जीत का कोई अर्थ नहीं रह जाता, केवल एक गहरी शून्यता और असहनीय पीड़ा शेष रह जाती है। यही वह क्षण होता है जब मनुष्य को आत्मज्ञान का बोध होता है कि उसने क्या खो दिया और किस कीमत पर। युद्ध का वास्तविक चेहरा तब सामने आता है जब शहरों के खंडहर, जली हुई फसलें, उजड़े हुए घर और रोते हुए लोग उसकी गवाही देते हैं। आधुनिक समय में भी स्थिति कुछ अलग नहीं है, चाहे वह रूस-यूक्रेन का संघर्ष हो, इजरायल-फिलिस्तीन का विवाद हो या अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता तनाव हर जगह एक समान पीड़ा और विनाश का दृश्य देखने को मिलता है।

इन संघर्षों में सत्ता के शीर्ष पर बैठे लोगों के निर्णयों का भार आम नागरिकों को उठाना पड़ता है, जो अपनी जान देकर उन महत्वाकांक्षाओं को पूरा करते हैं जिनसे उनका कोई लेना-देना नहीं होता। युद्ध केवल मानव जीवन को ही नहीं, बल्कि आर्थिक व्यवस्था को भी गहरे संकट में डाल देता है। उद्योग धंधे ठप हो जाते हैं, महंगाई आसमान छूने लगती है, बेरोजगारी बढ़ती है और विकास की गति रुक जाती है।

एक देश को वर्षों पीछे धकेल देने वाला यह विनाश केवल भौतिक नहीं होता, बल्कि मानसिक और सामाजिक स्तर पर भी गहरा असर छोड़ता है। युद्ध के बाद बचता है तो केवल एक टूटा हुआ समाज, जिसमें अविश्वास, भय और असुरक्षा की भावना घर कर जाती है। यही कारण है कि इतिहास हमें बार-बार यह सिखाने का प्रयास करता है कि युद्ध किसी भी समस्या का समाधान नहीं है, बल्कि यह समस्याओं को और जटिल बना देता है। आत्मज्ञानी व्यक्ति और संवेदनशील समाज इस सत्य को समझते हैं कि शांति ही वह मार्ग है जो मानवता को आगे बढ़ा सकता है।

युद्ध के बाद जब धूल बैठती है और लोग अपने खोए हुए प्रियजनों की याद में रोते हैं, तब उन्हें यह अहसास होता है कि उन्होंने क्या खोया है और क्या पाया है। उस समय कोई भी जीत सार्थक नहीं लगती, क्योंकि जीत की कीमत बहुत अधिक होती है। युद्ध की राख से उठने वाली यह चेतना ही आत्मज्ञान का वास्तविक रूप है, जो हमें यह समझाती है कि हिंसा और घृणा के मार्ग पर चलकर हम केवल विनाश ही प्राप्त कर सकते हैं। यदि मानवता को बचाना है, तो हमें संवाद, सहिष्णुता और प्रेम का मार्ग अपनाना होगा। युद्ध का उन्माद क्षणिक हो सकता है, लेकिन उसके परिणाम पीढ़ियों तक महसूस किए जाते हैं। इसलिए आवश्यक है कि हम इतिहास से सीख लें और भविष्य को बेहतर बनाने के लिए शांति का मार्ग चुनें, क्योंकि अंततः वही मार्ग हमें सच्चे अर्थों में मानव बनाता है।

**संजीव ठाकुर**

# कविता

**संजीव-नी**

**युद्ध का पश्चाताप।**



बारूद की गंध में
किसका सपना जलता,
किसकी आँखों का उजाला
धुएँ में ढलता।

सीमाएँ खिंचती रहती नक्शों पर,
पर दिलों की दूरी कौन मापता
जो घर कभी हँसी से भरते,
वहीं अब सन्नाटा रोता।

किसी माँ की गोद सूनी,
किसी बच्चे की नींद उजड़ी,
विजय के नारों के पीछे
कितनी करुण पुकारें जुड़ी।

क्या युद्ध आवश्यक था,
पर किसके लिए, क्यों
जो लौटकर न आए घर,
उनसे कोई पूछे या यह न्याय?

विश्व युद्धों की राख अब भी
हवा में प्रश्न बनकर उड़ती,
हर नया संघर्ष उसी पीड़ा को
फिर से जीवित कर देता।

न कोई सच में जीतता,
न कोई सच में हारता,
बस इंसान अपने ही हाथों
अपना संसार उजाड़ता।

रूस की ठंडी हवाओं में,
यूक्रेन की टूटी दीवारों में,
गाज़ा की रोती गलियों में,
हर जगह एक ही पुकार है
अब और नही
सत्ता के ऊँचे दरबारों में
यह आवाज़ अक्सर खो जाती।

और निर्दोषों की साँसें
आँकड़ों में बदल जाती
जब सब कुछ राख हो जाता।

आओ, बारूद की जगह
कुछ सपनों को बोया जाए,
नन्हे हाथों में हथियार नहीं,
उजला कल संजोया जाए।

क्योंकि अंत में बचता है
न कोई ताज, न सिंहासन,
बस यादें, आँसू और
एक सवाल
क्या यही है
हमारा मानव होना?

**संजीव ठाकुर**

# एग्जिट पोल की सच्चाई- लोकतंत्र का आईना या मीडिया का मुखौटा?

जब आंकड़ों की चकाचौंध सच का मुखौटा पहनने लगे, तभी सवाल उठाना जरूरी हो जाता है–29 अप्रैल 2026 की वह शाम ठीक ऐसी ही थी। मतदान खत्म होते ही टीवी स्क्रीन पर एग्जिट पोल का सैलाब उमड़ पड़ा, मानो जनादेश पहले ही लिख दिया गया हो। पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के दावे, असम में प्रचंड बहुमत की भविष्यवाणी, दक्षिण भारत में कड़े मुकाबले के संकेत–हर चैनल अपनी कहानी गढ़ रहा था। इन आंकड़ों की चमक ने माहौल को रोमांचक जरूर बनाया, लेकिन भीतर ही भीतर एक संशय भी जन्म लेने लगा। क्या ये अनुमान सचमुच जनता के मन की गहराइयों को छू रहे हैं, या फिर यह केवल एक ऐसा परदा है जो सच्चाई को ढककर भ्रम का नया संसार रच रहा है?

जब पूर्वानुमान ही परिणाम बनने लगें, तब लोकतंत्र की दिशा पर सवाल उठना स्वाभाविक है–एग्जिट पोल अब केवल प्रक्रिया नहीं, बल्कि प्रभावशाली शक्ति हैं। ये आंकड़े दलों के आत्मविश्वास को बढ़ा-घटा सकते हैं, बाजार की दिशा तय कर सकते हैं और मतदाता की सोच प्रभावित कर सकते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में बड़े अनुमान वास्तविक नतीजों से अलग रहे, जिससे केवल समीकरण ही नहीं, जनता का भरोसा भी डगमगाया। 2026 में भी वही तस्वीर है, जहां हर चैनल अपनी गणना से विजेता तय कर रहा है। ऐसे में चिंता बढ़ती है कि क्या हम इन अनुमानों से लोकतंत्र की सच्चाई समझ रहे हैं, या अनजाने में उसके मूल स्वरूप को कमजोर कर रहे हैं।

जब मतदाता का मन ही रहस्य बन जाए, तब उसे आंकड़ों में बांधना कठिन हो जाता है–भारत जैसे विविध देश में यह पहेली और गहरी है। यहां निर्णय केवल विचारधारा पर नहीं, बल्कि जाति, क्षेत्र, स्थानीय मुद्दों, व्यक्तिगत अनुभवों और भावनात्मक प्रतिक्रियाओं के मिश्रण पर आधारित होता है। कई बार मतदाता अपनी वास्तविक राय छिपा लेते हैं, जिससे एग्जिट पोल की सटीकता पर सवाल उठते हैं। 2021 और 2024 के चुनावों में 'साइलेंट वोटर' ने सभी अनुमानों को ध्वस्त कर दिया। 2026 में भी यह अनदेखी ताकत सक्रिय हो सकती है, जो किसी भी सर्वेक्षण को चुनौती दे सकती है। यही वह बिंदु है जहां एग्जिट पोल की सीमाएं स्पष्ट होती हैं–वे आंकड़े दिखाते हैं, मन की गहराइयों को नहीं पढ़ पाते।

**हर शोर में भ्रम नहीं होता**—कुछ आवाजें सच भी कहती हैं, और एग्जिट पोल उसी सच की झलक बन सकते हैं। फिर भी यह कहना गलत होगा कि इनका कोई महत्व नहीं है। जब ये ईमानदारी और वैज्ञानिक पद्धति से किए जाते हैं, तो ये समाज के उन वर्गों की आवाज बनते हैं जो अक्सर मुख्यधारा से दूर रहते हैं। गांवों, कस्बों और हाशिए के समुदायों




की राय सामने लाते हैं। यह लोकतंत्र की सकारात्मक झलक भी देते हैं, जहां हर आवाज मायने रखती है। चुनाव आयोग के नियम (सेक्शन 126) इनके दुरुपयोग को रोकने का प्रयास करते हैं। लेकिन टीआरपी की दौड़, राजनीतिक दबाव और व्यावसायिक हित अक्सर इन आदर्शों को कमजोर कर देते हैं, जिससे निष्पक्षता पर सवाल उठने लगते हैं।

जब सच का आईना टेढ़ा दिखने लगे, तब खतरा गहराना तय है–एग्जिट पोल यदि वास्तविकता नहीं, उसका विकृत प्रतिबिंब बन जाएं तो असर दूर तक जाता है। जब ये अनुमान गलत साबित होते हैं, तो प्रभाव केवल राजनीतिक दलों तक सीमित नहीं रहता, बल्कि जनता के विश्वास पर भी पड़ता है। 2024 में दिखी आर्थिक और मानसिक अस्थिरता इस बात का प्रमाण है कि गलत अनुमान बड़ी कीमत वसूलते हैं। यदि 2026 के परिणाम भी इन पूर्वानुमानों से अलग निकलते हैं, तो यह केवल तकनीकी त्रुटि नहीं, बल्कि लोकतंत्र की विश्वसनीयता पर सवाल होगा। तब यह पूछना लाजमी होगा कि क्या हम डेटा के नाम पर भ्रम को बढ़ावा दे रहे हैं?

जब अनुमान की सीमाएं खुद स्वीकार हों, तब सटीकता पर सवाल स्वाभाविक है–भारत जैसे विशाल देश में भविष्यवाणी करना बेहद कठिन है। सैंपलिंग की सीमाएं, जमीनी डेटा जुटाने की चुनौतियां और अंतिम क्षणों में मतदाता के मन में बदलाव–ये सभी एग्जिट पोल की विश्वसनीयता को प्रभावित करते हैं। फिर भी ये पूरी तरह निरर्थक नहीं हैं। ये रुझान समझने का माध्यम देते हैं, दलों को रणनीति पर पुनर्विचार के लिए प्रेरित करते हैं और जनता को चर्चा का आधार देते हैं। लेकिन समस्या तब होती है जब इन्हें अंतिम सत्य मान लिया जाता है, जिससे भ्रम और अपेक्षाओं का टकराव पैदा होता है।

जब मतदाता का फैसला हर बार अनुमान को चौंका दे, तब उसकी अप्रत्याशितता ही उसकी असली पहचान बन जाती है–भारतीय मतदाता यही साबित करता आया है। इतिहास गवाह है कि यहां अंतिम क्षण का निर्णय कई बार सभी अनुमानों को धता बता देता है। 2004 और 2024 के चुनाव इसके स्पष्ट उदाहरण हैं। यह दिखाता है कि लोकतंत्र की असली ताकत किसी सर्वेक्षण में नहीं, बल्कि जनता की स्वतंत्र सोच और निर्णय क्षमता में है। एग्जिट पोल इस जटिलता को पूरी तरह नहीं समझ पाते, क्योंकि वे केवल सतह को छूते हैं, गहराई को नहीं।

जब नजर संतुलित हो, तभी सच साफ दिखता है–एग्जिट पोल को लेकर यही सबसे बड़ा समाधान है। ये न पूरी तरह गलत हैं, न पूरी तरह सही–इनका मूल्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम इन्हें कैसे देखते हैं। यदि इन्हें संकेतक माना जाए, तो ये उपयोगी हैं; लेकिन यदि अंतिम निर्णय मान लिया जाए, तो भ्रम पैदा करते हैं। 2026 के इन महत्वपूर्ण चुनावों में जरूरी है कि हम आंकड़ों की चमक से प्रभावित होने के बजाय वास्तविकता की प्रतीक्षा करें। क्योंकि लोकतंत्र की सच्ची तस्वीर वही होती है जो मतपेटियों से निकलती है, न कि वह जो स्क्रीन पर दिखाई जाती है।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला, मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### सड़क दुर्घटना के प्रकरण में मुकदमा हुआ दर्ज

**गोलाबाजार गोरखपुर:** गोला थाना क्षेत्र ने बीते 26 अप्रैल की रात लगभग 10 बजे हुए सड़क हादसे के संबंध में थाना गोला में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज करवाया गया। प्राप्त विवरण के अनुसार उपनगर के वार्ड नं 18 शंकर साह पोखरा निवासी पवन यादव पुत्र स्व रामकेर यादव ने थाने में तहरीर देकर बताया कि दिनांक 26 अप्रैल को प्रसून उर्फ अंकुर पुत्र दिनेश यादव, अमन उर्फ अजय पुत्र रविंद्र यादव व कुनाल पुत्र देवेंद्र यादव निवासी ग्राम कोहड़ा बुजुर्ग थाना गोला जनपद गोरखपुर प्रार्थी से काली रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी मांगकर बड़हलगंज मरीज देखने गए। वहां से वापस आते समय रात करीब 10 बजे भर्रोह चौराहे पर गिरिजेश दुबे पुत्र रामअजोर की ट्रैक्टर ट्रॉली से दुर्घटना हो गई जिसमें दो युवकों की मौके पर ही मृत्यु हो गई जबकि एक अन्य की अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। ट्रैक्टर चालक की लापरवाही से यह दुर्घटना हुई । उक्त संबंध में एसएचओ गोला राकेश रोशन सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर बीएनएस की धारा 281 व 106 के तहत अभियोग दर्ज कर अग्रिम कार्यवाही हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

### नवागत कोतवाल प्रहलाद सिंह ने संभाला गोला कोतवाली का कार्यभार




**गोला बाजार (गोरखपुर)** गोला कोतवाली में शुक्रवार को नवागत कोतवाल प्रहलाद सिंह ने विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया। उनके आगमन के साथ ही थाने की प्रशासनिक गतिविधियों में नई सक्रियता देखने को मिली। इससे पूर्व तैनात थानाध्यक्ष राकेश रोशन सिंह का स्थानांतरण शाहपुर थाने में कर दिया गया है। उनका गोला कोतवाली में कार्यकाल लगभग 3 माह 9 दिन का रहा। कार्यभार संभालने के बाद कोतवाल प्रहलाद सिंह ने स्पष्ट किया कि शासन के निर्देशों का पालन करते हुए क्षेत्र में कानून-व्यवस्था को मजबूत बनाए रखना उनकी पहली प्राथमिकता होगी। उन्होंने कहा कि अपराध और अपराधियों पर सख्ती से नकेल कसी जाएगी तथा पीड़ितों को त्वरित और निष्पक्ष न्याय दिलाने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। आमजन की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान करना भी प्राथमिकता में शामिल रहेगा। प्रहलाद सिंह वर्ष 2005 बैच के इंस्पेक्टर हैं और मूल रूप से जालौन जनपद के निवासी हैं। वे गैर जनपद से स्थानांतरित होकर गोरखपुर आए हैं और जिले में यह उनकी पहली पोस्टिंग गोला कोतवाली के कोतवाल के रूप में हुई है। गौरतलब है कि हाल के दिनों में क्षेत्र में हुई कुछ घटनाएं नए कोतवाल के सामने चुनौती के रूप में खड़ी हैं। ऐसे में कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखना और अपराध पर नियंत्रण स्थापित करना उनके लिए अहम जिम्मेदारी होगी। स्थानीय लोगों को भी नए कोतवाल से बेहतर पुलिसिंग और त्वरित कार्रवाई की उम्मीद है।

### सांप्रदायिक सद्भावना व समता की नीति के पोषक थे मधु लिमये



**देवरिया।** समाजवादी चिंतक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मधु लिमये की जयंती अवसर पर रामपुर कारखाना विधानसभा क्षेत्र के डुमरी स्थित सपा जनसंपर्क कार्यालय पर आयोजित एक कार्यक्रम में सपा नेता चंद्रभूषण यादव ने कहा कि मधु लिमये सांप्रदायिक सद्भावना और सामाजिक समता की नीति के सशक्त समर्थक थे। उन्होंने अपने जीवनभर समाजवादी विचारधारा को मजबूत करने और देश में समानता स्थापित करने के लिए संघर्ष किया।

उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता आंदोलन और गोवा मुक्ति आंदोलन में अहम भूमिका निभाने वाले मधु लिमये ने आजाद भारत की प्रगति में साम्प्रदायिकता और असमानता को सबसे बड़ी बाधा माना और हमेशा इसके खिलाफ आवाज उठाई। यादव ने आगे कहा कि मधु लिमये जैसे महान नेता, जिन्होंने स्वतंत्रता सेनानी और सांसद होने के बावजूद पेंशन तक नहीं लिया, उनका जीवन त्याग और सिद्धांतों की मिसाल है। वे एक प्रख्यात लेखक, पत्रकार और संसदविद थे, जिन्होंने सैकड़ों पुस्तकों के माध्यम से समाजवाद को देश के विकास के लिए सबसे उपयुक्त मार्ग बताया। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित मुरलीधर, रामू गुप्ता, अशोक यादव, सुरेश नारायण सिंह, चंद्रिका यादव, सदाबृक्ष यादव, नारायण प्रसाद, लक्ष्मण यादव, राजेश गोंड, परमहंस यादव, नगीना यादव, अयोध्या वर्मा, अभिषेक गुड्डू गोंड, शंकर गोंड, व्यास यादव आदि ने श्रद्धांजलि दी।

## सोशल मीडिया पर अभद्र पोस्ट कर युवक दे रहा था धमकी, विरोध पर मारपीट-तीन के खिलाफ केस दर्ज

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवा-** गोरखपुर जनपद के सहजनवा तहसील अंतर्गत हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के दुरुपयोग और दबंगई का एक गंभीर मामला सामने आया है। क्षेत्र के बुदहट टोला भवानीपुर निवासी एक युवक द्वारा पहले सोशल मीडिया पर अभद्र और आपत्तिजनक पोस्ट डालकर एक व्यक्ति को निशाना बनाया गया, और बाद में आमने-सामने धमकी देने व मारपीट करने की घटना भी सामने आई। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी समेत तीन लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, भवानीपुर निवासी राजू यादव अपने एक परिचित के यहां नगरा क्षेत्र में आयोजित ब्रह्मभोज कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। कार्यक्रम के दौरान जब वह भोजन कर रहे थे, तभी आरोपी पक्ष का युवक वहां पहुंच गया और उनके आसपास संदिग्ध तरीके से चक्कर काटते हुए उन्हें घूरने और डराने-धमकाने लगा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आरोपी ने खुलेआम धमकी भरे शब्दों का प्रयोग किया, जिससे मौके पर तनाव की स्थिति बन गई।

बताया जा रहा है कि यह विवाद पहले से चल रहा था और आरोपी युवक पहले भी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पीड़ित के खिलाफ अभद्र भाषा का इस्तेमाल करते हुए पोस्ट डाल चुका था। इन पोस्टों के जरिए वह लगातार मानसिक दबाव बनाने और डराने का प्रयास कर रहा था। जब पीड़ित ने इस हरकत का विरोध किया तो आरोपी ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर मारपीट भी कर दी।

घटना के बाद पीड़ित ने हरपुर बुदहट थाने पहुंचकर लिखित शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल कार्रवाई करते हुए आरोपी गोलू उर्फ युवराज पुत्र राकेश तथा उसके दो सहयोगियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। थाना प्रभारी ने बताया कि सोशल मीडिया पर अभद्रता और धमकी जैसे मामलों को बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। आरोपियों की तलाश जारी है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि सोशल मीडिया का जिम्मेदारीपूर्वक उपयोग करें और किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक गतिविधि से बचें। इस घटना ने एक बार फिर यह सवाल खड़ा कर दिया है कि सोशल मीडिया का गलत इस्तेमाल किस तरह वास्तविक जीवन में तनाव और अपराध को जन्म दे सकता है।

### थानों का एएसपी ने किया औचक निरीक्षण, रिक्रूट आरक्षियों की व्यवस्थाओं पर सख्त



**देवरिया।** प्रशिक्षण ले रहे रिक्रूट आरक्षियों की सुविधाओं को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक (उत्तरी) आनन्द पाण्डेय ने एकौना व रुद्रपुर थानों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान व्यवस्थाओं को लेकर अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एएसपी ने बैरक, मेस, साफ-सफाई, पेयजल और शौचालय सहित सभी मूलभूत सुविधाओं का बारीकी से जायजा लिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि रिक्रूट आरक्षियों को मिलने वाली हर सुविधा गुणवत्तापूर्ण और संतोषजनक होनी चाहिए। मेस में भोजन की गुणवत्ता और समयबद्धता पर विशेष जोर दिया गया। एएसपी ने रिक्रूट आरक्षियों के साथ बैठक कर उनकी समस्याएं भी सुनीं और संबंधित अधिकारियों को तत्काल समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने आरक्षियों को अनुशासन, कर्तव्यनिष्ठा और उत्कृष्ट आचरण बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। निरीक्षण के दौरान अधिकांश व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गई हलाकि अधिकारियों को नियमित निगरानी के निर्देश दिए।

## गोरखपुर की बेटी बनी ढाल, लुटेरों की कोशिश नाकाम- SSP ने किया सम्मान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**गोरखपुर।** जनपद के थाना गोला क्षेत्र में स्थित देवाश स्वर्ण कला केन्द्र पर 27 अप्रैल को हुई लूट की कोशिश उस समय नाकाम हो गई, जब दुकान संचालक की बेटी ने अद्भुत साहस और सूझबूझ का परिचय दिया। इस घटना ने एक बार फिर साबित कर दिया कि सतर्कता और हिम्मत से बड़े से बड़ा अपराध भी विफल किया जा सकता है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दुकान का संचालन पिता-पुत्री मिलकर करते हैं। घटना के दिन दो अज्ञात युवक ग्राहक बनकर दुकान में पहुंचे और चांदी की अंगूठी खरीदने का बहाना करने लगे। जैसे ही अमृता वर्मा उन्हें अंगूठियां दिखाने लगीं, दोनों युवकों ने अचानक मौका देखकर पास में रखा कीमती सामान का पुड़िया उठाया और भागने का प्रयास किया।

अचानक हुई इस वारदात से जहां आमतौर पर कोई भी घबरा सकता था, वहीं अमृता वर्मा ने अद्भुत धैर्य और साहस का परिचय देते हुए बिना डरे लुटेरों का सामना किया। उन्होंने न केवल उन्हें रोकने की कोशिश की, बल्कि पूरे घटनाक्रम को इस तरह संभाला कि आरोपी अपनी योजना में सफल नहीं हो सके। उनकी तत्परता और हिम्मत के कारण लूट की बड़ी घटना टल गई। घटना की सूचना मिलते ही गोरखपुर पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए जांच शुरू कर दी। पुलिस टीम ने तकनीकी साक्ष्यों और स्थानीय सूचना तंत्र की मदद से महज 36 घंटे के भीतर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस की इस तेज कार्रवाई से क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर लोगों का भरोसा और मजबूत हुआ है।

इस साहसिक कार्य के लिए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक गोरखपुर ने अमृता वर्मा को सम्मानित किया। उन्होंने प्रशस्ति पत्र देकर उनके जज्बे की सराहना की और कहा कि 'अमृता जैसी बेटियां समाज के लिए प्रेरणा हैं। उनका साहस न केवल महिलाओं को सशक्त बनाता है, बल्कि अपराधियों को भी कड़ा संदेश देता है कि अब समाज जागरूक और सतर्क है। 'स्थानीय लोगों ने भी अमृता वर्मा की बहादुरी की जमकर प्रशंसा की है। लोगों का कहना है कि अगर हर नागरिक इसी तरह सतर्क और साहसी बने, तो अपराधियों के हौसले खुद-ब-खुद पस्त हो जाएंगे। यह घटना न केवल एक असफल लूट की कहानी है, बल्कि यह एक साहसी बेटी की मिसाल भी है, जिसने अपने हौसले से अपराध को मात दी और समाज को एक सकारात्मक संदेश दिया।

## इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड में अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सहजनवा/गोरखपुर** स्थित India Glycols Limited की इकाई में अंतरराष्ट्रीय श्रम दिवस 2026 को पूरे सम्मान और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कंपनी के विभिन्न विभागों के कर्मचारियों ने भाग लिया और श्रमिकों के योगदान को सराहा गया। कार्यक्रम के दौरान कंपनी के बिज़नेस हेड एस. के. शुक्ला ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को सम्मानित किया। उन्होंने उन कर्मयोगियों को विशेष रूप से सराहा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्रों में समर्पण, कर्तव्यनिष्ठा और आपात परिस्थितियों में भी असाधारण सेवाएं प्रदान कीं। सम्मान समारोह ने कर्मचारियों के मनोबल को बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें और बेहतर कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

अपने संबोधन में एस. के. शुक्ला ने कहा कि किसी भी संस्थान की प्रगति में श्रमिकों की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण होती है। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मेहनत, अनुशासन और लगन ही कंपनी को सफलता के शिखर तक पहुंचाती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से अपील की कि वे अपने कार्य के प्रति समर्पित रहें और संगठन की उन्नति में निरंतर योगदान देते रहें। इस मौके पर प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय समेत कंपनी के सभी विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। कार्यक्रम का सफल संचालन एचआर हेड दशरथ मिश्र द्वारा किया गया। आयोजन के दौरान श्रमिकों के सम्मान में सकारात्मक और उत्साहपूर्ण माहौल देखने को मिला। समापन पर सभी उपस्थित लोगों ने श्रमिकों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई तथा एकजुट होकर कंपनी की प्रगति में योगदान देने का संकल्प लिया।

### लोकतंत्र पर संकट, सरकार पर सपा नेता का हमला



**देवरिया।** समाजवादी पार्टी ने भाजपा सरकार पर लोकतांत्रिक व्यवस्था को कमजोर करने का गंभीर आरोप लगाया है। पार्टी के प्रदेश सचिव व पूर्व विधायक सुभाष लाल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश में हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। शुक्रवार को प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सत्ता के नशे में संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रही है और विपक्ष की आवाज को दबाने का प्रयास हो रहा है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में अघोषित आपातकाल जैसे हालात बन रहे हैं, जहां प्रशासनिक तंत्र का इस्तेमाल राजनीतिक विरोधियों को दबाने के लिए किया जा रहा है। सपा नेता ने कहा कि सरकार बुलडोजर और पुलिस की कार्रवाई के जरिए विपक्ष को कुचलने की कोशिश कर रही है, जिससे लोकतांत्रिक मूल्यों पर खतरा पैदा हो गया है। उन्होंने कहा कि इस तरह की नीतियां लोकतंत्र को कमजोर करती हैं और जनता के अधिकारों पर सीधा असर डालती हैं।

## गोरखपुर में बवाल: मारपीट में घायल दो सगे भाइयों की मौत

● अस्पताल पर किडनी निकालने का आरोप–परिजनों का हंगामा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोरखपुर** जनपद के रामगढ़ताल थाना क्षेत्र के मंझरिया गांव में 27 अप्रैल को हुई मारपीट की घटना ने अब तूल पकड़ लिया है। इस मामले में गंभीर रूप से घायल दो सगे भाइयों–अचैबर निषाद (40) और पप्पू निषाद (45) पुत्र महंगू निषाद–की इलाज के दौरान मौत हो गई। दोनों की मौत के बाद परिजनों ने अस्पताल पर गंभीर आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों के अनुसार, घटना के बाद दोनों भाइयों को पहले स्थानीय स्तर पर इलाज दिलाया गया, लेकिन हालत बिगड़ने पर उन्हें गुलरिया क्षेत्र स्थित रेजीडेंसी हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि दोनों के सिर में गंभीर चोटें थीं, लेकिन डॉक्टरों ने इलाज के दौरान पेट में टांके लगाए। इससे परिजनों को शक हुआ कि कहीं किडनी निकालने जैसी साजिश तो नहीं की गई।

परिवार का दावा है कि अस्पताल प्रबंधन ने इलाज के नाम पर पहले 6 लाख रुपये एडवांस जमा कराए और कुल मिलाकर करीब 10 लाख रुपये वसूल लिए। इतना ही नहीं, परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि एक भाई की मौत पहले ही हो चुकी थी, लेकिन अस्पताल ने उसे जिंदा दिखाकर इलाज जारी रखा और पैसे वसूलते रहे। गुरुवार देर रात दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। जैसे ही यह खबर गांव और आसपास के इलाकों में फैली, पोस्टमार्टम हाउस पर भारी भीड़ जमा हो गई। गुस्साए परिजनों और ग्रामीणों ने अस्पताल प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निष्पक्ष जांच की मांग की।

मौके पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह स्थिति को नियंत्रित किया और लोगों को शांत कराया। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए पोस्टमार्टम रिपोर्ट और चिकित्सकीय दस्तावेजों के आधार पर जांच की जाएगी। यदि किसी प्रकार की लापरवाही या अवैध गतिविधि सामने आती है तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह मामला अब सिर्फ मारपीट तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि स्वास्थ्य सेवाओं की विश्वसनीयता पर भी सवाल खड़े कर रहा है। परिजन न्याय की मांग पर अड़े हैं और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



## न्यायालय आपके द्वार व जन चौपाल से गांवों में त्वरित राहत, 107 राजस्व वाद निस्तारित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवरिया।** जनसमस्याओं के त्वरित समाधान एवं शासन की योजनाओं को आमजन तक पहुंचाने के उद्देश्य से जनपद के विभिन्न गांवों गौरा बंगार, रायपुरा चकलाल, लवरछी एवं बरहज बांगर में न्यायालय आपके द्वार कार्यक्रम के तहत विशेष कैंप आयोजित हुए जिनमें कुल 107 राजस्व वादों का मौके पर ही निस्तारण कर वादकारियों को राहत प्रदान की गई। इसी क्रम में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में ग्राम गौरा टोला, कटइलवा में जन चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉल के माध्यम से पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का लाभ वितरित किया गया। इस दौरान राशन कार्ड, आयुष्मान कार्ड, नाविकों को लाइफ जैकेट, बच्चों को पाठ्य पुस्तकें तथा जैविक दवाओं सहित विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया गया। साथ ही छूटे हुए लाभार्थियों को चिन्हित कर उन्हें योजनाओं से जोड़ने को निर्देशित हुए ।

जिलाधिकारी ने चौपाल स्थल पर लगे विभिन्न विभागों के स्टॉल का निरीक्षण किया। कार्यक्रम के दौरान बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया तथा गर्भवती महिलाओं को पोषण पोटली वितरित कर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। चौपाल में बच्चों द्वारा सरस्वती वंदना, स्वागत गीत एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसकी जिलाधिकारी ने सराहना की। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले बच्चों को बैग वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी दिव्या मित्तल ने कहा कि शासन की मंशा है कि प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पहुंचे। न्यायालय आपके द्वार और जन चौपाल जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से प्रशासन सीधे गांवों तक पहुंचकर समस्याओं का त्वरित समाधान कर रहा है। उन्होंने निर्देशित किया कि कोई भी पात्र लाभार्थी योजनाओं से वंचित न रहे तथा छूटे हुए लोगों को चिन्हित कर शीघ्र आच्छादित किया जाए। ग्रामीणों से अपील किया कि वे सरकारी योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं। इस अवसर पर एडीएम बरहज हरिशंकर लाल, तहसीलदार, खंड शिक्षा अधिकारी, सीडीपीओ सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### अवैध गांजा के साथ एक गिरफ्तार

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात संदिग्ध वाहनों की चेकिंग के क्रम में नाथबाबा मंदिर के पीछे से कोतवाली क्षेत्र के ही बेलकुंडा निवासी सुनील निषाद पुत्र सुरेंद्र निषाद को झोले में रखें 1 किलो गांजे के साथ गिरफ्तार कर लिया। उसके पास से एक मोटरसाइकिल व मोबाइल फोन भी बरामद हुआ। पुलिस ने विधिक कार्रवाई करते हुए उक्त आरोपी का एनडीपीएस एक्ट में चालान कर दिया।

### दरवाजे से मोटरसाइकिल चोरी

**रूद्रपुर, देवरिया।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर टोला बसहवां से दरवाजे पर खड़ी मोटरसाइकिल चोरी हो गई। पुलिस को दिए तहरीर में रमेश निषाद पुत्र मुसाफिर निषाद ने बताया कि 30 अप्रैल को उसके घर शादी थी और बारात आई थी। बारात विदा होने के बाद मोटरसाइकिल की तलाश होने लगी।काफी खोजबीन के बाद भी वाहन संख्या यूपी 52 बीएन 9571 का कहीं पता नहीं चला।

## राहुल अपहरण कांड: फरार अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ कोर्ट पहुंचे पूर्व जिपं सदस्य नरसिंह पांडेय, पुलिस पर संरक्षण का आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नौतनवां/महराजगंज:** चर्चित राहुल अपहरण कांड में फरार घोषित पूर्व मंत्री अमरमणि त्रिपाठी के खिलाफ पूर्व जिला पंचायत सदस्य और हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष नरसिंह पाण्डेय ने मोर्चा खोल दिया है। शुक्रवार को नरसिंह पांडेय जिला एवं सत्र न्यायालय बस्ती पहुंचे और अधिवक्ताओं के साथ बैठक कर अगली कानूनी कार्रवाई पर चर्चा की।

मीडिया से बात करते हुए नरसिंह पांडेय ने गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, 'अपराधी अमरमणि त्रिपाठी अपने आप को कानून से ऊपर समझ रहा है। यही कारण है कि फरार घोषित होने के बाद भी भयमुक्त होकर सरेआम घूम रहा है और आम जनमानस में भय और दहशत का माहौल पैदा कर रहा है। '

**पुलिस पर लगाया संरक्षण का आरोप**

नरसिंह पांडेय ने महराजगंज, गोरखपुर और बस्ती जिले की पुलिस पर सीधा आरोप लगाते हुए कहा कि फरार अपराधी अमरमणि त्रिपाठी को पुलिस का संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा कि वे अमरमणि को संरक्षण देने वाले अधिकारी और कर्मचारियों की भूमिका की जांच कराकर उनके खिलाफ कार्रवाई की मांग करेंगे।

**कोर्ट को लिखित रूप से कराएंगे अवगत**

पूर्व जिपं सदस्य ने बताया कि वे इस पूरे मामले को लिखित रूप से माननीय न्यायालय के संज्ञान में लाएंगे। उनकी मांग है कि कोर्ट फरार अमरमणि त्रिपाठी की गिरफ्तारी के लिए सख्त निर्देश जारी करे और संरक्षण देने वाले पुलिसकर्मियों पर भी कार्रवाई हो। गौरतलब है कि राहुल अपहरण कांड में अमरमणि त्रिपाठी मुख्य अभियुक्त हैं और लंबे समय से फरार चल रहे हैं। कोर्ट उन्हें पहले ही फरार घोषित कर चुका है। नरसिंह पांडेय द्वारा की गई इस पहल के बाद एक बार फिर यह मामला सुर्खियों में आ गया है।

## श्रमिक दिवस पर श्रमिकों का सम्मान, ग्राम पंचायत गौसिया में सराहनीय पहल

● गांव के विकास कार्यों में श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही असली पूंजी है, जिसे सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य: सचिव रमेश कुमार

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

बृजभूषण तिवारी

**ब्यूरो गोंडा।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस (लेबर डे) के अवसर पर विकासखंड रुपईडीह अंतर्गत ग्राम पंचायत गौसिया में एक सराहनीय पहल देखने को मिली, जहां तालाब सौंदर्यीकरण एवं निर्माण कार्य में जुटे श्रमिकों को सम्मानित कर उनके योगदान को सराहा गया। ग्राम पंचायत सचिव रमेश कुमार द्वारा कार्यस्थल पर पहुंचकर श्रमिकों को फूलमाला पहनाकर उनका अभिनंदन किया गया, जिससे मौके पर मौजूद सभी श्रमिकों में उत्साह और गर्व का माहौल देखने को मिला। इस दौरान सचिव रमेश कुमार ने कहा कि श्रमिक समाज की रीढ़ होते हैं और उनके बिना विकास की कल्पना अधूरी है। उन्होंने कहा कि गांव के विकास कार्यों में श्रमिकों की मेहनत और समर्पण ही असली पूंजी है, जिसे सम्मान देना हम सभी का कर्तव्य है। लेबर डे जैसे अवसर पर उनका सम्मान करना न केवल प्रेरणादायक है, बल्कि यह संदेश भी देता है कि समाज में हर वर्ग का योगदान महत्वपूर्ण है।




कार्यस्थल पर जिन श्रमिकों को सम्मानित किया गया उनमें खुशीराम, रामकुमार, प्रमोद, अशोक, पंकज, श्याम देव, रामराज, संतोष कुमार और सीताराम प्रमुख रूप से शामिल रहे। सभी श्रमिकों ने इस सम्मान के लिए ग्राम पंचायत प्रशासन का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के सम्मान से उनका मनोबल बढ़ता है तथा वे और अधिक लगन और ईमानदारी से कार्य करने के लिए प्रेरित होते हैं। इस अवसर पर श्रमिकों को गिफ्ट के तौर पर मिठाई भी वितरित की गई। सभी को लड्डू खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया गया, जिससे आयोजन में खुशी और अपनापन और भी बढ़ गया। श्रमिकों ने इस स्नेहपूर्ण पहल की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह का सम्मान और सहयोग उन्हें नई ऊर्जा देता है। पंचायत सचिव

बताया कि ग्राम पंचायत गौसिया में इन दिनों तालाब की खुदाई, साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण का कार्य मनरेगा योजना के तहत संचालित किया जा रहा है। इस कार्य के माध्यम से जहां एक ओर ग्रामीणों को रोजगार मिल रहा है, वहीं दूसरी ओर जल संरक्षण को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। गर्मी के इस मौसम में तालाबों का पुनर्जीवन गांव के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय ग्रामीणों ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि अक्सर श्रमिकों के योगदान को नजरअंदाज कर दिया जाता है, लेकिन इस तरह के आयोजनों से उनके प्रति सम्मान की भावना मजबूत होती है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी ग्राम पंचायत इसी तरह श्रमिकों के हित में कार्य करती रहेगी। लेबर डे के इस आयोजन ने न केवल श्रमिकों को सम्मानित किया, बल्कि समाज में श्रम के प्रति सम्मान और संवेदनशीलता का संदेश भी प्रसारित किया, जो एक स्वस्थ और प्रगतिशील समाज के निर्माण के लिए आवश्यक है।




## आर्ट ऑफ लिविंग फाउण्डेशन धूमधाम से मनाएगा श्रीश्री का जन्मोत्सव

● जन्मोत्सव को आनंद उत्सव के रूप में मनाया जाएगा

● संकल्प से सिद्धि प्राप्त होती है : सुबोध विश्वास

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जी हां, जैसे भी संकल्प हम लोग अपने मन में रखते हैं तो वो पूरे होने लगते हैं। लेकिन उसके पीछे आपके प्रयास होते हैं। आपके प्रयास ही आपको सफल बनाते हैं। संकल्प को दृढ़ संकल्प के साथ जब हम कार्य करते है तो वह संकल्प सिद्ध हो जाता है। कुछ ऐसा ही संकल्प आर्ट ऑफ लिविंग ललितपुर के हैप्पीनेस टीचर सुबोध शर्मा विश्वास ने लिया हैं। उन्होंने एक भेंट वार्ता में बताया कि आगामी 13 मई को अर्थात आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक आध्यात्मिक गुरु श्रीश्री रविशंकर जी का 70 वें जन्मोत्सव है। इस अवसर पर आर्ट ऑफ लिविंग फाउंडेशन का ललितपुर चैप्टर एक 6 दिवसीय हैप्पीनेस प्रोग्राम का आयोजन कर रहा है। जिसमें सुबह 6.30 बजे से योग, प्राणायाम, सूर्यनमस्कार, पद्मसाधना, भस्त्रिका के नियमित अभ्यास कराया जाएगा। इनके साथ साथ पूज्य गुरुदेव द्वारा प्रदत्त सांसों की लयबद्ध क्रिया दिव्य सुदर्शन क्रिया सिखाई जाएगी।

नियमित सुदर्शन क्रिया करने से आपके जीवन में अभूतपूर्व परिवर्तन आएंगे। आपका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य बेहतर होगा। आपका मन शांत और तनावमुक्त होगा। आपके व्यवहार में सकारात्मक परिवर्तन आएंगे। आपके निर्णय लेने की क्षमता में विस्तार होगा। परिणामस्वरूप आपका जीवन आनंदमय और निरोगी होगा। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि सभी हैप्पीनेस प्रोग्राम में रजिस्ट्रेशन कराएं और अपने और अपने परिवार को खुशहाली से सजाएं। उन्होंने आगे बताते हुए कहा कि उक्त आयोजन 12 मई से मनाया जाएगा। इस दौरान जगदीश द्विवेदी, ओमप्रकाश लोहिया, जगजीत सिंह जाखड़, वन्दना भारती, विजय गोपाल हुण्डैत, इंजी. बालमुकुंद सोनी, जगभान सिंह सिसौदिया, शुभम् देवलिया, आरुष श्रीवास्तव, अर्पित बासु शर्मा, आर्ट ऑफ लिविंग के अन्य सभी योग साधक इस आयोजन को सफल बनाने में लगे हुए है।

# उल्लास और उमंग के बीच श्रमवीर गौरव समारोह के रूप में मनाया गया अन्तरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पलिया कलां (खीरी)।** जिलेभर में उत्साह, उल्लास और उमंग के बीच शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस 'श्रमवीर गौरव समारोह' के रूप में धूमधाम से मनाया गया। जिला प्रशासन, स्वास्थ्य और श्रम विभाग के संयुक्त तत्वावधान में बलरामपुर चीनी मिल लिमिटेड यूनिट-कुंभी के किसान भवन सभागार में श्रमिकों के आरोग्य हेल्थ चेकअप शिविर, हितलाभ वितरण कार्यक्रम एवं संगोष्ठी आयोजित हुई, जिसमें राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता, सहायक श्रमायुक्त मयंक सिंह ने किया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधायक अमन गिरी, डीएम अंजनी कुमार सिंह, सीएमओ डॉ. संतोष गुप्ता, एएलसी मयंक सिंह, यूनिट हेड सुनील कुमार यादव और पीएलए प्रोजेक्ट हेड ललित जैन ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। श्रम दिवस पर विधायक अमन गिरी ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि उनकी मेहनत से ही प्रदेश और देश तरक्की की राह पर हैं। उन्होंने कहा कि सीएम के नेतृत्व में खीरी तेजी से औद्योगिक विकास की ओर बढ़ रहा है। चीनी मिल के साथ PLA प्लांट व इंडस्ट्रियल पार्क से क्षेत्र में रोजगार के नए अवसर बनेंगे, वहीं छोटी काशी कॉरिडोर से आस्था और विकास को नई पहचान मिलेगी। विधायक ने काश्तकारों और श्रमिकों के योगदान को सराहा। उन्होंने श्रमिक दिवस की शुभकामनाएं भी दी।



**श्रमवीरों के पसीने से खड़ा विकास का ढांचा : डीएम**

डीएम अंजनी कुमार सिंह ने श्रमिकों को नमन करते हुए कहा कि आज कृषि और उद्योग की जो ऊंचाई है,उसकी नींव श्रमिकों के पसीने से ही पड़ी है। देश, प्रदेश और जनपद की समृद्धि में किसान और श्रमिक सबसे बड़ी ताकत हैं। डीएम ने कहा कि मा.मुख्यमंत्री के नेतृत्व में श्रमिकों व किसानों के लिए कई कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं और प्रशासन हर कदम पर उनके साथ खड़ा है। उन्होंने अटल आवासीय विद्यालयों को श्रमिकों के बच्चों के लिए शिक्षा की बड़ी पहल बताया। आज की हर सुविधा के पीछे श्रमवीरों की मेहनत की खुशबू है और सरकार का लक्ष्य है कि योजनाओं का लाभ हर श्रमिक तक पहुंचे। सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने कहा कि श्रमिक हमारे विकास की आधारशिला हैं। उनके स्वास्थ्य और कल्याण के लिए विभाग लगातार कार्य कर रहा। आज का आरोग्य मेला इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। हमारा लक्ष्य है कि हर श्रमिक तक स्वास्थ्य सेवाएं सहज रूप से पहुंचे। यूनिट हेड ने आभार जताते हुए कहा कि श्रमिकों के लिए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम शिविर में पहुंची है, जिसका लाभ सभी को लेना चाहिए। कुंभी में चीनी से बायोप्लास्टिक बनेगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर कुंभी में 200 एकड़ में बायोप्लास्टिक प्लांट लगेगा, जो दुनिया का पहला इंटीग्रेटेड प्लांट होगा। इससे क्षेत्र औद्योगिक नगरी के रूप में विकसित होगा और PLA प्लांट की नई पहचान बनेगी।

**विधायक, डीएम ने श्रमिक हितलाभ योजनाओं के तहत आश्रितों व लाभार्थियों को वितरित की आर्थिक सहायता**

विधायक अमन गिरी और डीएम अंजनी कुमार सिंह ने निर्माण कामगार मृत्यु एवं दिव्यांगता सहायता योजना के अंतर्गत 11 आश्रितों को दो-दो लाख रुपये की एफडी प्रदान की। साथ ही प्रत्येक लाभार्थी को 25-25 हजार रुपये की अतिरिक्त सहायता भी प्रदान की गई। इसके अलावा मातृत्व शिशु एवं बालिका मदद योजना के अंतर्गत 5 लाभार्थियों को 31-31 हजार रुपये की चेक वितरित की गई।

**श्रमिक आरोग्य मेले में उमड़ी भीड़, विशेषज्ञों ने दी निःशुल्क जांच व दवाएं**

श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आयोजित श्रमिक आरोग्य मेले में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ लिया। मेले का संचालन डिप्टी सीएमओ डॉ प्रमोद कुमार और एमओआईसी डॉ. गणेश के नेतृत्व में किया गया। मेला पर्यवेक्षक डॉ. अजय वर्मा की देखरेख में बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अशोक, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. शिवानी, फिजिशियन डॉ. प्रियम श्रीवास्तव सहित विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने मरीजों का परीक्षण किया। इस दौरान एनसीडी स्क्रीनिंग, टीबी जांच, नेत्र परीक्षण के साथ ही लैब की सभी आवश्यक जांचें की गई। इसके अलावा टीकाकरण सेवाएं भी उपलब्ध कराई गई। मेले में आए मरीजों को निःशुल्क दवाओं का वितरण कर उन्हें स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड भी बनाए गए। कुंभी चीनी मिल के साथ-साथ खंभारखेड़ा शुगर मिल और विम्बा इंडस्ट्रीज में भी श्रमिक आरोग्य मेले का आयोजन किया। इन शिविरों में विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया और निःशुल्क दवाएं उपलब्ध कराई गई।

## संक्षिप्त खबरें

### अलग-अलग हादसों में आठ घायल, तीन की हालत गंभीर

**तिलहर- शाहजहांपुर।** अलग-अलग स्थानों पर हुए हादसों में कई लोग घायल हो गए। इनमें भाई-बहन समेत तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया। शुक्रवार को जैतीपुर क्षेत्र के गांव बंथरा उर्फ नागला निवासी रामवीर अपनी पत्नी सुषमा के साथ रोजा थाना क्षेत्र के ग्राम मणियाव स्थित अपनी ससुराल जा रहे थे जब वह कुछ खरीदारी करने के लिए तिलहर के बिरियागंज चौराहे के पास रुके तभी वहां घूम रहे एक आवारा सांड ने हमला कर उनकी पत्नी सुषमा के पेट में सींग मार कर घायल कर दिया। तत्काल उदय प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सक ने गंभीरस्थिति को देखकर राजकीय मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। उधर जैतीपुर थाना क्षेत्र के लोचन नगर निवासी रमेश अपनी पत्नी ईश्वरवती के साथ बाइक से शाहजहांपुर जा रहे थे जैसे ही वह हाईवे पर सरयू पुलिया के समय पहुंचे तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे दंपति घायल हो गए। चिकित्सक ने दोनों भाइयों को रेफर कर दिया। थाना खुदागंज क्षेत्र के ग्राम देवरास निवासी निवासी विभू अपने भाई मयंक के साथ आटो से जब एक मुकदमे की तारीख पर तिलहर न्यायालय जा रहे थे तभी अचानक तेज गति से जा रहा ऑटो पलट जाने से बिभू तथा मयंक सहित पांच लोग घायल हो गए।

### सिटी मॉण्टेसरी इण्टर कॉलेज में बच्चों ने मनाया विश्व मजदूर दिवस



**लखीमपुर खीरी-** नगर के प्रतिष्ठित विद्यालय सिटी मोंटसरी इंटर कॉलेज के प्रबंधक विशाल सेठ के नेतृत्व में अपने विद्यालय में कार्य करने वाले चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को बच्चों ने उपहार देकर विश्व मजदूर दिवस मनाया। इस अवसर पर ने उनके प्रति कृतज्ञता का भाव बोले थैंक्यू भैया जी, थैंक्यू आया दीदी। विद्यालय के छोटे-छोटे बच्चों के माध्यम से मिले उपहारों को पाकर चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के चेहरे खिले उनके हौंसलों को लगे पंख।बुद्ध पूर्णिमा के इस पावन अवसर पर बच्चों द्वारा अपने विद्यालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए मनाया गया यह विश्व मजदूर दिवस अपने आप में रहा एक अनूठी मिशाल।सभी कर्मचारियों ने कहा यह दिन रहेगा हमें याद, बच्चों के द्वारा दिए गये इन पुरस्कारों को हम कभी भूल नहीं पायेंगे।विद्यालय प्रबन्धक विशाल सेठ, प्रबन्ध संचालिका लेखनी सेठ एवं प्रधानाचार्य धीरेन्द्र सिंह ने भी सभी चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को धन्यवाद दिया कि उनके कार्यों के माध्यम से ही विद्यालय सुचारू रूप से चलाया जा रहा है और सभी ने उनके प्रति कृतज्ञता अर्पित की।

### शिकायत पर प्रतिक्रिया देने में सुस्त मितौली पुलिस

**शिकायत करने के एक सप्ताह बाद भी कोई एक्शन नहीं**



**मितौली खीरी-** मितौली पुलिस की सुस्ती के चलते पीड़ितों को समय से नहीं मिल पा रहा है। पूरा मामला लखीमपुर खीरी जनपद के मितौली थाना क्षेत्र के अंतर्गत दानपुर गाँव का है जहां बहुआयामी समाचार के पत्रकार आकाश मिश्र जो कि कस्ता स्थित एक प्राइवेट स्कूल में अध्यापन का कार्य करते हैं तथा दिनांक 23 अप्रैल को प्रतिदिन की भांति सुबह अपनी मोटर साइकिल से विद्यालय जा रहे थे। जिनका रास्ते में गांव के एक बकरी पालक की लापरवाही के चलते बकरी को बचाने के चक्कर में एक्सीडेंट हो गया जिसमे पीड़ित के दोनों हाथ चोटिल हो गए थे जिसमें से बायां हाथ टूट गया था और शरीर में अन्य जगहों पर भी गंभीर चोटें आई थी। उक्त दुर्घटना में पीड़ित की मोटर साइकिल भी क्षतिग्रस्त हो गई थी। जिस संबंध में पीड़ित ने दिनांक 23 अप्रैल को कस्ता पुलिस चौकी पर प्रार्थना पत्र दिया था तथा न्याय की गुहार लगाई थी। पीड़ित का कहना है कि उसके इलाज में हुए व्यय को पशु स्वामी से दिलवाया जाए। कई दिन बीत जाने के बाद जब पुलिस ने एक्शन नहीं लिया तो पीड़ित ने कल दिनांक 28 अप्रैल को मितौली थाना में भी प्रार्थना पत्र दिया था किंतु अभी तक निराशा ही हाथ लगी है।

# अवैध रूप से चभाल फार्म पर विद्यालय की मान्यता, शिक्षा विभाग भी सहयोगी बना

**● रोक के बावजूद कौन कर रहा खेती?**

**कब्जा बनाए रखने के लिए नित नए प्रयास जारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** ब्लॉक फूलबेहड़ के ग्राम बसैगापुर में भू माफियाओं ने पहले चभाल कृषि सहकारी समिति की 258 एकड़ जमीन का खुर्द बुर्द करके बैनामा करवा कर जमीन पर कब्जा कर लिया फिर इस विवादित भूमि पर शायद सदा के लिए कब्जा बनाए रखने के लिए स्कूल खोलकर बच्चों को पढ़ाने लगे और उसकी सरकारी तौर पर बेसिक शिक्षा विभाग से मान्यता भी ले ली। बताया जाता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता नहीं मिल सकती है। मिली जानकारी के अनुसार भू माफियाओं ने 2017 में तेज रसीला पब्लिक स्कूल नाम से स्कूल खोलकर कक्षा 5 तक मान्यता करा ली लेकिन बताते हैं कि पढ़ाई कक्षा 8 तक की जा रही है। एक तरफ शिक्षा विभाग कहता है कि विवादित भूमि पर विद्यालय की मान्यता ना देने का सरकार का प्रावधान है परंतु 2017 में खंड शिक्षा अधिकारी फूलबेहड़ व जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बुद्धप्रिय सिंह ने शासनादेश को ताक पर रख कर धता बताते हुए भू माफियाओं के स्कूल को मान्यता दे दी जिसको वह माफिया चला रहे हैं। बताते हैं कि इस विवादित भूमि की जांच व कार्रवाई तेज होने के बाद एक भूमाफिया चंद्र प्रकाश अरोड़ा अब उस जमीन पर गुरु कृपा आश्रम खोलकर जमीन को अपने कब्जे में बनाए रखने का प्रयास कर रहा है क्योंकि सन 2024 अप्रैल में सहायक निबंधक सहकारिता ने उक्त जमीन पर गेहूं की फसल काटे जाने व भूमाफियों के प्रवेश पर रोक लगाई थी। यह बात दीगर है कि रोक के बावजूद भी भूमि पर निरंतर खेती बाड़ी जारी है और निरन्तर फसलें उगाई जा रही हैं कोई यह बताने को तैयार नहीं है कि यह फसल माफियाओं की है या सहकारिता विभाग की है।मामला सब गोलमाल जैसा दिखाई देता है असलियत क्या है यह भी एक विशुद्ध निष्पक्ष उच्च स्तरीय जांच का विषय है।

### बरेली में किसान को गोलियों से भूना, पुरानी रंजिश में हत्या का आरोप

**बरेली।** फरीदपुर के रायपुर हंस गांव में किसान को गोलियों से भून दिया गया। उसका शव गांव के ही बाग में चारपाई के पास पड़ा मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने स्वजन से बातचीत की तो गांव के ही कुछ लोगों पर आरोप लगाया है। सभी आरोपित गांव से फरार हो गए हैं। रायपुर हंस गांव निवासी इंद्रपाल अकेले रहते थे, विवाह के कुछ समय बाद उनकी पत्नी छोड़कर चली गई थी। इंद्रपाल के कुछ भाई खटीमा में रहते हैं, जबकि एक गांव में ही रहते हैं। गांव में ही इंद्रपाल का आम का बाग है वह इन दिनों उसकी रखवाली करते थे। शुक्रवार सुबह जब गांव के कुछ लोग खेतों पर टहलने के लिए गए तो उन्होंने बाग में चारपाई के पास इंद्रपाल का शव खून से लथपथ पड़ा देखा। उनके सीने पेट और पैर में गोलियां लगी थी। स्वजन के मुताबिक, इंद्रपाल की भतीजी को गांव के ही रिशिपाल का बेटा विकास बहला-फुसलाकर ले गया था। तब से दोनों पक्षों में रंजिश चली आ रही है।

### 26 लाख से चमकेंगे अमेठी के 19 PM कंपोजिट स्कूल, मरम्मत के लिए शासन ने पैसे किए मंजूर

**अमेठी।** जिले में संचालित 19 पीएम श्री कंपोजिट विद्यालयों के सुंदरीकरण और मरम्मत के लिए शासन द्वारा 26 लाख 10 हजार 220 रुपये की धनराशि आवंटित की गई है। इस पहल का उद्देश्य विद्यालयों में पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर शैक्षिक वातावरण और सुविधाएं उपलब्ध कराना है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, प्रत्येक पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय को साफ-सफाई के लिए 12,500 रुपये तथा एलईडी लाइट की व्यवस्था हेतु 2,000 रुपये दिए गए हैं। इसके अलावा, भवन की मरम्मत कार्यों के लिए प्रति विद्यालय 1 लाख 22 हजार 880 रुपये आवंटित किए गए हैं। इस धनराशि से विद्यालयों में आवश्यक मरम्मत, सौंदर्यीकरण और बुनियादी सुविधाओं को दुरुस्त किया जाएगा, जिससे छात्रों को सुरक्षित और बेहतर माहौल में शिक्षा मिल सके। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए हैं कि कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा किया जाए, ताकि छात्रों को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके।

### बुद्ध के आदर्शों पर चलकर ही संभव है राष्ट्र का उत्थान




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** ग्राम चावड़ स्थित गुरू अशोक मित्र बौद्ध विहार में शुक्रवार को भगवान गौतम बुद्ध का जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में पी.एन. दीवान पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य प्रदीप कुमार गुप्ता ने भगवान बुद्ध के सिद्धांतों को शिक्षा और जीवन की आधारशिला बताया। उन्होंने ने कहा भगवान बुद्ध वैज्ञानिक दृष्टिकोण और मानवता के सबसे बड़े शिक्षक थे। हमारा यही उद्देश्य है कि विद्यार्थी बुद्ध के 'अप्प दीपो भव' (अपना दीपक स्वयं बनो) के मंत्र को आत्मसात करें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल साक्षर होना नहीं, बल्कि करुणा और विवेक का विकास करना है। उनके आदर्शों पर चलकर ही हम एक सशक्त और अनुशासित समाज का निर्माण कर सकते हैं। इससे पूर्व समता सैनिक दल के पूर्व जिला प्रवक्ता जसवीर सिंह राणा ने बुद्ध के जीवन चरित्र पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की शुरुआत सामूहिक बुद्ध वंदना और प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर की गई। वक्ताओं ने समाज में शांति, प्रेम और आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वंदना सिंह, विधि सिंह, प्रज्ञा सिंह, पारी गौतम, जितेंद्र कुमार, कुणाल, लवी, मयंक कुमार, द्वारिका प्रसाद बौद्ध, खूबकरन लाल, राजेंद्र सक्सेना, दीपिका बनर्जी, सुलभ अग्रवाल, सोनम कश्यप, शीतल साहू और रूबी गंगवार सहित भारी संख्या में श्रद्धालु व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### पचोखरा विद्युत फीडर पर स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं ने किया प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**टूण्डला-** स्मार्ट मीटर को लेकर महिलाओं का विरोध प्रदर्शन थमने का नाम नहीं ले रहा, क्षेत्र में स्मार्ट मीटर के विरोध में महिलाओं का लगातार प्रदर्शन जारी है, इसी क्रम में शुक्रवार को पचोखरा विद्युत फीडर उपकेंद्र पर महिलाओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में कोटकी पचोखरा आदि क्षेत्र की सैकड़ों की संख्या में एकत्रित महिलाएं फीडर उपकेंद्र पहुंचीं। एकत्रित महिलाओं ने विद्युत फीडर पर पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने लगाए गए स्मार्ट मीटरों को उखाड़कर फीडर परिसर में फेंक दिया। महिलाओं का आरोप था कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद बिजली बिलों में अत्यधिक बढ़ोतरी हो रही है, जिससे आम उपभोक्ता परेशान हैं। बिल जमा होने के बावजूद बिजली काट दी जाती है।बिजली चालू कराने के लिए विभागीय कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़ते हैं। उन्होंने कहा कि बिना पर्याप्त जानकारी और सहमति के मीटर लगाए जा रहे हैं, जिसे वे स्वीकार नहीं करेंगी।



प्रदर्शन के दौरान महिलाओं ने बिजली विभाग के खिलाफ नारेबाजी भी की और स्मार्ट मीटर हटाने की मांग की। शुक्रवार को छुट्टी का दिन होने के कारण विद्युत फीडर पर तैनात जे.ई मौके पर नहीं पहुंचे महिलाओं ने फीडर पर मौजूद एस.एस.ओ का घेराव कर लिया, सूचना पर पहुंची थाना पचोखरा पुलिस ने महिलाओं को समझा बुझाकर प्रदर्शन समाप्त कराया और मौके पर मौजूद एस एस ओ ने विद्युत अधिकारियों से बात कर महिलाओं को समस्या के समाधान का आश्वासन दिया इस दौरान महिलाओं ने कहा कि जब तक उनको बिना सहमति के लगाए गए स्मार्ट मीटर वापिस नहीं लिए जाएंगे तब तक उनका प्रदर्शन आगे भी जारी रहेगा।

### एक ही आंगन से उठीं चार अर्थियां,रो पड़ा पूरा गांव—आसमान भी नहीं रोक पाया आंसू

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सुरेंद्र सिंघल,शाहजहांपुर।** निगोही कस्बे के रामनगर मोहल्ले की शुक्रवार की सुबह किसी भयावह सपने से कम नहीं थी। हर तरफ सन्नाटा पसरा था, लेकिन उस सन्नाटे के बीच गूंज रही थीं दर्दभरी सिसकियां। जैसे ही एक ही घर से एक साथ चार अर्थियां उठीं, हर आंख भर आई। यह सिर्फ चार जनाजे नहीं थे, बल्कि एक पूरे परिवार की खुशियों, सपनों और जीवन का अंत था। उस पल को देखकर ऐसा लगा मानो आसमान भी इस दुख को सह न सका—हल्की बारिश की बूंदें गांव के आंसुओं में घुलकर दर्द को और गहरा कर रही थीं। इस भीषण हादसे में अरुण, उनकी पत्नी सीमा, मासूम पुत्र नैतिक और नन्ही पुत्री दीक्षा की दर्दनाक मृत्यु हो गई। अरुण अपने साले की शादी में शामिल होकर परिवार के साथ बाइक से घर लौट रहे थे। शादी की खुशियां अभी उनके चेहरे पर थीं, बच्चों की हंसी अब भी गूंज रही थी। लेकिन किसे पता था कि यह मुस्कानें उनकी जिंदगी की आखिरी होंगी।

रास्ते में सामने से आ रही तेज रफ्तार बोलेरो ने उनकी बाइक को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि चारों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जैसे ही यह खबर गांव पहुंची, खुशियों से भरा माहौल पलभर में मातम में बदल गया। जिस घर में अभी हाल तक शादी की बातें और हंसी गूंज रही थी, वहां अब सिर्फ रोने-बिलखने की आवाजें थीं। परिजनों का हाल ऐसा था कि शब्द भी उनका दर्द बयान करने में असमर्थ लग रहे थे। मां अपने बेटे को पुकारती रह गई, रिश्तेदार बच्चों के नाम लेकर रोते रहे लेकिन अब कोई लौटकर आने वाला नहीं था। शुक्रवार को अंतिम यात्रा के दौरान जब चारों अर्थियां एक साथ उठीं, तो हर कदम जैसे भारी हो गया। पूरा गांव इस दर्द में शामिल था। श्मशान घाट पर जब एक साथ चार चिताएं जलीं, तो हर आंख नम और हर दिल टूट चुका था। ऐसा मंजर जिसने पत्थर दिल



इंसान को भी रुला दिया। हालांकि प्रशासनिक अधिकारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने पहुंचकर संवेदनाएं व्यक्त की और मदद का आश्वासन दिया लेकिन इस अपूर्णनीय क्षति के सामने हर सांत्वना छोटी पड़ गई। क्योंकि एक पल की लापरवाही तथा एक तेज रफ्तार के कारण काल ने एक पूरे परिवार को अपने आगोश में समेट लिया था।

### उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ का शांतिपूर्ण संपन्न हुआ चुनाव एवं शपथ ग्रहण समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-खीरी।** 30 अप्रैल 2026 को गोला डिपो में उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ का शांतिपूर्ण एवं खुशहाल माहौल में चुनाव संपन्न हुआ। उत्तर प्रदेश रोडवेज कर्मचारी संघ सम्बद्ध भारतीय मजदूर संघ के हुए वार्षिक चुनाव गोला डिपो में ट्रैफिक शाखा पर अध्यक्ष के.के. पांडे मंत्री पद पर अनूप मिश्रा कार्यशाला शाखा पर अभिषेक शुक्ला उर्फ लंकेश एवं मंत्री पद पर रचित मिश्रा को चयनित किया गया, गोला डिपो की संयोजक अश्वनी शुक्ला को मनोनीत किया गया।

चुनाव अधिकारी विजय वर्मा की देखरेख में चुनाव शांतिपूर्ण संपन्न हुआ। प्रशासनिक शाखा में राजेश शर्मा अध्यक्ष, मंत्री पद पर संजय यादव को मनोनीत किया गया। महिला वर्ग में अध्यक्ष पिंकी बानो एवं मंत्री रश्मि देवी को बनाया गया। इस अवसर पर प्रांतीय मंत्री नवनीत वर्मा, क्षेत्रीय



उपाध्यक्ष युवराज त्रिवेदी के साथ डिपो के पदाधिकारी गण, राम रतन, अनुज राज, जितेंद्र सिंह वरिष्ठ उपाध्यक्ष, अंकित कुमार, रोमान, प्रीतम सिंह, विजय कुमार, प्रेम सागर, गौरव कुमार, अफसर अली, विकास सिंह, धीरेंद्र मिश्रा, जसवीर सिंह, प्रदीप वर्मा, इकबाल अहमद, सद्दाम खान, हजरत अली, उपेंद्र वर्मा, मनीष कुमार, सुधीर वर्मा, पशुपतिनाथ, दिलीप पांडे, रिंकी पाल, क्षमा, नम्रता शाक्य, उर्मी देवी आदि कई कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

### ममरी के पास मोटरसाइकिल एक्सीडेंट मे पति की मौत पत्नी घायल

**गोला गोकर्ण नाथ खीरी-** हैदराबाद थाना क्षेत्र मे दिनांक 1-5- 26 को समय करीब 10:30 बजे टाटा मैजिक संख्या यूपी 30 डीटी 5195 गोला से मोहम्मदी की ओर जाते समय सरदार पटेल स्कूल ग्राम ममरी थाना हैदराबाद के पास मोटरसाइकिल संख्या P 27 डी एस 2178 स्पलेंडर पर बैठे हुए मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी की दुर्घटना हो गई, जिसमे दुर्घटना के दौरान मोटरसाइकिल सवार उमेश कुमार पुत्र रामविलास निवासी ग्राम बधारु बिजला थाना पुवायां जिला शाहजहांपुर उम्र 37 वर्ष घटनास्थल पर मृत्यु हो गई, तथा पत्नी शारदा को गंभीरा अवस्था के चलते रूप दोनों को तत्काल 108 एंबुलेंस की सहायता से इलाज हेतु सरकारी अस्पताल गोला भिजवाया गया, वही हैदराबाद थानाध्यक्ष ने बताया कि मृतक के शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेजा गया है,वही घायलो को जिला अस्पताल रेफर किया गया है।

### कभी चर्चा में रहा फतेहगंज पुल अब रास्ता बंद होने के कगार पर नहीं हो रही कार्यवाही



**बरेली/** विकास खंडभदपुरा ग्राम पंचायत मधु नगला के मजरा गांव फतेहगंज पनघैली नदी पर पूर्व विधायक मास्टर छोटेलाल गंगवार के कार्यकाल में बने इस पुल के उद्घाटन को लेकर मचा था संग्राम इसके लिए वर्ष 19 97 में नेता विरोधी दल धनीराम वर्मा को इस पुल का उद्घाटन करने के लिए बुलाया गया था। परांतारा तो रात कार्यक्रम बदल जाने के कारण राजनीतिक अखाड़ा बन गया था यह पुल उनको उद्घाटन करने से रोका गया तो वह यहीं पर धरना देकर बैठ गए थे उनको रोकने के लिए अपर जिला अधिकारी प्रशासन हृदय शंकर तिवारी पुलिस अधीक्षक ग्रामीण गुलाब सिंह ने मोर्चासंभालते हुए उद्घाटन नहीं करने दिया। तो नेता विरोधी दल पल पर ही अनिश्चितकालीन भरने पर बैठ गए इसको लेकर प्रशासन के हाथ पैर फूल गए कड़ाके की सर्दी के बावजूद रात्रि 12:00 बजे के बाद जिला अधिकारी राम राम वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कमल सक्सेना सपा जिला अध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव समेत तमाम लोग पहुंच गए अंत में फैसला हुआ। नेता विरोधी दल का काफिला इसी पुल से होकर निकलेगा और इस पुल के उद्घाटन के लिए किसी का भी पत्थर नहीं लगाया जाएगा जो आज तक इस पुल पर किसी के नाम का पत्थर नहीं लगा है इस पुल से होकर क्यों लड़िया से लेकर बरेली जाने के लिए रास्ता है इसी पुल पर पुल से जुड़ी सड़क फस जाने के कारण गहरा गड्ढा हो गया है जिसे लोगों ने ईद पत्थर मिट्टी डालकर पेड़ों की डालें तोड़कर डाल दी गई है जिससे किसी के साथ अनहोनी ना हो सके परंतु इसको ठीक करने के लिए विभाग से लेकर किसी भी जनप्रतिनिधि ने अब तक गौर नहीं किया है जिसके कारण रास्ता अवरुद्ध पड़ा है।

### 'अंधेर नगरी-चौपट राजा', गोला तहसील बनी भू-माफियाओं का चारागाह!

**● गोला तहसील मे भ्रष्टाचार की 'मिट्टी' में सनी कानून की साख**

**आखिर किसका भू-माफियाओं को मिल रहा संरक्षण**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार का निर्देश साफ है कि अपराध और माफिया को मिट्टी में मिला देंगे।' लेकिन लखीमपुर के तहसील गोला क्षेत्र के मुड़ा बुजुर्ग, पलहनापुर, जटपुरवा,हरदुआ की हकीकत बाबा के इन दावों पर कालिख पोत रही है। यहाँ मिट्टी में माफिया नहीं मिल रहे, बल्कि माफिया सरकारी जमीनों पर अवैध तरीके से खेती करके करोड़ों की काली कमाई कर रहे हैं।

**सिस्टम को माफिया का 'चढ़ावा' या कानून की विफलता**

लखीमपुर में कानून का डंडा अब भू-माफियाओं के सामने 'बोना' साबित हो रहा है। स्थानीय चर्चाओं और सूत्रों की मानें तो 'भू माफ़िया का साम्राज्य इस कदर फैला है कि प्रशासन की चुप्पी अब संदेह के घेरे में है। सुत्रो के अनुसार लेखपाल से तहसील दफ्तर तक 'महीना': खबर है कि भू -माफिया लोग खुलेआम दावा कर रहें है कि 'नीचे से ऊपर तक हिस्सा पहुँचता है।' क्या यही वजह है कि कानूनगो, नायब तहसीलदार तहसीलदार और एस. डी. एम. गोला को दिन के उजाले में भी ये अवैध कब्जे नजर नहीं आते राजस्व विभाग सरकारी जमीनों की जानकारी गाटा सहित सार्वजनिक करने से क्यों कतरा रहा है अगर सब कुछ वैध है, तो विवरण जनता के सामने क्यों नहीं तालाब, खलिहान, खेल मैदानों और मरघट पर भू माफियाओं का आतंक है परगना कुकुरा के ग्राम जटपुरा, हरदुआ और परगना भूड, के ग्राम मुड़ा बुजुर्ग का इलाका भू माफिया का 'एपिसेंटर' बन चुका है। राजस्व की सरेआम लूट ने सरकार के खजाने में जाने वाला पैसा आज भ्रष्ट अधिकारियों और माफियाओं की जेबें गरम कर रहा है। जिससे आम जनता का जीना मुहाल है।

**जनप्रतिनिधियों के दोहरे मापदंड!**

एक तरफ जहां सभी अवैध कब्जों पर कार्रवाई की बात की जाती हैं दूसरी तरफ भू माफियाओं का स्पष्ट कहना है कि साहब के पास तक पहुंच रहा है कमाई का तयशुदा हिस्सेदारी उन्ही का अभयदान है और एक उच्च अधिकारी ने मूक सहमति दी है साथ ही यह भी बोल रहे है भाई साहब ने मेरे साथ जाकर मौका का मुआयना किया साथ में 78 एकड़ सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा धारक भी अधिकारियों के साथ था।

**अब निर्णायक कार्रवाई की बारी**

यह केवल अवैध कब्जा ही नहीं, बल्कि एक संगठित अपराध है। लखीमपुर की जनता अब जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक की ओर देख रही है। क्या इन माफियाओं के खिलाफ 'बुलडोजर' वाली कार्रवाई होगी या फिर भ्रष्टाचार का यह सिंडिकेट ऐसे ही कानून का मजाक उड़ाता रहेगा 'जब रक्षक ही भक्षक की भूमिका में मौन समर्थन देने लगे, तो लोकतंत्र के चौथे स्तंभ को आवाज उठानी ही होगी। '

## संक्षिप्त खबरें

### व्यापार मंडल के महामंत्री का जन्मदिन मनाया गया



**नैनी।** व्यापार मंडल के महामंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता घनश्याम जायसवाल का जन्मदिन उनके कार्यालय में समर्थकों द्वारा धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद विनय जायसवाल 'बाबा' एवं व्यापारी नेता लाल जी जायसवाल के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने केक काटकर और अंगवस्त्र भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम के दौरान पूर्व पार्षद विनय जायसवाल 'बाबा' ने कहा कि घनश्याम जायसवाल लंबे समय से समाज और व्यापारियों के हितों के लिए संघर्ष करते आ रहे हैं और उनका यह समर्पण आगे भी निरंतर जारी रहेगा। इस मौके पर सुशील गुप्ता, सुनील जायसवाल, राहुल जायसवाल पत्रकार, पिंटू विश्वकर्मा, विक्की कौशल, पप्पू मास्टर, अशोक अग्रवाल, माधो विश्वकर्मा, दशरथ जायसवाल सहित अनेक समर्थक उपस्थित रहे।वहीं दूसरी ओर, व्यापार मंडल नैनी के अध्यक्ष एवं पार्षद राकेश जायसवाल ने मेवलाल बगिया चौराहे पर घनश्याम जायसवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं। इस दौरान सुभाष चंद्र केसरवानी, राजेश शर्मा, राजीव वर्मा 'गुड्डू', धर्मराज पटेल, हासीम खान, सोनू मिश्रा, विनोद माली समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

### श्रमिक दिवस पर कर्मवीरों का सम्मान,मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में भव्य आयोजन




**नैनी, प्रयागराज।** मिलेनियम वर्ल्ड स्कूल में 'श्रमिक दिवस' के अवसर पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया।विद्यालय परिसर को विशेष रूप से सजाया गया और श्रमिकों के सम्मान में विभिन्न गतिविधियाँ आयोजित की गई।इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से श्रमिक वर्ग के प्रति सम्मान एवं आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के परिचालकों और सुरक्षा कर्मियों को माला पहनाकर सम्मानित किया गया, जिससे उनका उत्साह और मनोबल बढ़ा।विद्यालय के प्रबंधक एस. के. मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि किसी भी संस्था या व्यवस्था के सफल संचालन में श्रमिकों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण और अपरिहार्य होती है। वहीं, विद्यालय की प्रधानाध्यापिका श्रीमती साईमा मसीह ने कर्मवीरों को पुरस्कृत कर उनके कार्यों की सराहना की और उनके योगदान को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम का समापन श्रमिकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए किया गया।

### थाना उतरांव पुलिस द्वारा 02 वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**कब्जे से छिनैती की मोबाइल फोन व घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

**ब्यूरो प्रयागराज।** थाना उतरांव पर पंजीकृत मु0 अ0 सं0 -82/ 2026 धारा-304(2) भा0 न्या0 सं0 से सम्बन्धित 02 वांछित अभियुक्त 1. अर्जुन सिंह पुत्र राम सिंह बैगा निवासी ग्राम फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज 2. सोनू बैगा पुत्र कमलेश निवासी ग्राम अजना थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज को थाना उतरांव पुलिस टीम द्वारा आज दिनांक-01.05.2026 को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत कसियापुर हॉइवे फ्लाई ओवर के पास से मुकदमा उपरोक्त में छीनी गयी 01 मोबाइल फोन (वीवो कम्पनी) व घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल वाहन सं0 - P 70 EV 2897 के साथ गिरफ्तार किया गया। उक्त गिरफ्तारी/ बरामदगी के आधार पर मुकदमा उपरोक्त में धारा- 317(2) भा0 न्या0 सं0 की बढ़ोत्तरी कर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार उपरोक्त अभियुक्तों द्वारा दिनांक-27.04.2026 को थाना उतरांव क्षेत्रान्तर्गत ग्राम वलिपुर में वादी मुकदमा के घर जाते समय मोबाइल छिनकर भाग जाया गया था, जिसके सम्बन्ध में थाना उतरांव पर मु0 अ0 सं0-82/ 2026 उपरोक्त पंजीकृत किया गया था।

**गिरफ्तार अभियुक्तों का विवरण-** 1. अर्जुन सिंह पुत्र राम सिंह बैगा निवासी ग्राम फाजिलाबाद उर्फ कालूपुर थाना बहरिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 21 वर्ष।

2. सोनू बैगा पुत्र कमलेश निवासी ग्राम अजना थाना हण्डिया कमिश्नरेट प्रयागराज, उम्र करीब 26 वर्ष।

**सम्बन्धित अभियोग का विवरण-** मु0 अ0 सं0-82/ 2026 धारा-304(2) भा0 न्या0 सं0 व बढ़ोत्तरी धारा-317(2) भा0 न्या0 सं0 थाना उतरांव कमिश्नरेट प्रयागराज।

# 9 साल हिरासत में रहने के बावजूद इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नहीं दी जमानत

**● सुप्रीम कोर्ट ने की आलोचना**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में हत्या के आरोपी को ज़मानत दी, जिसने हत्या के मामले में विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल में लगभग नौ साल बिताए। कोर्ट ने टिप्पणी की कि हाई कोर्ट संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत आरोपी के 'जल्द सुनवाई के मौलिक अधिकार' को समझने में नाकाम रहा। जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के ज़मानत न देने के आदेश पर कड़ी नाराज़गी ज़ाहिर की। बेंच ने इस मामले को 'बहुत चौंकाने वाला' और विवादित आदेश को 'बहुत निराशाजनक' बताया। कोर्ट ने कहा कि ट्रायल खत्म हुए बिना याचिकाकर्ता को इतने लंबे समय तक जेल में रखना, 'जल्द सुनवाई के अधिकार' का घोर उल्लंघन है। यह पहली बार नहीं है जब जस्टिस पारदीवाला की अगुवाई वाली बेंच ने ज़मानत के मामलों में इलाहाबाद हाईकोर्ट की आलोचना की। हाल ही में, बेंच की ऐसी ही एक आलोचना के बाद हाईकोर्ट के जज ने अनुरोध किया था कि उन्हें ज़मानत से जुड़े मामलों की लिस्ट (रोस्टर) से हटा दिया जाए। पिछले साल, जस्टिस पारदीवाला की बेंच ने निर्देश दिया था कि इलाहाबाद हाईकोर्ट के एक और जज को आपराधिक मामलों की लिस्ट से हटा दिया जाए। इस आदेश को बाद में चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) के अनुरोध पर वापस ले लिया गया था। याचिकाकर्ता वैभव सिंह को 7 मार्च, 2017 को गिरफ्तार किया गया था। उन पर गोरखपुर के कैंट पुलिस स्टेशन में दर्ज मामले में भारतीय दंड संहिता (IPC) की धारा 147, 148, 149, 120-B और 302 के तहत अपराधों का आरोप है। जांच पूरी होने के बाद चार्जशीट दाखिल की गई और मामला सेशंस कोर्ट को सौंप दिया गया, जहां ट्रायल अभी भी चल रहा है। लंबे समय तक हिरासत में रहने की बात पर ध्यान देते हुए कोर्ट ने टिप्पणी की कि याचिकाकर्ता लगभग नौ सालों से एक विचाराधीन कैदी के तौर पर जेल में बंद है। सुप्रीम कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले में गलती पाई, जिसमें उसने ट्रायल शुरू होने के बाद ज़मानत न देने के लिए 'ङ्ग बनाम राजस्थान राज्य' (2024 INSC 909) मामले के पिछले फैसले का हवाला दिया था। हाईकोर्ट ने टिप्पणी की थी कि एक बार ट्रायल शुरू हो जाने के बाद आम तौर पर ज़मानत नहीं दी जानी चाहिए और उस चरण में सबूतों में मौजूद कमियों पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। बेंच ने माना कि हाई कोर्ट, जिस फैसले का हवाला दिया गया, उसका असली मतलब समझने में नाकाम रहा और उसने याचिकाकर्ता के लगातार जेल में रहने की मुख्य बात को नज़रअंदाज़ किया। कोर्ट ने ज़ोर देकर कहा कि हाईकोर्ट को हिरासत की अवधि और जल्द सुनवाई के संवैधानिक आदेश पर विचार करना चाहिए था। कानून के स्थापित सिद्धांतों पर ज़ोर देते हुए बेंच ने दोहराया कि सिर्फ़ अपराध की गंभीरता के आधार पर किसी को अनिश्चित काल तक हिरासत में नहीं रखा जा सकता, खासकर तब जब मुक़दमे में बेवजह देरी हो रही हो। कोर्ट ने कहा, 'अपने कई फ़ैसलों में और कई मौकों पर हमने साफ़ शब्दों में कहा है कि अपराध चाहे कितना भी गंभीर क्यों न हो, लेकिन अगर आरोपी को जल्द सुनवाई का उसका अधिकार नहीं मिलता है और वह अपनी किसी भी गलती के बिना सालों से जेल में सड़ रहा है तो उसे अनिश्चित काल तक जेल में नहीं रखा जा सकता। 'कोर्ट ने आगे कहा कि यह मामला ऐसी स्थिति दिखाता है, जहां अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकार का उल्लंघन साफ़ तौर पर रिकॉर्ड में दिख रहा था। इसलिए राहत देने से पहले राज्य के जवाब का इंतज़ार करना ज़रूरी नहीं था। तदनुसार, कोर्ट ने निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता को तुरंत ज़मानत पर रिहा किया जाए, बशर्ते उस पर ट्रायल कोर्ट द्वारा तय की गई शर्तें लागू होंगी। साथ ही अगर किसी अन्य मामले में उसकी ज़रूरत न हो।

## पवन खेड़ा की सुप्रीम कोर्ट से अग्रिम जमानत मंजूर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** सुप्रीम कोर्ट ने कांग्रेस नेता पवन खेड़ा को बड़ी राहत देते हुए अग्रिम जमानत दे दी है। अदालत ने स्पष्ट किया कि किसी व्यक्ति की व्यक्तिगत स्वतंत्रता, जो संविधान के अनुच्छेद 21 के तहत संरक्षित है, उसे आसानी से खतरे में नहीं डाला जा सकता। अदालत ने निर्देश दिया कि अपराध शाखा थाना प्रकरण संख्या 04/2026 में गिरफ्तारी की स्थिति में पवन खेड़ा को अग्रिम जमानत पर रिहा किया जाए। 30 अप्रैल 2026 को हुई सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति जे.के. माहेश्वरी और न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की पीठ ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। अदालत ने यह भी माना कि दोनों पक्षों, पवन खेड़ा और असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिंकी भुइयां सरमा की ओर से आरोप-प्रत्यारोप लगाए गए हैं, लेकिन इससे किसी की आजादी से खिलवाड़ नहीं किया जा सकता। दरअसल, पवन खेड़ा के खिलाफ यह मामला रिंकी भुइयां सरमा से जुड़े बयान को लेकर दर्ज किया गया था। पवन खेड़ा ने आरोप लगाया था कि उनके पास एक से अधिक पासपोर्ट हैं और विदेशों में संपत्तियां हैं। इसी बयान के आधार पर उनके खिलाफ मामला दर्ज हुआ था, जिसके बाद उन्होंने अग्रिम जमानत के लिए कानूनी लड़ाई शुरू की। सुप्रीम कोर्ट ने अग्रिम जमानत देते हुए कई शर्तें भी तय की हैं। पवन खेड़ा को जांच में पूरा सहयोग करना होगा और पुलिस द्वारा बुलाए जाने पर उपस्थित होना पड़ेगा। उन्हें साक्ष्यों के साथ किसी भी तरह की छेड़छाड़ करने की अनुमति नहीं होगी और बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के देश से बाहर नहीं जा सकेंगे। अदालत ने यह भी कहा कि निचली अदालत जरूरत के अनुसार अतिरिक्त शर्तें लागू कर सकती है। साथ ही, अदालत ने स्पष्ट किया कि जमानत पर विचार करते समय जिन दस्तावेजों और तथ्यों का उल्लेख किया गया है, उनका मामले के अंतिम निर्णय से कोई संबंध नहीं होगा और निचली अदालत इन टिप्पणियों से प्रभावित हुए बिना कानून के अनुसार, आगे की कार्रवाई करेगी। इससे पहले पवन खेड़ा ने असम की निचली अदालत और गुवाहाटी उच्च न्यायालय में अग्रिम जमानत के लिए याचिका दायर की थी, लेकिन उन्हें वहां से राहत नहीं मिली थी। इसके बाद वह सुप्रीम कोर्ट पहुंचे। इससे पहले तेलंगाना उच्च न्यायालय ने उन्हें एक हफ्ते की अंतरिम जमानत दी थी, जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगाते हुए उन्हें अग्रिम जमानत के लिए गुवाहाटी उच्च न्यायालय जाने का निर्देश दिया था।

### आओ हम सब मिलकर पशु पक्षियों को दाना पानी दे



**नैनी, प्रयागराज। जनहित** कारिणी समिति उत्तर प्रदेश के द्वारा पशु पक्षियों को दाना पानी के लिए मुट्ठीगंज में पात्र वितरण किया गया इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा काशी क्षेत्र के मंत्री सैफुल अब्बास एवं पूर्व भाजपा प्रवक्ता एवं समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजेश केसरवानी ने कहा कि बढ़ती हुई गर्मी में आओ हम सब मिलकर पशु पक्षियों को दाना पानी दे जिससे उनकी जीवन की रक्षा हो सके। समिति के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट सुशील कुमार जैन ने कहा कि समिति के द्वारा यह अभियान सभी वार्डों में चलाया जाएगा। इस अवसर पर अमर नाथ वर्मा, सिपाही लाल यादव,भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष किशोरी लाल जायसवाल, सुनील केसरवानी दीपक केसरवानी अजय अग्रहरि शत्रुघ्न जायसवाल पशु प्रेमी अभिलाष केसरवानी, मनोज कुमार,कमलेश केसरवानी, ने मुट्ठीगंज क्षेत्र में पशु पक्षियों के लिए दाना पानी का पात्र वितरण किया।

### महायज्ञ से मानव जीवन का कल्याण एवं मोक्ष प्राप्ति का संदेश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**नैनी, प्रयागराज-** सीता राम आश्रम में बैजनाथ महाराज जी के सान्निध्य में भव्य महायज्ञ एवं पूजन-अर्चन का आयोजन संपन्न हुआ। इस धार्मिक अनुष्ठान का उद्देश्य मानव जीवन को सफल बनाना, समस्त पापों का नाश करना तथा विश्व कल्याण की भावना को सुदृढ़ करना रहा।आज के मुख्य यजमान के रूप में वरिष्ठ पार्षद मयंक यादव (वार्ड नंबर 81, नैनी) ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुति दी। इस अवसर पर विद्वान आचार्यों ने यज्ञ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि महायज्ञ से न केवल वातावरण शुद्ध होता है, बल्कि व्यक्ति के जीवन में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है और मोक्ष की प्राप्ति का मार्ग भी प्रशस्त होता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ आचार्य वेद विद्या मार्तंड पंडित सुभाष चंद्र ओझा सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से सामाजिक कार्यकर्ता राजकुमार यादव, प्रदीप महरा, शिव शंकर दीक्षित, आलोक सिंह (एडवोकेट), नीरज शर्मा, प्रदीप तिवारी, राज सिंह, सुधीर प्रजापति, उमेश सेन, संजय श्रीवास्तव एवं कनिष्ठ ब्लॉक प्रमुख सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं भक्तगण मौजूद रहे। इस आयोजन के दौरान पार्षद कार्यालय, दक्षिणी लोकपुर में भी धार्मिक वातावरण बना रहा और उपस्थित जनसमूह ने यज्ञ के माध्यम से अपने जीवन को सार्थक बनाने का संकल्प लिय।

### पत्रकार के साथ मारपीट और मोबाइल छीनने की घटना को लेकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**गोपीगंज।** गोपीगंज बाजार में वर्मा स्टूडियो के नाम से संचालित करने वाला स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम हमेशा सुर्खियों में बना रहता है कभी आम राहगीरों से हाथा पाई तो कभी स्थानीय लोगों को पुलिसिया रौब दिखा कर लोगो के ऊपर दवाब बनाता है और तो और अब यही स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम पत्रकारों के ऊपर भी इसी पुलिसिया टोपी और राइफल वाला फोटो का स्टेटस दिखा कर उनके साथ मारपीट करते हुए मोबाईल छीनने का कार्य शुरू कर दिया है। स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम पत्रकारों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट कर मोबाईल छीनने वाली घटना को कारित किए स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम को 48 घंटो से ज्यादा बीत जाने के बाद भी पुलिस ने ना तो पत्रकारों द्वारा दिए गए प्रार्थना पत्र पर मुकदमा दर्ज किया ना ही पत्रकारों का मेडिकल कराया बल्कि स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम को अपनी गोद में बैठाया है आखिर अब सवाल यह भी उठता है कि पुलिस कि ऐसी क्या मजबूरी है जो एक स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम को अपनी राइफल ,टोपी ,और गाड़ी भी सौंप दी है अब यहां सवाल यह भी उठता है कि क्या पुलिस जानबूझकर स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम को पुलिसिया गुंडा बनाकर रखा कि वह चौथे स्तंभ के आवाज को दबा कर रखे जिससे पुलिस को सच का आईना पत्रकार ना दिखा पाए। वही आज पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक भदोही अभिनव त्यागी से मिलकर स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम द्वारा पत्रकारों से मारपीट और मोबाईल छीनने वाली घटना कि शिकायत करते मुकदमा दर्ज करने कि मांग कि और तो और स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम कि पुलिसिया टोपी और राइफल के साथ वाली फोटो पर भी चर्चा किया जिससे वह समाज में भय का माहौल बना कर रखा है अब देखना यह होगा कि क्या गोपीगंज पुलिस स्टूडियो संचालक अंकित पाठक उर्फ शुभम के ऊपर पत्रकारों के साथ मारपीट और मोबाईल छीनने के मुकदमे के साथ साथ पुलिस कि टोपी और राइफल वाली फोटो पर भी कार्यवाही करती है या नहीं।

# स्वगणना में ध्यान रखें, एक बार जिस भाषा को चुनेंगे बाद में उसे बदला नहीं जा सकेगा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रयागराज।** जनगणना में स्वगणना पर प्रशासनिक अमले का पूरा जोर है। सात मई से स्वगणना शुरू होगी, 21 मई तक चलेगी। इसके बाद 22 मई से मकानों की गणना शुरू होकर 20 जून तक चलेगी। फिर दूसरे चरण में जनसंख्या की गणना नौ फरवरी 2027 से 28 फरवरी तक चलेगी। स्वगणना को लेकर प्रवाह चार्ट और लिंक जारी कर दिया गया है। यह लिंक सात मई को ही खुलेगा।

**इन अधिकारियों को मिली है जिम्मेदारी**

जनगणना के लिए जनपद में लगभग 14.5 हजार प्रगणक और सुपरवाइजर लगाए गए हैं। इसके लिए जिले में 25 चार्ज बनाए गए हैं, जिसमें चार्ज अधिकारियों की तैनाती की गई है। नगर निगम में आठ, नगर पंचायतों में आठ, तहसीलों मे आठ चार्ज बनाए गए हैं। नगर निगम में जोनल अधिकारियों, नगर पंचायतों में अधिशासी अधिकारियों, तहसीलों में एसडीएम को तथा छावनी परिषद में मुख्य अधिशासी अधिकारी को चार्ज अधिकारी की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी को प्रमुख जनगणना अधिकारी, नगर आयुक्त को अपर प्रमुख जनगणना अधिकारी तथा एडीएम वित्त एवं राजस्व को जिला जनगणना अधिकारी बनाया गया है।

**33 सवालों का देना होगा जवाब**

मकानों की गणना के लिए एक प्रगणक को 100 से 120 मकानों की जिम्मेदारी दी गई है। छह प्रगणकों पर एक सुपरवाइजर होगा। जनगणना में 33 सवालों का जवाब दिया जाना है, जिसमें 29 सवालों के जवाब परिवार के मुखिया को तथा चार प्रश्नों का उत्तर प्रगणक भरना है।

**पांच खंडों में होगी स्वगणना**

पांच खंडों में स्वगणना होगी। पहला पहुंच और प्रारंभिक पंजीकरण, दूसरा सत्यापन और स्थान की पहचान, तीसरा डेटा प्रविष्टि व अंतिम सबमिशन तथा चौथा खंड क्षेत्र सत्यापन का निर्धारित किया गया है। स्वगणना के लिए जारी किए गए प्रवाह चार्ट के मुताबिक पोर्टल पर जाकर लागिन करना होगा। भाषा चुनने के बाद परिवार का पंजीकरण होगा, जिसमें मुखिया, मोबाइल नंबर व मेल आइडी दर्ज करना पड़ेगा।

**एक ही बार चुन सकेंगे भाषा**

ध्यान रहे कि भाषा एक बार जिसे चुनेंगे वही रहेगी, बाद में उसे बदला नहीं जा सकेगा। एक परिवार के लिए केवल एक मोबाइल नंबर का उपयोग किया जा सकता है। एक बार पंजीकृत होने के बाद, इस नंबर का उपयोग किसी अन्य परिवार के लिए नहीं किया जा सकेगा।

**ओटीपी प्रगणकों को दिखाना होगा**

भाषा और ओटीपी सत्यापन के बाद स्थान का विवरण, मानचित्र पर अपने निवास का पता लगाना पड़ेगा, जिसमें स्थान पर पिन कर लाल मार्कर को सही स्थान पर खींचना है। पूरे परिवार की जानकारी भरने के बाद सबमिशन होगा। इसके बाद जो ओटीपी मिलेगी और सुरक्षित रखना होगा,




जिसे जब घर पर प्रगणक जाएंगे तो दिखाना होगा।

**किराएदारों, बाहर घूमने गए लोगों की भी होगी गणना**

संगम नगरी में काफी संख्या में किराएदार भी रहते हैं। उनकी गणना जहां वह रहते हैं, वहीं पर ही होगी। इसमें शर्त यह है कि मकान मालिक और किराएदार का प्रवेश-निकास अलग होना चाहिए। दोनों की रसोई भी अलग हो। फिर किराएदार अपने मूल पते पर गणना नहीं कराएंगे।

**गूगल लोकेशन भी लिया जाएगा**

इसमें किराएदार तथा मकान मालिक की गूगल लोकेशन भी इसमें ऐड किया जाएगा। वैसे, सभी घरों की आनलाइन मैपिंग होगी। इसी तरह गर्मी की छुट्टी मनाने गए हैं तो भी स्वगणना कर सकेंगे। जब वह गर्मी की छुट्टी से लौटेंगे तो प्रगणक को ओटीपी दिखा देंगे। प्रगणक जब घर जाएंगे तो ताला बंद होने अथवा लोगों के न होने पर दरवाजे पर स्लिप चस्पा करेंगे, जिसमें प्रगणक का मोबाइल नंबर भी होगा। यदि पति-पत्नी दोनों नौकरी करते हैं और दिन में न मिलने पर प्रगणक को अपने सहूलियत से घर पर बुला सकेंगे।

### आठ सेकंड में सात थप्पड़: 75 साल की बुजुर्ग को युवती ने पीटा

हरियाणा के बल्लभगढ़ सेक्टर 29 में 75 वर्षीय महिला के साथ अधिवक्ता की बेटी ने बीच सड़क में रोकर मारपीट की। यह पूरी घटना गली में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। सीसीटीवी की वीडियो के अनुसार युवती बुजुर्ग महिला को कार के पास सात थप्पड़ मारती दिखाई दे रही है। फिर धक्का देकर नीचे गिरा दिया। पुलिस ने इस मामले में पीड़ित महिला की शिकायत के आधार पर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार सेक्टर-29 में रहने वाली बुजुर्ग रेखा तुली ने बताया कि घटना वाले दिन सुबह इलाके में पानी सप्लाई की पाइप लाइन फट गई थी, जिससे सड़क पर पानी बहने लगा था। पड़ोसियों की शिकायत पर पानी बंद करवा दिया गया और प्लंबर बुलाकर पाइप लाइन को ठीक भी करा दिया गया। उन्होंने बताया कि शाम को ओल्ड फरीदाबाद से पैदल अपने घर लौट रहीं थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाले अधिवक्ता की बेटी ने उन्हें रास्ते में रोक लिया और अचानक उनके साथ मारपीट शुरू कर दी। रेखा तुली ने बताया कि युवती ने उसको कई थप्पड़ मारे और उसके बाद धक्का देकर सड़क पर गिर दिया। इस हादसे में उनका दांत भी टूट गया। उन्होंने बताया कि आरोपी पहले भी कई बार इसी तरह विवाद कर चुकी है। बुजुर्ग महिला के बेटे कुणाल तुली ने बताया कि उनकी मां के दोनों घुटनों का कुछ समय पहले ही रिप्लेसमेंट ऑपरेशन कराया गया था। ऐसे में मारपीट की वजह से उनकी सेहत को गंभीर खतरा हो सकता था। पुलिस प्रवक्ता यशपाल का कहना है कि दोनों पड़ोसी हैं और दोनों पक्षों की ओर से शिकायत मिली है। जिस पर पुलिस ने पाबंद करने के लिए कार्रवाई कर दी है।

### कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय बेहोश होकर गिरे, अस्पताल में कराया गया भर्ती



**लखनऊ।** कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय लखनऊ स्थित अपने आवास पर शुक्रवार को चक्कर आने से गिर पड़े। परिजन ने उनको मेदांता अस्पताल में भर्ती कराया है। बताया जा रहा है कि फिलहाल उनकी स्थिति सामान्य है। सोडियम की कमी के कारण ऐसा हुआ है। अभी उनका उपचार चल रहा है।

### कर्मठ इमानदार श्रमिक संस्था की रीढ़ है, डॉ डी0के0 सिंह





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** कारडेट में विश्व श्रमिक दिवस मनाया गया जिसमें कारडेट के प्रधानाचार्य डॉक्टर डी के सिंह ने श्रमिक भाइयों को संबोधित करते हुए कर्तव्य निष्ठा, ईमानदारी और लगन से कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया और उन्हें संस्था के हित में श्रमिकों के द्वारा ज अच्छे सुझाव दिए जाने के लिए भी आमंत्रित किया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी श्रमिक भाइयों को अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया ।श्रमिक भाइयों द्वारा कारडेट अपने सार्थक प्रयासो द्वारा एक नई ऊंचाई देने का आश्वासन दिया गया। इसी क्रम में मृदा परीक्षण के प्रभारी डॉ हरिश्चंद्र द्वारा श्रमिक भाइयों को खूब मेहनत और लगन से कार्य करने का सुझाव दिया गया। श्रमिक दिवस के अवसर पर सविता शुक्ला, सयमा कमर , वीरेंद्र सिंह, डॉ अनुराधा राय, अमित कुमार कौशलेश कुमार, अभिषेक कुमार, आयुष कुमार उषा शर्मा इत्यादि कर्मचारी एवं अधिकारी उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन आईआरडीपी प्रभारी राजेश कुमार सिंह द्वारा किया गया।

# कमर्शियल और 5 किलो एलपीजी सिलेंडर के दाम बढ़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

`, गरीब तबका छोटे सिलेंडर पर निर्भर

**ब्यूरो प्रयागराज-** व्यावसायिक एलपीजी सिलेंडर की कीमतों में आज शुक्रवार 1 मई से भारी बढ़ोतरी कर दी गई है। दिल्ली में 19 किलोग्राम वाले कमर्शियल एलपीजी सिलेंडर की कीमत अब 3,071.50 रुपये हो गई है। सरकार ने 5 किलो वाले छोटे एलपीजी सिलेंडर के दामों में भी 261 रुपये की बढ़ोतरी की है। छोटे सिलेंडर पर बढ़े रेट सीधे गरीबों और मजदूर वर्ग पर महंगाई की मार है। हालांकि, घरेलू एलपीजी, पेट्रोल, डीजल और मिट्टी के तेल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं किया गया है। तेल कंपनियों (इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम) ने शुक्रवार को इस मूल्य संशोधन की घोषणा की। बढ़ोतरी सिर्फ कमर्शियल इस्तेमाल वाले LPG सिलेंडर और 5 किलो वाले सिलेंडर पर लागू होगी। घरेलू LPG (14.2 किलो वाले सब्सिडी वाले सिलेंडर) की कीमत पूरी तरह स्थिर रहेगी। इसी तरह पेट्रोल और डीजल की कीमतों में भी कोई वृद्धि या कमी नहीं हुई है। लेकिन सोशल मीडिया पर लोग आशंका जता रहे हैं कि पांच राज्यों के नतीजे आने के बाद सरकार इनके दाम भी बढ़ा देगी।



सरकार की सब्सिडी नीति के तहत घरेलू LPG की कीमतें पिछले कई महीनों से स्थिर हैं। पेट्रोल और डीजल की कीमतें भी पिछले लंबे समय से अपरिवर्तित हैं। तेल कंपनियां हर महीने की पहली तारीख को LPG, पेट्रोल और डीजल की कीमतों की समीक्षा करती हैं।

आज का संशोधन इसी मासिक रिव्यू का हिस्सा है। छोटे सिलेंडर पर 261 रुपये की बढ़ोतरी सीधे मज़दूर वर्ग पर हमला है। उसे अब यह सिलेंडर करीब 800 के आसपास पड़ेगा। हालांकि अलग-अलग राज्यों में इसके रेट अलग होंगे। आमतौर पर महानगरों में रहने वाला मज़दूर तबका इसी छोटे सिलेंडर से काम चलाता है। क्योंकि बड़े सिलेंडर के लिए उसे आधार, पता और अन्य दस्तावेज देने पड़ते हैं। लेकिन छोटे सिलेंडर आमतौर पर उपलब्ध रहते हैं। जिनमें वो एलपीजी भरवाकर अपना काम चलाता है। इसका असर मोबाइल वेंडर्स पर भी पड़ेगा, जो कॉलोनियों और अन्य स्थानों पर अपने काम के हिसाब से इस सिलेंडर का इस्तेमाल करते हैं। यह बदलाव पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनावों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें अमेरिका, इसराइल और ईरान शामिल हैं, जिसके कारण होर्मुज जलडमरूमध्य की नाकाबंदी हो गई है, जो कच्चे तेल और ऊर्जा आपूर्ति के लिए एक महत्वपूर्ण वैश्विक मार्ग है। उधर, एविएशन टर्बाइन फ्यूल (ATF) की कीमतें घरेलू एयरलाइंस के लिए अपरिवर्तित रखी गई हैं। तेल कंपनियों ने वैश्विक ईंधन मूल्यों में वृद्धि को खुद वहन किया है, ताकि एयरलाइंस और उपभोक्ताओं पर बोझ न पड़े। अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए ड्डस्न की कीमतें बढ़ाई गई हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस व बुद्ध पूर्णिमा पर विविध कार्यक्रम आयोजित

शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का विकास ही सच्ची शिक्षा है : प्राचार्य कैलाश कुमार



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** देवचंदा मोड़ स्थित श्रीदस इंटरनेशनल स्कूल में श्रमिक दिवस एवं बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विविध शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों ने ड्रॉइंग प्रतियोगिता, कविता पाठ एवं भगवान बुद्ध के विचारों को साझा कर कार्यक्रम को अर्थपूर्ण बनाया। कार्यक्रम में छात्रों ने श्रमिकों के योगदान को दर्शाते हुए आकर्षक चित्र बनाए और समाज में उनके महत्व को समझने का संदेश दिया। वहीं कविता पाठ के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने विचार प्रस्तुत कर सभी को प्रभावित किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भगवान बुद्ध के उपदेशों शांति, करुणा और अहिंसा को अपने जीवन में अपनाने का संकल्प लिया। इस दौरान प्राचार्य कैलाश कुमार ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और नैतिक मूल्यों का विकास करते हैं। श्रमिक दिवस हमें मेहनत और समर्पण का महत्व सिखाता है, जबकि भगवान बुद्ध के विचार हमें सही मार्ग पर चलने की प्रेरणा देते हैं। वहीं विद्यालय प्रबंधक विकास सिंह ने कहा कि विद्यालय में शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष ध्यान दिया जाता है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच विकसित होती है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली और पूरे वातावरण में उत्साह का माहौल बना रहा।

### सामूहिक विवाह कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति

**आजमगढ़।** श्रम विभाग के अंतर्गत संचालित सामूहिक विवाह योजना के तहत आयोजित कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति देखने को मिली। इस अवसर पर श्री हरिकेश राजभर (प्रांतीय परिषद सदस्य, भाजपा उत्तर प्रदेश) एवं सन्तोष पासवान (जिला महामंत्री, अनुसूचित मोर्चा भाजपा, आजमगढ़) विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम में नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए अतिथियों ने उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि सरकार की इस योजना से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के परिवारों को काफी सहारा मिल रहा है और सामाजिक समरसता को भी बढ़ावा मिल रहा है। इस दौरान उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने योजना की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में सकारात्मक संदेश जाता है और जरूरतमंद परिवारों को सम्मानपूर्वक सहयोग मिलता है। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य व्यक्तियों, अधिकारियों एवं स्थानीय लोगों की भी सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने नवदंपत्तियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके सुखद वैवाहिक जीवन की कामना की।

### तेज प्रताप यादव से मिले मासूम शर्मा, हरियाणवी गानों से सजा महफिल

**पटना।** तेज प्रताप यादव और हरियाणवी सिंगर Masoom Sharma की मुलाकात का वीडियो इन दिनों सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में दोनों एक साथ बैठे नजर आ रहे हैं और माहौल बेहद हल्का-फुल्का दिखाई दे रहा है। फैंस इस वीडियो को खूब पसंद कर रहे हैं और लगातार शेयर भी कर रहे हैं।

**गानों से बना संगीतमय माहौल-** मुलाकात के दौरान मासूम शर्मा ने अपने लोकप्रिय हरियाणवी गाने सुनाए। उनकी आवाज ने माहौल को पूरी तरह संगीतमय बना दिया। तेज प्रताप यादव भी इस दौरान गानों का आनंद लेते हुए नजर आए और काफी खुश दिखे।

**तेज प्रताप ने खुद शेयर किया वीडियो-** इस खास मुलाकात का वीडियो खुद तेज प्रताप यादव ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर शेयर किया। वीडियो शेयर करते हुए उन्होंने मासूम शर्मा को शुभकामनाएं भी दीं। इसके बाद यह वीडियो तेजी से वायरल हो गया और लोगों की प्रतिक्रियाएं आने लगीं।

**फैंस ने दिए जबरदस्त रिएक्शन-** वीडियो सामने आने के बाद फैंस ने कमेंट्स की बाढ़ ला दी। कई लोगों ने इस मुलाकात को 'देसी म्यूजिक और राजनीति का अनोखा संगम' बताया। कुछ यूजर्स ने मासूम शर्मा की गायकी की जमकर तारीफ की।

# मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पूरी की जनगणना-2027 की स्व-गणना प्रक्रिया, सक्रिय भागीदारी की अपील

● मौके पर उनकी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रांची, झारखण्ड:-** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शुक्रवार को कांके रोड स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में जनगणना-2027 के तहत स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। इस अवसर पर उन्होंने राज्य के सभी नागरिकों से जनगणना-2027 अभियान में अपनी महती जिम्मेदारी निभाते हुए सक्रिय और उत्साहपूर्ण भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पर उनकी धर्मपत्नी एवं विधायक कल्पना सोरेन भी उपस्थित रहीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जनगणना केवल आंकड़े जुटाने की प्रक्रिया नहीं है, बल्कि यह आमजन के भविष्य को सही दिशा देने का महत्वपूर्ण आधार है। उन्होंने कहा कि जनगणना से प्राप्त आंकड़ों के आधार पर राज्य सरकार की योजनाओं को अधिक प्रभावी तरीके से पात्र लोगों तक पहुंचाने में सहायता मिलेगी। उन्होंने इसे तकनीकी रूप से सराहनीय पहल बताते हुए सभी राज्यवासियों से इस राष्ट्रीय अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया। इस दौरान जनगणना से जुड़े वरिष्ठ अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को ऑनलाइन स्व-गणना पोर्टल पर पंजीकरण और प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि स्व-गणना कार्य 01 मई से 15 मई 2026 तक संचालित किया जाएगा। इसके बाद 16 मई से 14 जून 2026 तक राज्यभर में मकान सूचीकरण एवं मकान गणना का कार्य किया जाएगा। इस अभियान के तहत प्रगणक घर-घर जाकर डेटा संग्रह करेंगे और इसके लिए सभी जिलों में प्रशासनिक तैयारियां प्रारंभ कर दी गई हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जनगणना कार्य में क्षेत्रीय भाषाओं के जानकार पदाधिकारी एवं कर्मियों को भी शामिल किया जाए, ताकि आम लोगों को प्रक्रिया समझने और सही जानकारी देने में सुविधा हो सके। कार्यक्रम में जनगणना कार्य निदेशालय, भारत सरकार के निदेशक प्रभात कुमार, रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री, नगर आयुक्त श्री सुशांत गौरव, सहायक नगर आयुक्त राहुल यादव, जिला सांख्यिकी पदाधिकारी शेषनाथ बैठा, जनगणना कार्य निदेशालय के उप निदेशक केशया आर, सहायक निदेशक मुरारी मोहन, सांख्यिकी अधिकारी कौशल किशोर सहित कई अधिकारी उपस्थित रहे।

## बिहारी को मिलती गोली और गाली, तेजस्वी यादव का केंद्र पर बड़ा आरोप

कहा- श्रमिक दिवस का नाम बदल दो

**पटना।** अंतरराष्ट्रीय श्रमिक दिवस के मौके पर राष्ट्रीय जनता दल के कार्यकारी अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने श्रमिकों को बधाई देते हुए केंद्र और NDA सरकार पर तीखा हमला बोला। तेजस्वी ने कहा कि श्रमिकों ने अपनी मेहनत, समर्पण और पसीने से देश निर्माण में अतुलनीय योगदान दिया है, लेकिन उनके उत्थान और बेहतरी पर गंभीर चर्चा का अभाव चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि श्रमिकों, उनके परिवारों और गांवों की प्रगति के बिना 'विकसित भारत' की बात करना बेईमानी है। नेता प्रतिपक्ष ने आरोप लगाया कि NDA की नीतियों का सबसे ज्यादा असर मजदूरों और कामगारों पर पड़ा है। उनके अनुसार, पिछले 21 वर्षों में बिहार से हर साल बड़ी संख्या में लोग रोजगार की तलाश में दूसरे राज्यों में पलायन करते हैं। यह एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति है। तेजस्वी ने कहा कि दूसरे राज्यों में 'बिहारी' कभी गोली तो कभी गाली का सामना करते हैं और इसके लिए उन्होंने लंबे समय से सत्ता में रही NDA सरकार को जिम्मेदार ठहराया।

## दर्दनाक घटना: रेलवे ट्रैक से बरामद नाबालिग लड़का-लड़की के शव, जांच जारी

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
स्वतंत्र प्रभात
www.swatantraprabhat.com
जो लिखेगा, वही टिकेगा
ब्रेकिंग न्यूज़

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लातेहार, झारखंड:-** लातेहार जिले के सीआईसी सेक्शन अंतर्गत बरकाकाना-बरवाडीह रेलखंड पर शुक्रवार को एक बेहद दर्दनाक घटना सामने आई, जिसने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। सदर थाना क्षेत्र के रिचुघुटा रेलवे स्टेशन के समीप रेलवे ट्रैक से एक नाबालिग किशोर और किशोरी का क्षत-विक्षत शव बरामद किया गया। मृतक किशोर की पहचान छिपादोहर थाना क्षेत्र के ओपाग गांव निवासी के रूप में हुई है, जबकि किशोरी सदर थाना क्षेत्र के कुलगढ़ा गांव की रहने वाली बताई जा रही है। घटना की सूचना मिलते ही सदर थाना प्रभारी प्रमोद कुमार सिन्हा के निर्देश पर पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के पीछे के कारणों का अभी तक स्पष्ट पता नहीं चल पाया है।

पुलिस दुर्घटना, आत्महत्या या अन्य किसी संभावित कारण को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। इस हृदयविदारक घटना के बाद क्षेत्र में शोक और भय का माहौल व्याप्त है, वहीं स्थानीय लोग भी घटना को लेकर तरह-तरह की आशंकाएं जता रहे हैं।

## अखिल भारतीय कायस्थ महासभा ने दारू उपसमिति महिला प्रकोष्ठ का किया गठन



● पदाधिकारियों को सौंपा मनोनयन पत्र

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** अखिल भारतीय कायस्थ महासभा जिला इकाई हजारीबाग के तत्वावधान में जिला अध्यक्ष अरुण प्रभात सिन्हा के नेतृत्व में दारू उपसमिति का दौरा कर महिला प्रकोष्ठ की नई पदाधिकारियों को सम्मानपूर्वक मनोनयन पत्र सौंपा गया। इस दौरान संगठन को मजबूत करने और महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने पर विशेष चर्चा की गई। कार्यक्रम में दारू उपसमिति महिला अध्यक्ष पद पर मंजू सहाय, कोषाध्यक्ष पद पर रंजु बाला, सचिव पद पर आरती सिन्हा, संगठन मंत्री पद पर गीता सिन्हा तथा महामंत्री पद पर प्रतिमा सिन्हा को मनोनीत किया गया। वहीं महिला प्रकोष्ठ जिला उपाध्यक्ष के पद पर सुषमा सिन्हा को जिम्मेदारी सौंपी गई। महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष अर्चना सिन्हा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को मजबूत बनाने में महिलाओं की भूमिका अहम है। उन्होंने भारी बारिश और आंधी-तूफान के बावजूद कार्यक्रम में पहुंचकर जिम्मेदारी निभाने वाली महिला पदाधिकारियों के समर्पण की सराहना की। इस अवसर पर महिला जिला कोषाध्यक्ष मिताली रश्मि, महिला जिला महामंत्री रश्मि लाला, महिला जिला उपाध्यक्ष सोनम प्रधान, स्मिता सिन्हा, सरिता सिन्हा तथा महिला जिला सांस्कृतिक प्रकोष्ठ अध्यक्ष संध्या रश्मि सहित कई पदाधिकारी उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का समापन जय चित्रगुप्त, जय चित्रांश के उद्घोष के साथ हुआ।

## बद्री यादव ने बरही में अवैध कब्जा और वन भूमि कटाई का लगाया आरोप

निष्पक्ष जांच की मांग



**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** बरही विधानसभा के पूर्व विधायक प्रत्याशी सह सामाजिक कार्यकर्ता बदी यादव ने प्रेस बयान जारी कर बरही क्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जा, पेड़ों की कटाई और सरकारी जमीन की अवैध खरीद-बिक्री का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि हरला, जरहिया, कोनरा और बसरिया क्षेत्र में भू-माफियाओं द्वारा वन भूमि पर कब्जा कर प्राकृतिक पेड़ों एवं यूकेलिप्टस की बड़े पैमाने पर कटाई की जा रही है। विरोध करने पर धमकाने का भी आरोप लगाया गया है। बदी यादव ने कोनरा मौजा स्थित गैरमजरूआ जमीन तथा धनबाद रोड स्थित डीवीसी पावर प्लांट की अधिग्रहित भूमि पर भी अवैध अतिक्रमण और निर्माण होने का भी आरोप लगाया। उन्होंने बताया कि इन मामलों को उठाने के कारण उन पर हमला और धमकी भी दी गई। इस संबंध में हजारीबाग एसपी और बरही डीएसपी को आवेदन देकर निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

## झामुमो प्रखंड समिति की बैठक संपन्न, संगठन मजबूती पर जोर



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पाकुड़िया, पाकुड़, झारखण्ड:** प्रखंड स्थित झामुमो कार्यालय में गुरुवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा कार्यकर्ताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में महेशपुर विधानसभा के विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।बैठक में केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे तथा अख्तर आलम पर्यवेक्षक के रूप में शामिल हुए। इस दौरान बूथ स्तर पर समितियों के पुनर्गठन एवं बीएलए-2 की नियुक्ति को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। साथ ही सभी 18 पंचायतों के लिए पर्यवेक्षक नियुक्त करते हुए निर्देश दिया गया कि शीघ्र ही सभी बूथों पर बीएलए-2 की नियुक्ति एवं नई समितियों का गठन कर रिपोर्ट प्रखंड कार्यालय में जमा की जाए। अपने संबोधन में विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी ने विशेष गहन पुनरीक्षण (SIR) और आगामी जनगणना को लेकर कार्यकर्ताओं को जागरूक किया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि किसी भी परिस्थिति में गरीब, आदिवासी एवं मूलवासी समुदाय के लोगों के नाम मतदाता सूची से हटने नहीं दिए जाएंगे। इसके लिए बूथ स्तर पर सतर्कता और सक्रियता आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे ने कार्यकर्ताओं में उत्साह भरते हुए कहा कि संगठन की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण पर निर्भर करती है। उन्होंने सभी से अधिक जिम्मेदारी के साथ पार्टी को मजबूत करने का आह्वान किया। केंद्रीय कमेटी सदस्या उपासना मरांडी ने कार्यकर्ताओं से अपील की कि बीएलए-2 को प्रशिक्षित कर प्रत्येक योग्य व्यक्ति का नाम मतदाता सूची में सुनिश्चित किया जाए तथा किसी भी गड़बड़ी पर कड़ी नजर रखी जाए। बैठक में देबीलाल हांसदा ने भी अपने विचार रखे। कार्यक्रम की शुरुआत में वरिष्ठ कार्यकर्ता स्वर्गीय कुबराज मरांडी की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया। मौके पर मैनुद्दीन अंसारी, अशोक भगत, छोटू भगत, नजरुल इस्लाम, मुनीराम मरांडी, कोलोम मुर्मू, महलईल अंसारी, नेगार अंसारी, निवारण मरांडी, कालिदास टुडू, मैनेजर हेमब्रोम, शिबलाल टुडू, जुगुनू हांसदा, अब्दुल बनीज, विश्वजीत दास, लालबाबू अंसारी, मंटू भगत, बिनोद भगत, दिनेश जायसवाल, बाबूराली मरांडी, लालबाबू शेख, बुलबुल शेख, तोहिदुल शेख, सुभाषिनी मुर्मू, नेजाम अंसारी, खुदूलाल भगत, नरेश हांसदा, शिलवंती मुर्मू, सुमित्रा देवी, नरेश यादव, सिकंदर अली, मुजीबुल रहमान, एनोस मुर्मू, प्रसेंजीत दास, मोताहार अंसारी, मंजूर अंसारी, परवेज आलम, अकबर अली, उमर अंसारी, कन्हैया भगत, फिरोज, सुनील मुर्मू सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## देवघर में अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस पर आजसू पार्टी का भव्य आयोजन

● मजदूरों को किया गया सम्मानित

●रंगा मोड़ पर आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों के अधिकार

●सम्मान और सुरक्षा पर दिया गया जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**देवघर, झारखंड:-** बीते शुक्रवार को अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर आजसू पार्टी देवघर जिला कमेटी द्वारा देवघर के रंगा मोड़ पर एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े मजदूर भाइयों एवं बहनों को सम्मानित कर उनके अथक परिश्रम, समर्पण एवं समाज निर्माण में उनके अमूल्य योगदान को नमन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मजदूर, स्थानीय नागरिक, सामाजिक कार्यकर्ता तथा पार्टी के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मजदूर सम्मान समारोह से हुआ, जिसमें श्रमिकों को अंगवस्त्र, माला एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस दौरान पूरे वातावरण में मजदूर एकता और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता का संदेश दिया गया। उपस्थित लोगों ने मजदूरों के संघर्ष और योगदान की सराहना करते हुए जोरदार तालियों के साथ उत्साह व्यक्त किया। मौके पर आजसू पार्टी के देवघर जिला अध्यक्ष ने अपने संबोधन में कहा कि मजदूर वर्ग देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और उनके कठिन परिश्रम एवं त्याग से ही राष्ट्र का विकास संभव हो पाता है। उन्होंने कहा कि निर्माण, उद्योग, कृषि और सेवा क्षेत्र–हर जगह मजदूरों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है, लेकिन आज भी उन्हें उनका समुचित अधिकार और सम्मान पूर्ण रूप से प्राप्त नहीं हो सका है। उन्होंने आगे कहा कि यह दिन केवल उत्सव का नहीं, बल्कि संकल्प लेने का दिन है। मजदूरों को उचित मजदूरी, सुरक्षित कार्य वातावरण, सामाजिक सुरक्षा और सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करना हम सभी की जिम्मेदारी है। आजसू पार्टी सदैव मजदूरों, गरीबों और वंचितों के अधिकारों के लिए संघर्षरत रही है और आगे भी उनके हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध रहेगी। जिला अध्यक्ष ने राज्य एवं केंद्र सरकार से मजदूरों के हित में ठोस कदम उठाने की मांग की, ताकि उनके जीवन स्तर में वास्तविक सुधार हो सके। साथ ही उन्होंने सभी मजदूरों से एकजुट रहने और अपने अधिकारों के प्रति सजग रहने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान अन्य पार्टी पदाधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए मजदूरों के योगदान को देश के विकास का आधार बताया और उनके सम्मान एवं अधिकारों की रक्षा के लिए निरंतर प्रयास करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम का समापन मजदूरों के उज्ज्वल भविष्य की कामना एवं उनके अधिकारों की रक्षा के सामूहिक संकल्प के साथ किया गया। इस अवसर पर पार्टी के कई वरिष्ठ नेता, जिला एवं प्रखंड स्तर के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।




## बाल संस्कार केन्द्र संचालकों की कार्यशाला आयोजित

● बच्चों के सर्वांगीण विकास पर जोर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरही, हजारीबाग, झारखंड:-** डॉ. बसंत दिगंबर आगासे स्मृति सेवा संस्थान द्वारा संचालित बाल संस्कार केन्द्रों के शिक्षक एवं मातृशक्ति की कार्यशाला का आयोजन 30 अप्रैल 2026 को होटल आकाश पैलेस, गया रोड बरही में किया गया। कार्यशाला सुबह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक आयोजित हुई। कार्यक्रम संघ के स्वयंसेवकों के माध्यम से संचालित किया गया। कार्यशाला में शबरीनगर, धनबाद रोड बरही की शिक्षिका श्रीमती रिंकू देवी के वैवाहिक कारणों से मायके जाने के चलते केवल चार शिक्षिकाओं की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र सेवा प्रमुख त्रिवेणी साव ने विगत माह की उपस्थिति पुस्तिका का बारीकी से अवलोकन किया तथा आगामी मई माह के पाठ्यक्रम के अनुसार बच्चों के बीच संस्कार आधारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने शिक्षिकाओं को सुभाषित, अमृतवचन, बोधकथा, समसामयिक कविता, व्यायाम, योग एवं विभिन्न खेलों का नियमित अभ्यास कराने का निर्देश दिया। बैठक में इस बार विशेष रूप से प्रत्येक माह के दूसरे मंगलवार को संस्कार केन्द्रों में उत्सव के रूप में कार्यक्रम आयोजित करने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। शिवाजी व्यावसायिक बरही शाखा के सेवा कार्यकर्ता डॉ. बिनोद साव ने बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए और शिक्षकों को अभिभावकों से निरंतर संपर्क बनाए रखने की सलाह दी। अंत में कल्याण मंत्र के साथ कार्यशाला का समापन किया गया।



### लालू-राबड़ी के राज में सम्राट अपराधी, बिहार में 2 एनकाउंटर को लेकर भड़के रामकृपाल

बिहार में कानून-व्यवस्था को लेकर सियासी घमासान तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव द्वारा 'अपराधी सम्राट हो गए हैं' वाले बयान पर भाजपा नेता और पूर्व मंत्री रामकृपाल यादव ने कड़ा पलटवार किया है। शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में रामकृपाल यादव ने कहा कि अपराधियों का 'सम्राट' वाला दौर लालू-राबड़ी शासन में था। आज के सम्राट के राज में अपराधी बिल में घुस गए हैं। उनके मुताबिक, वर्तमान सरकार में हालात नियंत्रण में हैं और अपराधियों पर सख्ती से कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि जो भी अमन-चैन बिगाड़ने की कोशिश करेगा, उसे मुंहतोड़ जवाब दिया जाएगा भाजपा नेता ने दावा किया कि मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में कानून-व्यवस्था बेहतर हुई है और अपराधी बिल में घुस गए हैं। उनके अनुसार, प्रदेश में शांति-व्यवस्था कायम है। हाल के दिनों में भागलपुर और सिवान में पुलिस एनकाउंटर के बाद सियासत और गरमा गई है। विपक्ष ने आरोप लगाया है कि कार्रवाई एक जाति विशेष को निशाना बनाकर की जा रही है।

## बिहार में अवैध अस्पतालों पर पटना हाई कोर्ट सख्त, नए दिशा-निर्देश जारी करने का दिया आदेश




**पटना।** बिहार में बिना पंजीकरण और मानक के चल रहे क्लीनिकों, नर्सिंग होम और अस्पतालों पर पटना हाईकोर्ट ने सख्ती दिखाई है। न्यायाधीश राजीव राय की पीठ ने स्पष्ट कहा कि हर जान कीमती और स्वास्थ्य सेवाओं में किसी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं होगी। कोर्ट ने राज्य सरकार को 1 से 40 बेड वाले छोटे अस्पतालों के लिए जल्द ठोस नियामक दिशा-निर्देश लागू करने को कहा है। वैशाली जिले में बिना लाइसेंस संचालित 'लकवा पोलियो सेंटर' को सील करने से जुड़े मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने राज्य में फैल रहे अवैध क्लीनिकों पर गहरी चिंता जताई। कोर्ट ने भोजपुर के उस चर्चित मामले का भी जिक्र किया, जिसमें एक मरीज की मौत के बाद जांच में 81 नर्सिंग होम अवैध रूप से संचालित पाए गए थे। सरकार की ओर से अधिवक्ता प्रशांत प्रताप और अपर लोक अभियोजक जितेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि छोटे अस्पतालों के नियमन के लिए नीति अंतिम चरण में है। 4 मार्च 2025 की अधिसूचना के तहत 1-40 बेड वाले अस्पतालों को अस्थायी छूट दी गई थी। इसके बाद 20 फरवरी 2026 को डॉ. रेखा झा की अध्यक्षता में गठित समिति अपनी रिपोर्ट सौंप चुकी है। मसौदे को विधि विभाग की मंजूरी मिल चुकी है और फिलहाल यह वित्त विभाग के पास विचाराधीन है।

**1 लाख का जुर्माना-** सिविल सर्जन के हलफनामे के अनुसार, वैशाली के राजापाकर में संचालित क्लीनिक न तो पंजीकृत था और न ही वहां योग्य डॉक्टर मौजूद थे। प्रशासन ने एक लाख रुपये का जुर्माना लगाते हुए केस संख्या दर्ज किया है। हाईकोर्ट ने स्वास्थ्य विभाग को अगली सुनवाई तक प्रगति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया है।

## हजारीबाग में मजदूर दिवस पर लगा जागरूकता शिविर

● श्रमिकों को बताए गए अधिकार और योजनाएं

●कोर्रा चौक पर आयोजित कार्यक्रम में मजदूरों को कानून

●हेल्पलाइन और सरकारी सुविधाओं की दी गई आसान जानकारी




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**हजारीबाग, झारखंड:-** अंतर्राष्ट्रीय मजदूर दिवस के मौके पर शुक्रवार को हजारीबाग में जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से एक खास जागरूकता शिविर लगाया गया। यह कार्यक्रम झारखंड विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर आयोजित किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रमिकों ने हिस्सा लिया। शिविर का आयोजन शहर के कोर्रा चौक के पास किया गया, जहां जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी के नेतृत्व में मजदूरों को उनके अधिकारों और कानूनों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में श्रमिकों को बताया गया कि वे टोल फ्री नंबर 15100 पर कॉल करके अपनी समस्याएं बता सकते हैं, जहां उनकी मदद की जाएगी। खास तौर पर महिला मजदूरों को उनके अधिकारों के बारे में विस्तार से समझाया गया। इसके अलावा श्रमिकों को यह सलाह दी गई कि वे प्रखंड कार्यालय, नियोजन कार्यालय और श्रम विभाग जाकर सरकारी योजनाओं का लाभ जरूर लें। उन्हें यह भी बताया गया कि 'श्रम मित्र' के जरिए वे अपना श्रमिक कार्ड बनवा सकते हैं। शिविर में मजदूरी से जुड़े नियमों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि कुशल और अकुशल मजदूरों की अलग-अलग मजदूरी तय होती है, लेकिन किसी भी हालत में महिला और पुरुष मजदूरों को अलग-अलग वेतन देना कानून के खिलाफ है। जो मजदूर खतरनाक या जोखिम वाले काम करते हैं, उनके लिए विशेष सुविधाएं जरूरी हैं। ऐसे श्रमिकों का बीमा कराया जाना चाहिए और उनका ईपीएफ खाता भी खुलवाना जरूरी है। कार्यक्रम के दौरान श्रमिकों के बीच कानून से जुड़ी जानकारी वाले पंपलेट भी बांटे गए। इस आयोजन को सफल बनाने में कई सिविल कोर्ट कर्मचारी और पारा लीगल वालंटियर शामिल रहे। अंत में सचिव डॉ. रवि प्रकाश तिवारी ने कहा कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार श्रमिकों को हर संभव मदद देने के लिए हमेशा तैयार है। इस शिविर में आए मजदूरों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया और अपने अधिकारों के बारे में नई जानकारी हासिल की।

## संक्षिप्त खबरें

### एनसीएल की भूमि पर हो रहे अवैध निर्माण का मामला पहुंचा थाना, लगाई गुहार



**अनपरा/सोनभद्र-** एनसीएल ककरी परियोजना की जमीन पर धड़ल्ले से हो रहे निर्माण की शिकायत को सुरक्षा विभाग ने संज्ञान में लेते हुए अनपरा थाने में लिखित रूप तहरीर देकर दोषी निर्माणकर्ता के खिलाफ कार्यवाही की मांग की है। बताते चलें मामला नगर पंचायत अनपरा के वार्ड नंबर 18 का है जहां पर अनपरा बाजार के व्यवसाई अमित गट्टानी के द्वारा अनपरा मोड़ से सिनेमा हॉल संपर्क मार्ग स्थित एनसीएल ककरी परियोजना की जमीन पर धड़ल्ले से निर्माण कार्य कराया जा रहा है जो परियोजना के हित में नहीं है। जिससे आस पास के लोगों में भय व्याप्त है। जिसके क्रम में ककरी परियोजना के सुरक्षा विभाग ने थाने में तहरीर देकर तत्काल जाँच कर कार्रवाई की मांग किया है।

### ग्राम चौपाल में विधायक ने ग्रामीणों की समस्याओं को सुना, समाधान का दिया आश्वासन




**सिद्धार्थनगर।** विधानसभा क्षेत्र शोहरतगढ़ विधायक विनय वर्मा ने विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बापी उपवन सिसवा बुजुर्ग में शुक्रवार को आयोजित ग्राम चौपाल कार्यक्रम में पहुंचकर ग्रामीण व क्षेत्रवासियों की समस्याओं को सुनकर समस्या के समाधान का आश्वासन दिया। मुख्य अतिथि विधायक विनय वर्मा ने क्षेत्रवासियों से सीधा संवाद करते हुए क्षेत्र के आवश्यकता अनुसार विकास कार्यों में सहयोग देने का वादा किया। ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश भी विधायक ने दिया। ग्राम के समग्र विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा कर आवश्यक पहल सुनिश्चित करने का आश्वासन विधायक द्वारा ग्रामीणों को दिया गया। विधायक विनय वर्मा ने कहा कि जनता की समस्याओं का त्वरित समाधान करना ही सर्वोच्च प्राथमिकता है। जनता के सहयोग से क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयास किया जा रहा है। विधायक के समक्ष क्षेत्र के लोगों ने बेबाकी से अपनी बात को रखा। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ जिला अध्यक्ष आदित्य शुक्ला ने समस्याओं से संबंधित पत्र देकर समस्या समाधान करने की मांग की। इस दौरान पंकज शुक्ला, आदित्य कुमार शुक्ला, राम लखन प्रसाद शुक्ला, प्रनेश शुक्ला, प्रदीप कमलापुरी आदि लोग मौजूद रहे।

### बभनी पुलिस को मिली बड़ी सफलता,अवैध शराब परिवहन करते हुए 01 अभियुक्त गिरफ्तार




**बभनी/सोनभद्र-** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा शराब तस्करों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक (ऑपरेशन) ऋषभ रुणवाल के पर्यवेक्षण में एवं क्षेत्राधिकारी दुद्धी राजेश कुमार राय के कुशल निर्देशन में प्रभारी निरीक्षक बभनी के नेतृत्व में बभनी पुलिस टीम द्वारा दिनांक 30.04.2026 को प्रभावी कार्रवाई करते हुए 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान अभियुक्त जितेन्द्र कुमार विश्वकर्मा पुत्र भगवान दास विश्वकर्मा निवासी ग्राम कोंगा, थाना बभनी, जनपद सोनभद्र, उम्र करीब 20 वर्ष को एक बोलेरो वाहन में अवैध रूप से कुल 96 अदद अंग्रेजी शराब एवं 48 अदद बीयर की केन परिवहन करते हुए पकड़ा गया। गिरफ्तारी एवं बरामदगी के आधार पर थाना बभनी पर मु0अ0सं0 90/2026 धारा 60/63 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में मुख्य रूप से प्र0नि0 दिन्नू प्रसाद यादव, थाना बभनी, उ0नि0 शिवमूरत यादव, हे0का0 राम आशीष यादव, आरक्षी सुनील कुमार शामिल रहे।

# बीच सड़क पर टूट कर गिरा लोहे का बिजली पोल, कार हुई क्षतिग्रस्त

**आंधी पानी ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को पहुंचाया खासा नुकसान**

**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की शाम कोंच क्षेत्र में आयी आंधी-पानी ने बिजली आपूर्ति व्यवस्था को खासा नुकसान पहुंचाया है। तेज आंधी-पानी में कोंच-उरई रोड पर ग्राम भदारी के समीप उरई फीडर से जुड़े सीमेंटेड दो पोल गिरकर टूट गए जिससे आसपास के 14 गांव प्रभावित रहे और इन गांवों की बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ गई। कई घंटों के बाद बीच में बिजली लाइन काट कर बाकी के गांवों में बिजली आपूर्ति बहाल की जा सकी। उरई और जालौन की ट्यूबबेल लाइन भी कई जगह टूट कर गिर पड़ी। नगर में दरिद्र नारायण सेवा समिति भवन के नजदीक 250 केबीए के ट्रांसफार्मर पर आकाशीय बिजली गिरने से वह धड़ाम हो गया जिससे मोहल्ला गोखले और गांधीनगर की बिजली आपूर्ति ठप्प हो गई। काफी समय के बाद मोबाइल ट्रॉली ट्रांसफार्मर रख कर बिजली आपूर्ति चालू की जा सकी।



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** कस्बे में शुक्रवार की दोपहर एक बड़ा हादसा उस समय टल गया, जब भगत सिंह नगर स्थित मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे लगा एक पुराना जर्जर लोहे का बिजली पोल अचानक गिर पड़ा। यह पोल सीधे सड़क किनारे खड़े एक चार पहिया वाहन पर आ गिरा जिससे वाहन को काफी नुकसान पहुंचा है। जानकारी के अनुसार, यह बिजली पोल पिछले काफी समय से झुका हुआ था और नीचे से जर्जर भी हो गया था। इस पोल को बदले जाने की शिकायत भी आसपास के लोगों द्वारा की गई थी लेकिन समय रहते इसे नहीं बदला जा सका। शुक्रवार की दोपहर करीब एक बजे अचानक इस पोल के गिरने से मौके पर अफरा-तफरी मच गई। गनीमत रही कि पोल गिरने के समय सड़क पर कोई राहगीर या वाहन नहीं गुजरा, वरना बड़ा हादसा घटित हो सकता था। सड़क पर पोल गिरने से खासा जाम लगा रहा और तपती धूप में लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। वाहन आसपास गलियों से होकर निकल सके। करीब दो घंटे से अधिक समय के बाद वहां पर लगे एक दूसरे पोल के सहारे बिजली कर्मियों द्वारा लाइन जोड़ी गई तब कही जाकर बिजली आपूर्ति बहाल हो सकी। उधर, जूही नाका कानपुर निवासी वाहन चालक विवेक सिंह पुत्र रविंद्र सिंह ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बताया कि वह कोंच में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल होने के लिए वाहन में सवारियों को बैठाकर लाया था। मौके पर सवारियां उतार रहा था तभी बिजली पोल उसके वाहन पर गिर पड़ा जिससे उसका वाहन क्षतिग्रस्त हो गया। विवेक ने मामले में कार्यवाही किए जाने की मांग की है।

## पांचाल विश्वकर्मा समाज के सामूहिक विवाह सम्मेलन में 10 जोड़ों की शादी हुई संपन्न





स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कोंच(जालौन)-** पांचाल विश्वकर्मा नव युवक कल्याण समिति कोंच के तत्वाधान में इस वर्ष भी सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन गुरुवार की रात पड़री नाका कोंच स्थित प्रसिद्ध हुल्का देवी मंदिर प्रांगण में किया गया। हरिशंकर विश्वकर्मा तजपुरा की अध्यक्षता में आयोजित किए गए सम्मेलन में भाजपा नगर अध्यक्ष अंजू अग्रवाल मुख्य अतिथि एवं घनश्याम विश्वकर्मा इंदरगढ़, भाजपा नेता धर्मेंद्र राठौर नईबस्ती, शिवसिंह कुशवाहा आदि विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुए। सम्मेलन में समाज की 10 कन्याओं की शादी हुई। उच्चारित वैदिक मंत्रोच्चार के बीच वर-बधुओं ने मंडप के नीचे गले में जयमाल डालकर अग्नि के गिर्द सात फेरे लिए। अतिथियों ने सभी नव विवाहित जोड़ों को समिति द्वारा प्रदत्त उपहार भेंट कर उनके सुखी वैवाहिक जीवन की कामना कर आशीर्वाद दिया। इससे पूर्व समिति अध्यक्ष देवेंद्र विश्वकर्मा, मंत्री जितेंद्र विश्वकर्मा, कोषाध्यक्ष राजेंद्र विश्वकर्मा, संचालक नरेंद्र विश्वकर्मा आदि ने अतिथियों का स्वागत सम्मान किया। सम्मेलन में हजारों की संख्या में समाज के लोगों सहित जनाती/बाराती मौजूद रहे। उधर, सम्मेलन के आयोजन से ठीक पहले आई तेज आंधी और पानी से सम्मेलन की व्यवस्थाएं चौपट हो गई, मंच टूटकर धराशाई हो गया साथ ही भोजन के लिए लगाया गया टेंट भी गिर पड़ा जिससे आनन फानन में अतिथियों के लिए दूसरा मंच बनाना पड़ा।

## वृद्धा से मांगा पीने को पानी, बकरा चोरी कर ले गए बाइक सवार युवक

**कोंच(जालौन)-** राहगीर बनकर आए बाइक सवार दो अज्ञात व्यक्तियों ने घर पर मौजूद वृद्ध महिला को पानी लाने के लिए घर के भीतर भेजकर बाहर बंधा बकरा बाइक पर लादा और मौके से भाग निकले। मामले की शिकायत महिला के बेटे ने पुलिस से कर कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है। मोहल्ला आराजीलेन निवासी सलाउद्दीन पुत्र अल्लादीन ने कोतवाली पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि शुक्रवार की दोपहर करीब 2 बजे उसका 20 किलो वजन का 20 हजार रूपये कीमत का बकरा घर के बाहर बंधा हुआ था। इसी दौरान एक बाइक पर सवार दो अज्ञात व्यक्ति आए और उसकी मां से बोले, माता जी गर्मी बहुत है थोड़ा सा पानी पिला दो। सलाउद्दीन ने बताया कि जैसे ही मां घर के भीतर पानी लाने के लिए गई तभी उक्त दोनों व्यक्ति बकरे को बाइक पर लादकर भाग गए। पानी लेकर बाहर दरवाजे पर आई मां को न तो बकरा बंधा हुआ मिला और न ही उक्त बाइक सवार व्यक्ति। मामले को लेकर पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही किए जाने की गुहार लगाई है।

## विभागीय स्तर पर उदासीनता रही कोंच के बिजली उपभोक्ताओं पर पड़ भारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)-** उपभोक्ताओं को निर्बाध बिजली आपूर्ति मुहैया कराने के लिए सरकार के लाख प्रयासों पर विभागीय स्तर पर लापरवाही भरा उदासीन रवैया भारी पड़ रहा है। गुरुवार की देर शाम क्षेत्र में आई आंधी और पानी के चलते विभाग की उदासीन भरी कार्यप्रणाली से कोंच नगर की 5 घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप्प पड़ी रही जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानी उठानी पड़ी। कोंच नगर में बिजली की यह समस्या 33केबी हरदोई बिजली घर संचालन की वैकल्पिक व्यवस्था कोंच नगर से ही होने के चलते सामने आई है।

मामले के तहत कोंच नगर में कैलिया बाईपास मार्ग पर स्थित गैस गोदाम के समीप से 132 केबी बिजली घर तक पड़ी हरदोई 33केबी बिजली घर की लाइन बीते करीब 5-6 वर्ष पहले क्षतिग्रस्त हो गई थी। इस क्षतिग्रस्त लाइन के संचालन हेतु लाइन उसी समय नगर के पंचानन से जोड़ दी गई थी और तभी से हरदोई की बिजली लाइन कोंच नगर के लिए सिर दर्द बनी हुई है। जब भी हरदोई लाइन में फॉल्ट होता है, कोंच नगर की बिजली आपूर्ति बंद करनी पड़ती है जिससे 33केबी प्रथम कोंच बिजली घर से जुड़े फीडर कोंच प्रथम, द्वितीय, अंडा, जालौन, उरई, फैक्ट्री एरिया कोंच, नलकूप जालौन, नलकूप उरई, धूमावती कोल्ड स्टोर, एसआरपी आदि फीडर बुरी तरह से प्रभावित होते हैं। जानकारी लेने पर पता चला है कि हरदोई की जो लाइन क्षतिग्रस्त पड़ी हुई है उसकी मरम्मत के लिए जरूरी सामग्री काफी समय पहले ही उपलब्ध करा दी गई थी, लेकिन विभागीय अधिकारी-कर्मचारी लाइन की मरम्मत कर लाइन को कोंच से हटाने के नाम पर पूरी उदासीन बने हुए हैं और इसका खामियाजा कोंच नगर के बाशिंदों को उठाना पड़ रहा है। गुरुवार की शाम आई आंधी-पानी में करीब 7 बजे गुल हुई बिजली रात 12 बजे के बाद ही कोंच नगर के लोगों को मिल सकी। बताया जा रहा है कि हरदोई के पास लाइन में फॉल्ट आ गया था जिससे पूरी लाइन बंद रखनी पड़ी। इस पूरे मामले को लेकर एसडीओ उरई, रतनलाल चौहान का कहना है कि नई लाइन डलवाने के लिए ठेकेदार ने काम शुरू कर दिया है। नई लाइन बिछने के बाद उसी लाइन से हरदोई बिजली घर को जोड़ा जाएगा।

## एक बाइक पर सवार चार युवक सड़क दुर्घटना में हुए घायल




**कोंच(जालौन)-** गुरुवार की रात कोंच-नदीगांव रोड पर एक तेज रफ्तार बाइक सड़क पर ठीक आगे चल रहे ट्रैक्टर की ट्रॉली में पीछे से जा घुसी जिससे एक ही बाइक पर सवार चार युवक घायल हो गए। हादसे में बाइक चालक की हालत गंभीर होने पर उसे उरई मेडिकल कॉलेज रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार, कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी हर्ष (16) कस्बे के नदीगांव रोड स्थित एक विवाह घर में शादी समारोह में गया था। वहां से वह अपने दोस्तों शीलू (18), दीपक (18) और पीयूष (17) निवासी भगत सिंह नगर के साथ ग्राम भदेवरा में एक दोस्त से मिलने चला गया। लौटते समय रास्ते में भदेवरा मोड़ के नजदीक सड़क पर आगे चल रहे ट्रैक्टर ने अचानक ब्रेक लगा दिए। इसी दौरान तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर ट्रैक्टर की ट्रॉली में पीछे से जा घुसी। हादसे में बाइक सवार चारों युवक घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर पहुंचे राहगीरों ने सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोंच पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हर्ष को उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

## छोटे भाई की शादी के चंद घंटों बाद ही ग्राम प्रधान बड़े भाई की एक्सीडेंट में मौत

**● शादी की खुशियां मातम में बदली**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**उरई(जालौन)-** कोटरा थाना क्षेत्र में शुक्रवार की सुबह हृदय विदारक सड़क हादसे में कुरकुरु गांव के युवा ग्राम प्रधान प्रवीण कुशवाहा उर्फ ओपी (31) की मौत हो गई। हादसा ऐसे समय हुआ जब परिवार में छोटे भाई की शादी की खुशियां मनाई जा रही थी। अचानक आयी इस दुःखद खबर से शादी का माहौल मातम में बदल गया। जानकारी के मुताबिक, ग्राम प्रधान प्रवीण कुशवाहा के छोटे भाई सत्यम कुशवाहा की शादी एट कस्बा स्थित अवध पैलेस गेस्ट हाउस में संपन्न हुई थी। गुरुवार रात बारात धूमधाम से पहुंची थी और देर रात तक शादी की सभी रस्में खुशी-खुशी पूरी हुई थी। परिवार और रिश्तेदार जश्न के माहौल में थे। शुक्रवार की सुबह करीब 7 बजे प्रवीण कुशवाहा की मां माया देवी ने गांव स्थित घर की सबमर्सिबल खराब होने की सूचना दी। इस पर प्रवीण तुरंत कार लेकर गांव के लिए रवाना हो गया। रास्ते में अचानक उसकी कार अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे खड़े नीम के पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार के परखच्चे उड़ गए और कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और कार में फंसे प्रवीण को बाहर निकाला। गंभीर हालत में उन्हें तुरंत एंबुलेंस की मदद से मेडिकल कॉलेज झांसी भेजा गया लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जैसे ही ग्राम प्रधान की मौत की खबर शादी समारोह स्थल पर पहुंची, वहां मौजूद परिजनों और रिश्तेदारों में कोहराम मच गया। जहां कुछ घंटे पहले तक बधाइयों और खुशियों का माहौल था वहां अचानक चीख-पुकार और मातम पसर गया। सूचना मिलने पर एट थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## वाटर एड इंडिया द्वारा डॉ. बृजेश महादेव को जल चैंपियन सम्मान से किया गया सम्मानित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/** उत्तर प्रदेश- वाटर एड इंडिया द्वारा डॉ. बृजेश कुमार सिंह महादेव' को जल संरक्षण स्वच्छता जागरूकता एवं जनसहभागिता के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रतिष्ठित जल चैंपियन सम्मान से सम्मानित किया गया है। डॉ. महादेव वर्तमान में पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय पल्हारी, ब्लॉक नगवां, सोनभद्र में शिक्षक के रूप में कार्यरत हैं तथा ब्लॉक स्काउट मास्टर एवं राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ सोनभद्र के वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष के रूप में भी सक्रिय भूमिका निभा रहे हैं। शिक्षा और समाजसेवा के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाने वाले डॉ. महादेव को यह सम्मान जल-सुरक्षित राष्ट्र निर्माण की दिशा में उनके सतत प्रयासों, दूरदर्शी सोच एवं सामाजिक प्रतिबद्धता के लिए प्रदान किया गया।

वाटर एड इंडिया, जो जल सेवा चैरिटेबल फाउंडेशन के रूप में पंजीकृत एक अंतरराष्ट्रीय संस्था है, के प्रबंधक अमितयुष प्रियदर्शी (डिजिटल अनुभाग) द्वारा जारी सम्मान पत्र में डॉ. महादेव के योगदान की सराहना करते हुए कहा गया कि उन्होंने जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की दिशा में प्रेरणादायी कार्य किया है। विद्यालय एवं समुदाय स्तर पर जल संरक्षण, स्वच्छता और सुरक्षित पेयजल के प्रति लोगों को जागरूक करने में उनकी भूमिका सराहनीय रही है। ज्ञात हो कि 'जल चैंपियन' पहल वाटरएड इंडिया द्वारा संचालित एक राष्ट्रव्यापी अभियान है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को जमीनी स्तर पर जल संरक्षण गतिविधियों से जोड़ना और उन्हें नेतृत्व के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान के अंतर्गत विद्यालयों एवं समुदायों में 'जल शपथ ', जल संरक्षण, स्वच्छता जागरूकता, वर्षा जल संचयन तथा सतत जल प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रमों का संचालन करते हैं। अब तक इस अभियान से 21 हजार से अधिक लोग जुड़ चुके हैं और देशभर में जल संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने का कार्य कर रहे हैं।

डॉ. बृजेश महादेव लंबे समय से शिक्षा, साहित्य, स्काउटिंग एवं सामाजिक सरोकारों से जुड़े अभियानों में सक्रिय भूमिका निभाते रहे हैं। विद्यार्थियों में सामाजिक चेतना विकसित करने, नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने तथा ग्रामीण क्षेत्रों में जनजागरूकता फैलाने के लिए वे लगातार कार्य कर रहे हैं। इससे पूर्व भी उन्हें ग्लोबल डायमंड आइकन अवार्ड, एशियन एजुकेशन अवार्ड, नेशनल बिल्डर्स अवार्ड एवं राज्य आईसीटी अवार्ड सहित अनेक प्रतिष्ठित सम्मानों से सम्मानित किया जा चुका है।जल चैंपियन सम्मान प्राप्त होने पर शिक्षकों, स्काउट गाइड परिवार, सामाजिक संगठनों एवं क्षेत्रीय नागरिकों ने हर्ष व्यक्त करते हुए इसे सोनभद्र जनपद एवं शिक्षा जगत के लिए गौरवपूर्ण उपलब्धि बताया है।

## कच्ची उम्र में मत करो विवाह, दोनों का जीवन होगा तबाह- महिला कल्याण विभाग

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र/उत्तर प्रदेश-** विंढमगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत बौद्धाडीह ग्राम में बाल विवाह की प्राप्त सूचनाओं पर जेंडर एक्सपर्ट साधना मिश्रा, सुपरवाइजर रविन्द्र, नागेन्द्र की टीम गठित की गई और तत्काल, थाना विंढमगंज पहुंची जहां एक नाबालिग बालिका का विवाह कराए जाने की सूचना पर टीम ने तत्काल मौके पर पहुंचकर टीम द्वारा बालिका के परिजनों से आयु संबंधी वैध दस्तावेज मांगे गये किन्तु परिजनों द्वारा कोई प्रमाण प्रस्तुत नहीं किया जा सका। बारात दरवाजे पर आ चुकी थी और लड़के की उम्र के संबंध में भी साक्ष्य मांगा गया।

साक्ष्य के आधार पर लड़का भी नाबालिक पाया गया जिसे दोनों के हित को देखते हुए दोनों पक्ष को समझाते बुझाते हुए सर्वोत्तम हित की सलाह देते हुए शादी न करने की अपील कि गयी। जहाँ दोनों पक्ष आपसी समझौता से समझ गए और लड़के लड़की दोनों पक्ष के सर्वोत्तम हित को देखते हुए उसे तत्काल संरक्षण में लेकर थाना विंढमगंज पहुंचकर आपसी समझौता करा कर बालिका को उसके माता-पिता को सुपुर्द कर दिया गया। उक्त कार्रवाई बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम, 2006 के प्रावधानों के अंतर्गत की गई है। अधिनियम के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु की बालिका का विवाह संज्ञेय एवं अपराध है। महिला कल्याण विभाग सोनभद्र सभी नागरिकों से अपील करता है कि बाल विवाह की किसी भी सूचना पर तत्काल चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 पर सूचित करें। सूचनादाता की पहचान पूर्णतः गोपनीय रखी जाएगी। इस मौके पर उप निरीक्षक संजय राय, कांस्टेबल मनीष कुमार साहू, कास्टेबल भूपेंद्र पांडेय ग्राम प्रधान उपस्थित रहे।

## अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर आयुष ने क्षेत्र का मान बढ़ाया



**सिद्धार्थनगर।** उसका बाजार कस्बा निवासी संतोष कुमार अग्रहरि के सुपुत्र आयुष कुमार अग्रहरि को हाई स्कूल परीक्षा 2026 में 95.6 प्रतिशत अंक हासिल हुआ है। उन्होंने हाई स्कूल की परीक्षा आईसीएसई बोर्ड से अच्छे अंकों से उत्तीर्ण होकर क्षेत्र का मान बढ़ाया है। आयुष जनपद मुख्यालय स्थित सेंट जेवियर्स स्कूल में अध्ययनरत रहे। इनकी इस सफलता पर शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी, हेमन्त जायसवाल, रूपेश सिंह, संजय गुप्ता, सुजीत अग्रहरि, गोपाल अग्रहरि, विशाल अग्रहरि, मनोज गुप्ता, मनीष अग्रहरि, विरेंद्र पाण्डेय, अनंत मिश्र, देवेंद्र श्रीवास्तव, अशोक जायसवाल, संजय जयसवाल, सत्य प्रकाश वर्मा, अश्वनी मिश्र, धर्मेंद्र पाण्डेय, राहुल दूबे, सोमनाथ मिश्र, शिव पाल सिंह आदि ने खुशी व्यक्त की है।

## श्रमिक आरोग्य मेला में 56 श्रमिको का स्वास्थ्य परीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** श्रमिक दिवस के अवसर पर शुक्रवार को क्षेत्र के उसका बाजार क्षेत्र के लक्षनपुर, परसा गौशाला, बगही व कटकी स्थित ईंट भट्टे पर श्रमिकों के लिए श्रमिक स्वास्थ्य मेला लगाया गया। इसमें 56 श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। इन्हें मौके पर ही दवाएं और पौष्टिक आहार वितरित किए गए। शासन के निर्देशों के अनुरूप आयोजित इस मेले में श्रमिकों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया गया। डा. सुनील चौधरी, डा. मुमताज, डा. सरिता, डा. प्रीति, मारूफ अली, शशिकला की टीम ने श्रमिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया, जिसमें रक्तचाप, मधुमेह, सामान्य शारीरिक जांच और कार्यस्थल से जुड़ी स्वास्थ्य समस्याओं पर विशेष ध्यान दिया गया। सभी श्रमिकों को आवश्यक दवाएं निःशुल्क उपलब्ध कराई गई। सीएचसी अधीक्षक डॉ. एसके पटेल ने कहा कि श्रमिक देश की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं, इसलिए उनका स्वस्थ रहना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने श्रमिकों को नियमित स्वास्थ्य जांच कराने, संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, पर्याप्त आराम करने और कार्य के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की सलाह दी। बताया कि किसी भी प्रकार की स्वास्थ्य समस्या होने पर श्रमिक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर आकर निशुल्क परामर्श और उपचार प्राप्त कर सकते हैं। चिकित्सकों ने श्रमिकों को कार्य के दौरान होने वाली सामान्य बीमारियों संक्रामक रोग और दुर्घटनाओं से बचाव के उपाय भी बताए। उन्हें स्वच्छता बनाए रखने, समय पर भोजन करने और नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित किया गया। मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए भी जरूरी दिशा-निर्देश दिए गए। स्वास्थ्य परीक्षण के उपरांत 56 श्रमिकों को दवाओं के साथ-साथ पौष्टिक आहार भी वितरित किया गया, जिसका उद्देश्य उनके स्वास्थ्य में सुधार करना और कार्यक्षमता को बढ़ाना था। इस आयोजन का मुख्य लक्ष्य श्रमिकों को स्वास्थ्य सेवाओं से जोड़ना है।

## गांवों के समग्र व संतुलित विकास से ही बनेगा विकसित भारत: विजय लक्ष्मी गौतम





**सिद्धार्थनगर।** प्रदेश सरकार के राज्यमंत्री ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग विजय लक्ष्मी गौतम की अध्यक्षता एवं विधायक विनय वर्मा की उपस्थिति में रेस्ट हाउस, लोक निर्माण विभाग में विभागीय कार्यो की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए राज्यमंत्री, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, उत्तर प्रदेश विजय लक्ष्मी गौतम ने कहा कि जनपद सिद्धार्थनगर पिछड़ा जनपद है। सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के माध्यम से काम किया जा रहा है। ग्राम चौपाल में सभी अधिकारी अवश्य जाये तथा लोगों की समस्याओं का समाधान करें।प्रधानमंत्री आवास तथा मुख्यमंत्री आवास के लाभार्थियों का चयन कर उन्हे लाभ दिलाये। सभी ग्राम सचिव अपने क्लस्टर में रहे। गांव में जाये और काम करें। भारत को 2047 तक विकसित भारत बनाना है तो सभी लोग मिलकर कार्य करें। गांव के लोगो का समुचित विकास हो। सभी खण्ड विकास अधिकारी गांवों का निरीक्षण करें तथा जो भी अधूरे कार्य है उन्हें पूर्ण करायें। गांवों में साफ-सफाई व्यवस्था ठीक होना चाहिए। सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दें। वीबीजी राम जी का प्रचार प्रसार कराये। स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को जोड़कर उनके आर्थिक विकास में सहायता करें। अमृत सरोवर की साफ-सफाई कराये तथा जहां पर पानी कम है वहां पर पानी भरवाने का भी निर्देश दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह, पीडी नागेन्द्र मोहन राम त्रिपाठी, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसी मनरेगा सन्दीप सिंह, अधिशासी अभियन्ता ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग शैलेन्द्र चौधरी, समस्त खण्ड विकास अधिकारी व अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी का हुआ आयोजन, भाजपा जिलाध्यक्ष ने किया शुभारंभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** चिल्हिया क्षेत्र के उदराजगंज स्थित जनता विद्या मंदिर इण्टर कॉलेज में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी कार्यक्रम आयोजन हुआ। मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष दीपक मौर्या ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।प्रक्षिक्षण व प्रदर्शनी कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण देकर उन्हें निपुण किया गया। पूर्व जिलाध्यक्ष लालजी त्रिपाठी ने कहा कि भाजपा के सभी कार्यकर्ता केंद्र व प्रदेश सरकार की लाभकारी योजनाओं व क्षेत्रों में हो रहे विकास कार्यो के बारे में ग्रामीण वासियों को बताएं।कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी व माफिया जेल की हवा खा रहे हैं। महिलाएं भयमुक्त होकर कहीं भी आ जा रही है।यह प्रदेश सरकार की बहुत बड़ी उपलब्धि है। प्रदेश में औद्योगिक कारखाने बढ़ने से लोगों को रोजगार से जोड़ा जा रहा है। कार्यकर्ताओं के दम पर एक बार फिर भाजपा का परचम लहराएगा।कहा कि भाजपा के शासनकाल में विकास से लेकर हाइवे व आवागमन को सुलभ बनाने के लिए हर प्रांतों में बंदे भारत ट्रेनों का संचालन हो रहा है। कार्यकर्ता सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच जाकर बताने का कार्य करें और नारी शक्ति वंदन अधिनियम को सदन में लागू कराने के लिए महिलाओं व छात्राओं को आगे आने के लिए प्रेरित करें। इस दौरान पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष साधना चौधरी, विपिन सिंह, शिवनाथ चौधरी ,मंडल अध्यक्ष रामसेवक चौहान, विपिन सिंह, सिद्धार्थ चौधरी, फतेबहादुर सिंह, आशनारायण सिंह, मुकेश श्रीवास्तव, संजय सिंह, कैलाश पांडेय, प्रभात तिवारी आदि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### एडीजी आलोक सिंह बने डीजी, जिलाधिकारी ने भेंट कर दी बधाई



**कानपुर।** कानपुर जोन के एडीजी आलोक सिंह के डीजी पद पर पदोन्नत होने पर जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर बधाई दी। जिलाधिकारी ने कहा कि यह पदोन्नति उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का परिणाम है तथा नई जिम्मेदारी में वे अपने दायित्वों का प्रभावी निर्वहन करेंगे। उन्होंने उनके सफल कार्यकाल की कामना की।

### कानपुर में एक साथ तीन सिनेमा घरों में रिलीज हो रही है फीचर फिल्म सुजाता



**कानपुर।** कानपुर में एक साथ तीन टॉकीज में रिलीज हो रही है फीचर फिल्म सुजाता। फिल्म के निर्माता एवं लेखक संतोष गुप्ता ने बताया कि यह फिल्म 1 मई से कानपुर में एक साथ तीन टॉकीज में रिलीज हो रही है। 1 मई से 7 दिनों के लिए यह नोवेल्टी टॉकीज में लगेगी और उसके बाद यह फिल्म क्रमशः श्याम पैलेस और लाल पैलेस टॉकीज में लगेगी। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यों से प्रभावित संतोष गुप्ता ने आगे बताया कि नरेंद्र मोदी ने जिस तरह अपने कुशल नेतृत्व में देश को आगे बढ़ाया है इसलिए उनकी कुछ महत्वपूर्ण योजनाओं के बारे में भी मेरी इस फिल्म में कहानी के तौर पर दिखाया गया है। सुजाता के तौर पर बेहतरीन अभिनय निभाने वाली अभिनेत्री देविका सिंह है। इसके अलावा हमेशा अलग-अलग भूमिकाओं में अपना प्रभाव छोड़ जाने वाले अजय त्रिपाठी न्यू फिल्म में नेता विपक्ष की भूमिका बखूबी निभाई है। इसके अलावा फिल्म में काम करने वालों में शान अरविंद यादव नितिन चोपड़ा विपिन पांडे शिव मोहन द्विवेदी आदि है। फिल्म का निर्देशन मुंबई में रहने वाले रवि शर्मा ने किया है।

### नौ और दस मई को लगेगा जिला प्रशिक्षण शिविर, दक्षिण जिला अध्यक्ष ने बांटी जिम्मेदारियां

**कानपुर ग्रामीण।** कानपुर दक्षिण भाजपा का दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण शिविर नौ और दस मई को आयोजित किया जाएगा, केशव पुरम जिला सभागार में हुई बैठक में कानपुर दक्षिण जिला अध्यक्ष शिवराम सिंह ने तैयारियों की समीक्षा कर जिम्मेदारी बांटी, भाजपा कानपुर दक्षिण के केशव पुरम स्थित जिला सभागार में बैठक हुई, बैठक में नौ और दस मई को होने वाले जिला प्रशिक्षण शिविर की तैयारी कर चर्चा की गई, जिला अध्यक्ष दक्षिण शिवराम सिंह ने बताया कि प्रशिक्षण शिविर को सफल बनाने के लिए अभी से पूरी तत्परता और जिम्मेदारी के साथ जुट जाएं, बैठक में प्रशिक्षण शिविर की रूपरेखा व्यवस्थाओं,विषय वार सत्रों आवास, भोजन,व अनुशासन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई,, साथ ही जिम्मेदारियां भी निर्धारित की गई,इस दौरान जिला महामंत्री गणेश शुक्ला, जसविंदर सिंह, अर्जुन बेरिया, राजन चौहान, जितेन्द्र सचान, जिला मीडिया प्रभारी संजीव बेरी, एलबी सिंह पटेल,बीएल पांडेय, मधु तिवारी आदि मौजूद रहे।

### विद्युत लाईन की चपेट में आने से लाइनमैन की मौत



**प्रतापगढ़।** लाईन मैन ट्रांसफॉर्मर मे फाल्ट ठीक कर रहा था कि विद्युत सप्लाई बहाल होने से वह चपेट में आ गया जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। कंधई थाना के मधुपुर गांव निवासी बहादुर यादव 50 लाइन मैन है वह शुक्रवार को फाल्ट ठीक करने के लिए मीरनपुर गांव पहुंचा, जहां स्कूल के पीछे लगे ट्रांसफार्मर पर चढ़कर फाल्ट ठीक कर रहा था कि अचानक विद्युत सप्लाई बहाल हो गई और वह उसकी चपेट में आने से बुरी तरह झुलस गया। बताया जा रहा है कि वह चिलबिला ईस्ट लाईन अंतर्गत ट्रांसफार्मर में फाल्ट ठीक कर रहे थे, तभी दर्दनाक हादसा हो गया और उनकी मौत हो गई।सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेजा है।परिजनों में चीख पुकार मची हुई है।

# प्रतापगढ़ में दबंगों का खूनी खेल! घर पर हमला, बच्चों तक को नहीं बख्शा- पुलिस की निष्क्रियता पर बड़े सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** जनपद प्रतापगढ़ के थाना पट्टी क्षेत्र के ग्राम समोगरा से एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है, जहां दबंगों के कथित आतंक से एक परिवार पिछले दो वर्षों से दहशत में जीने को मजबूर है। पीड़ित पंकज सिंह ने अपने ही पटीदार सर्वेश सिंह, उनकी माता प्रेमा सिंह, तथा पड़ोसी राजेश सिंह और धर्मेश सिंह पर लगातार उत्पीड़न, मारपीट की कोशिश और जान से मारने की धमकी देने जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं।

पीड़ित के अनुसार, वे करीब 20 वर्षों तक सूरत (गुजरात) में रहकर व्यापार करते थे, लेकिन व्यापार बंद होने के बाद लगभग दो वर्ष पहले अपने पैतृक गांव लौटे। गांव लौटने के बाद से ही विवाद की शुरुआत हुई, जो धीरे-धीरे हिंसक घटनाओं में बदलती चली गई।

**रोजाना गाली-गलौज, धमकी और दहशत का माहौल**

पंकज सिंह का आरोप है कि विरोधी पक्ष आए दिन उनके घर के सामने गाली-गलौज करते हैं, जान से मारने की धमकी देते हैं और जानबूझकर झगड़े की स्थिति बनाते हैं। इससे पूरे परिवार में लगातार भय का माहौल बना रहता है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि उनकी पत्नी, जो एक अध्यापिका हैं, को स्कूल जाते समय रास्ते में रोका जाता है, टोका-टाकी की जाती है और उनके साथ अभद्र व्यवहार किया जाता है।

वहीं उनके 13 वर्षीय और 9 वर्षीय मासूम बच्चों को भी नहीं छोड़ा गया। आरोप है कि बच्चों को स्कूल बस स्टॉप पर डराया-धमकाया जाता है और कथित तौर पर अवैध हथियार दिखाकर मानसिक रूप से दबाव बनाया जाता है।

**अवैध हथियारों का खुला प्रदर्शन**

पीड़ित का कहना है कि आरोपी राजेश सिंह खुलेआम अवैध पिस्टल लेकर घूमता है और कई बार उन्हें दौड़ा भी चुका है। धर्मेश सिंह के पास भी अवैध बंदूक होने की जानकारी दी गई है। इतना ही नहीं, आरोप है कि ये लोग तेज संगीत बजाकर और सोशल मीडिया पर वीडियो डालकर अपने दबदबे का प्रदर्शन करते हैं, जिससे इलाके में डर का माहौल और गहरा होता जा रहा है।

**26 अप्रैल का खूनी हमला- घर पर बोला धावा**

घटना का सबसे भयावह पहलू 26 अप्रैल 2026 को सामने आया, जब आरोपियों ने अपने परिजनों के साथ मिलकर पीड़ित के घर पर हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि लाठी-डंडों, पत्थरों और नुकीले-धारदार हथियारों से लैस होकर ये लोग सीधे दरवाजे पर आ धमके और पूरे परिवार पर हमला बोल दिया। इस हमले में पंकज सिंह और उनके 13 वर्षीय बेटे को चोटें आई, जबकि पत्नी और 9 वर्षीय छोटे बच्चे पर भी पत्थर और डंडे फेंके गए। किसी तरह सभी ने अपनी जान बचाई।

**वीडियो सबूत के बावजूद कार्रवाई नहीं**

पीड़ित का कहना है कि उन्होंने समय-समय पर इन घटनाओं के वीडियो सबूत पुलिस को दिए, लेकिन इसके बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि पुलिस की ओर से भी असंवेदनशील जवाब दिए गए, जैसे- 'असलहे की फोटो लेकर आओ, तब कार्रवाई होगी 'और 'धमकी दे रहे हैं, सच में मारेंगे नहीं ' इन बयानों ने पीड़ित परिवार की चिंता और बढ़ा दी है।

खौफ में कैद परिवार, बच्चों की पढ़ाई ठप- लगातार हो रही घटनाओं के कारण पूरा परिवार मानसिक तनाव में है। बच्चे डर के कारण स्कूल नहीं जा पा रहे हैं और पत्नी भी घर से बाहर निकलने में असहज महसूस कर रही हैं। पीड़ित का कहना है कि अब हालात ऐसे हो गए हैं कि वे अपने ही घर में सुरक्षित महसूस नहीं कर रहे हैं।

**बड़ा सवाल- कब जागेगा प्रशासन?**

यह मामला कानून-व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। एक तरफ आरोपियों के हौसले बुलंद हैं, वहीं दूसरी ओर पीड़ित परिवार न्याय और सुरक्षा के लिए दर-दर भटक रहा है। पीड़ित ने प्रशासन से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, अवैध हथियारों की जांच हो और उनके परिवार को तत्काल सुरक्षा उपलब्ध कराई जाए।

**चेतावनी जैसी अपील** पीड़ित का कहना है कि अगर समय रहते कार्रवाई नहीं हुई, तो कभी भी कोई बड़ी और गंभीर घटना घट सकती है।

अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस गंभीर मामले में क्या कदम उठाता है और क्या पीड़ित परिवार को न्याय और सुरक्षा मिल पाती है या नहीं।

## कानपुर ब्रेकिंग: विजय नगर में सट्टा-जुआ का खेल, पुलिस की भूमिका पर सवाल

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**कानपुर।** काकादेव थाना क्षेत्र के विजय नगर इलाके में अवैध सट्टा और जुआ का कारोबार तेजी से फैलने के आरोप सामने आए हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में खुलेआम जुआ-सट्टा चल रहा है, जिससे कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

**'सुरक्षित अड्डा' बनने के आरोप**

क्षेत्रीय निवासियों के मुताबिक, विजय नगर इन दिनों सटोरियों और जुआड़ियों का सुरक्षित अड्डा बनता जा रहा है। आरोप है कि अपराधी बेखौफ होकर इस अवैध कारोबार को अंजाम दे रहे हैं।

**पुलिस की कार्यप्रणाली पर उठे सवाल**

जहां एक ओर शहर में एडीसीपी क्राइम सुमित सुधाकर रामटेके के नेतृत्व में अवैध गतिविधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर इस क्षेत्र में कथित तौर पर पुलिस की अनदेखी सामने आ रही है। कुछ लोगों ने यह भी आरोप लगाया है कि मिलीभगत के चलते कार्रवाई नहीं हो रही, हालांकि इन आरोपों की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है।

**रसूख और दबाव की चर्चा**

स्थानीय सूत्रों का दावा है कि प्रभावशाली लोगों के दबाव के कारण कार्रवाई से बचाया जा रहा है और पकड़े गए आरोपियों को भी छोड़ दिया जाता है।

**जांच और कार्रवाई की मांग**

इलाके के लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि क्षेत्र में कानून का डर कायम हो सके और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाई जा सके।

### संत एंथोनी कालेज में जनगणना हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर का तीन दिवसीय प्रशिक्षण प्रारम्भ



**प्रतापगढ़।** संत एंथोनी इंटर कालेज प्रतापगढ़ में जनगणना 2026-27 हेतु प्रगणक एवं सुपरवाइजर की तीन दिवसीय प्रारंभ प्रशिक्षण में कुल 165 प्रगणक एवं सुपरवाइजर को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट /एसडीएम सदर अनुष्का शर्मा ने प्रशिक्षण का निरीक्षण करते हुए कहा कि सभी लोग पूर्ण मनोयोग से प्रशिक्षण प्राप्त करे जिससे जनगणना करते समय किसी भी प्रकार की कठिनाई का सामना न करना पड़े। मन में जो भी शंकाएं हो उसका समाधान प्रशिक्षण कक्ष में अवश्य कर ले।मास्टर ट्रेनर द्वारा जनगणना के बारे में विस्तार पूर्वक बताया गया। इस अवसर इओ नगर पालिका राकेश कुमार, खंड शिक्षा अधिकारी नगर संतोष वर्मा, सुपरवाइजर धर्मेंद्र ओझा, शशांक कुमार उमरवैश्य, संदीप कुमार यादव मौजूद रहे।

# एबीवीपी ने फूंका कॉलेज प्रबंधन का पुतला

● शैक्षणिक अनियमितताओं को लेकर जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद के शैक्षणिक संस्थानों में व्याप्त कथित भ्रष्टाचार और छात्रों के भविष्य के साथ हो रहे खिलवाड़ के विरोध में आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने उग्र प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने शहर के हृदय स्थल घंटाघर के समक्ष पहलवान गुरुद्दीन ग्रुप ऑफ कॉलेज प्रबंधन के विरुद्ध नारेबाजी की और पुतला दहन कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। इसके पश्चात, परिषद के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।

**छात्रों को परीक्षा से वंचित करने का गंभीर आरोप**

ज्ञापन के माध्यम से परिषद ने अवगत कराया कि नेहरू महाविद्यालय स्थित परीक्षा केन्द्र पर कई छात्रों को बिना किसी उचित कारण के परीक्षा देने से रोक दिया गया और उन्हें वहां से भगा दिया गया। आरोप है कि बीती 30 अप्रैल को आयोजित परीक्षा में संस्थान की लापरवाही के कारण अनेक छात्रों को प्रवेश पत्र जारी नहीं किए गए, जिससे उनका एक वर्ष बर्बाद होने की कगार पर है। इससे छात्रों के मौलिक अधिकारों का हनन बताते हुए एबीवीपी ने दोषियों पर कड़ी कार्यवाही की मांग की है।

**फर्जी हस्ताक्षर और नियमों की अनदेखी के आरोप**

विद्यार्थी परिषद ने महाविद्यालय प्रबंधन पर कई अन्य गंभीर वित्तीय और प्रशासनिक अनियमितताओं के आरोप भी लगाए हैं। सीबीएसई बोर्ड से संबंधित पब्लिक स्कूल के दस्तावेजों में उच्चाधिकारियों (कमिश्नर) के हस्ताक्षर संदिग्ध और फर्जी होने की आशंका जताई गई है। साथ ही नियमों के अनुसार नर्सिंग पाठ्यक्रम के लिए 150 बेड का अस्पताल अनिवार्य है, लेकिन आरोप है कि मान्यता पहले ली गई और अस्पताल बाद में बनाया जा रहा है। इसी तरह एलएलबी और बीटीसी पाठ्यक्रमों में भी भूमि और एफडीआर जमा करने के नियमों का खुला उल्लंघन किया गया है।

**अभाविप ने प्रशासन से उठायी यह मांगें**

स्वतंत्र जांच समिति, जिले के सभी महाविद्यालयों के भौतिक सत्यापन के लिए एक स्वतंत्र जांच समिति का गठन हो। पुनः परीक्षा का अवसर, परीक्षा से वंचित किए गए छात्रों के लिए अविलंब पुनः परीक्षा की व्यवस्था की जाए। दोषियों पर कार्यवाही, फर्जीवाड़े में संलिप्त कॉलेज प्रबंधन और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही हो। प्रशासन का रुख, प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि यदि प्रशासन ने जल्द ही इन अनियमितताओं पर लगाम नहीं लगाई और छात्रों को न्याय नहीं मिला, तो विद्यार्थी परिषद व्यापक आंदोलन के लिए बाध्य होगी। जिलाधिकारी कार्यालय ने ज्ञापन स्वीकार करते हुए उचित जांच का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर एबीवीपी के जिला संयोजक साहिल गौतम, विभाग संयोजक अभिषेक पटेरिया, नगर मंत्री कृष्ण गोपाल शर्मा, विकास झा, अभिषेक कुशवाहा, आकाश परिहार, आदित्य प्रताप सिंह, विशाल नामदेव, विशाल जैन, अमन पटेरिया, अभिषेक पंथ, विक्की मिश्रा, कपिल चौहान, अमन कौशिक, राजीव यादव, दीपक खटीक, अमर कौशिक, राजवीर यादव, भारत रजक, जितेंद्र विश्वकर्मा, अभिषेक राजपूत, अनिरुद्ध मालवीय, वैभव जैन, अर्पित मोदी, निधि राजपूत के अलावा इकाई के पदाधिकारी और भारी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

## कानपुरः कल्याणपुर में KDA का बुलडोजर एक्शन, 13 करोड़ की जमीन कब्जा मुक्त




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र में गुरुवार को कानपुर विकास प्राधिकरण (KDA) ने अवैध कब्जों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए बुलडोजर चलाया और सरकारी जमीन को कब्जामुक्त कराया।

**फर्जी दस्तावेजों के सहारे किया गया था कब्जा**

अधिकारियों के अनुसार, कल्याणपुर कलां क्षेत्र में करीब 3,627 वर्ग मीटर सरकारी जमीन पर फर्जी दस्तावेजों के आधार पर कब्जा किया गया था, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग 13 करोड़ रुपये बताई जा रही है।

**भारी पुलिस बल की मौजूदगी**

कार्रवाई के दौरान चष्ठ टीम के साथ आधा दर्जन थानों की पुलिस और PAC बल तैनात रहा, जिससे पूरा अभियान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराया गया।

**अवैध प्लॉटिंग भी ध्वस्त** प्राधिकरण की टीम ने करीब 5 बीघा क्षेत्र में की गई अवैध प्लॉटिंग को भी ध्वस्त कर दिया। जेसीबी मशीनों की मदद से बाउंड्रीवाल और अन्य निर्माण हटाए गए।

**सख्त चेतावनी** KDA अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि दोबारा अवैध कब्जा करने या बिना नक्शा पास कराए निर्माण करने वालों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें जेल भेजने तक की कार्रवाई शामिल हो सकती है।

**अभियान रहेगा जारी** प्राधिकरण ने कहा कि शहर में अवैध निर्माण और कब्जों के खिलाफ अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा, और किसी भी प्रकार की अनियमितता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### कानपुर ब्रेकिंग: रावतपुर ऑफिसर कॉलोनी में जल संकट, लोगों में आक्रोश

**कानपुर।** रावतपुर स्थित ऑफिसर कॉलोनी में भीषण गर्मी के बीच गहराते जल संकट ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। पिछले 48 घंटों से क्षेत्र में पानी की आपूर्ति ठप बताई जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

**टंकी और मोटर खराब, सप्लाई बाधित** स्थानीय लोगों के अनुसार, पानी की टंकी लंबे समय से खराब पड़ी है और मोटर में भी खराबी है, जिसके चलते जलापूर्ति पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। आरोप है कि शिकायत के बावजूद समय पर मरम्मत कार्य नहीं कराया गया।

**विभागीय लापरवाही के आरोप** क्षेत्रीय निवासियों ने विभागीय अधिकारियों पर लापरवाही के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं किया जा रहा, जिससे हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं।

**गर्मी में बढ़ी दिक्कत** भीषण गर्मी के चलते पानी की जरूरत बढ़ गई है, ऐसे में सप्लाई बाधित होने से स्थिति और गंभीर हो गई है। लोग टैंकर या अन्य साधनों के सहारे पानी की व्यवस्था करने को मजबूर हैं।

**समाधान की मांग** स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि खराब टंकी और मोटर की जल्द मरम्मत कराकर नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही, लंबे समय से चली आ रही इस समस्या का स्थायी समाधान भी किया जाए, ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

## महिला की संदिग्ध मौत के बाद पुराना शिवली रोड जाम, परिजनों का प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के पुराना शिवली रोड पर एक महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत के बाद मामला गरमा गया। मृतका के मायके पक्ष के लोगों ने न्याय की मांग को लेकर सड़क पर शव रखकर जाम लगा दिया। आत्महत्या की आशंका, पति हिरासत में बताया जा रहा है कि महिला ने बीते दिन आत्महत्या कर ली थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और महिला को अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को हिरासत में ले लिया।

**अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग** आज आक्रोशित परिजनों ने महिला का शव सड़क पर रखकर पुराना शिवली रोड जाम कर दिया और मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग करने लगे। जाम के चलते क्षेत्र में यातायात प्रभावित रहा।

**पुलिस ने संभाला मोर्चा** मौके पर कल्याणपुर थाना पुलिस पहुंची और परिजनों को समझाकर स्थिति नियंत्रित की। पुलिस के अनुसार, तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

**एक आरोपी गिरफ्तार, दबिश जारी** पुलिस ने बताया कि एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अन्य आरोपियों की तलाश में टीमें गठित कर लगातार दबिश दी जा रही है।



**बच्चों को परिजनों को सौंपा गया** परिजनों द्वारा बच्चों को वापस दिलाने की मांग भी उठाई गई थी। पुलिस ने हस्तक्षेप कर बच्चों को परिजनों को सुपुर्द कर दिया, जिसके बाद स्थिति सामान्य हुई।

### मासूम की हत्या मामले में बन्द बन्दी ईलाज के दौरान अस्पताल से फरार




**प्रतापगढ़।** जिला कारागार में अंतू थाना के चौबेपुर निवासी बाबू लाल वर्मा के मासूम बच्चे की हत्या के आरोप में बन्द था।बन्दी की तबियत खराब होने पर उसका पहले जिला कारागार स्थित अस्पताल में ईलाज करवाया गया। सुधार न होने पर उसे जिला अस्पताल लाया गया गया,जहां डॉक्टर ने एसआरएन प्रयागराज रेफर कर दिया।बन्दी का ईलाज पुलिस सुरक्षा में एसआरएन में चल रहा था, लेकिन बन्दी मौका पाकर वहां से गुरुवार की रात फरार हो गया।बंदी के फरार होने से हड़कंप मच गया।जिला कारागार अधीक्षक की तहरीर पर एसआरएन स्थित थाने पर केस दर्ज कर लिया गया है।फरार बन्दी को पकड़ने के लिए पुलिस ने तलाशी अभियान तेज कर दिया है।

## राजकीय औद्योगिक संस्थान सुखपाल नगर में भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर राजकीय औद्योगिक संस्थान, सुखपालनगर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर विभिन्न उद्योगों से जुड़े महिला एवं पुरुष श्रमिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण श्रमिकों को दिखाया गया। मुख्यमंत्री के संबोधन में श्रमिकों के जीवन स्तर को सुधारने, रोजगार के अवसर बढ़ाने तथा सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के संकल्प को प्रमुखता से रेखांकित किया गया। इस अवसर पर जनपद के प्रमुख उद्यमी अनुराग खण्डेलवाल,चन्द्र प्रकाश शुक्ला,दिनेश वरनवाल, राज किशोर साहू एवं संतोष साहू सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद संगम लाल गुप्ता के प्रतिनिधि दिनेश गुप्ता भी सम्मिलित हुए।जिलाधिकारी शिवसहाय अवस्थी ने अपने संबोधन में कहा कि श्रमिक देश की आर्थिक प्रगति की रीढ़ हैं। उनके परिश्रम एवं समर्पण के बिना औद्योगिक विकास की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने आश्वस्त किया कि प्रशासन द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा एवं उनके कल्याण के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे। साथ ही उन्होंने श्रमिकों को सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया।कार्यक्रम के अंत में श्रमिकों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## कानपुर में हो रही है ओवर स्पीड वाहनों पर बड़ी कार्यवाही, 307 वाहनों के चालान

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**कानपुर।** कानपुर नगर में स्थित राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु बनायी गयी कार्ययोजना के तहत एनएच-34 पर 8 स्थानों पर बैरियर स्थापित करते हुए ड्यूटी लगायी गयी है, इसके अतिरिक्त तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर प्रत्येक 20 किमी पर 3 इंटरसेप्टर मोबाइल तैनात की गयी है जिनके माध्यम से तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध प्रवर्तनात्मक कार्यवाही अमल में लायी जा रही है।

आज दिनांक 1.05.2026 में तेज गति से चलने वाले वाहनों के विरुद्ध की गयी की गयी कार्यवाही के अनुसार राष्ट्रीय राजमार्ग-34 पर 48 ट्रक, 5 बस, 82 चार पहिया/दो पहिया 135 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया।

राष्ट्रीय राजमार्ग-19 पर 3 ट्रक, 05 बस, 113 चार पहिया/दो पहिया 121 कुल वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। गंगा बैराज पर 51 वाहनों का ओवरस्पीड पर चालान किया गया। यातायात पुलिस कमिश्नरेट कानपुर नगर ने आमजनमानस से अपील है कि ट्रैफिक नियमों का पालन करें। रॉन्ग साइड वाहन न चलाएं। वाहन चलाते समय हेलमेट/सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। सड़क पर गति सीमा को निर्धारित रखें।




ओवरटेक हमेशा दाहिनें से करें। यातायात के संकेतो का पालन अवश्य करें । शराब पीकर वाहन न चलायें। नियमों का पालन न केवल आपकी सुरक्षा सुनिश्चित करता है, बल्कि दूसरों की जान की हिफाजत भी करता है। 'सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा है - नियमों का पालन करें व दूसरों को भी प्रेरित करें।

### लाभांश जैन ने आईसीएसई में 82.4 प्रतिशत अंक पाकर किया नाम रोशन



**ललितपुर।** मॉडर्न पब्लिक स्कूल के छात्र लाभांश जैन ने आईसीएसई बोर्ड की कक्षा 10वीं परीक्षा में 82.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में 5वां स्थान हासिल किया है। उनकी इस उपलब्धि से विद्यालय, परिवार और क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। लाभांश जैन, पत्रकार शैलेष कुमार जैन पिंटू के पुत्र हैं। उनकी सफलता पर परिजनों, शिक्षकों और शुभचिंतकों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने भी छात्र की इस उपलब्धि की सराहना करते हुए इसे अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। लाभांश ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता और शिक्षकों के मार्गदर्शन तथा नियमित मेहनत को दिया है।

## संक्षिप्त खबरें

### कॉउंसिल द्वारा अंकित विद्या निकेतन इंटर कालेज को शत प्रतिशत परिणाम पर मिला सम्मान



**नैनी प्रयागराज।** अंकित विद्या निकेतन कालेज राम नगर चौराहा अरैल नैनी के लिए यह गौरव का क्षण रहा, जब पत्रकार विकास कार्उंसिल के राष्ट्रीय महासचिव एवं सी न्यूज़ भारत के स्टेट हेड डी.के मिश्र एवं प्रदेश अध्यक्ष महिला बिंग बबिता शर्मा द्वारा विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ विद्यासागर मिश्र एवं प्रबंधक अनिल कुमार मिश्र और उप प्रधानाचार्य राधेश्याम त्रिपाठी को यूपी बोर्ड परीक्षा में शत प्रतिशत परिणाम आने पर सम्मानित किया गया।इस अवसर पर कॉउंसिल के पदाधिकारियों ने विद्यालय प्रबंधक की सराहना करते हुए कहा कि उत्कृष्ट शैक्षिक वातावरण, अनुशासित शिक्षण व्यवस्था एवं शिक्षकों की मेहनत का ही परिणाम है कि विद्यालय ने शत-प्रतिशत सफलता हासिल की।विद्यालय परिवार ने इस सम्मान को छात्रों, अभिभावकों एवं समस्त शिक्षकों के संयुक्त प्रयास का परिणाम बताया तथा भविष्य में भी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प व्यक्त किया।प्रधानाचार्य डॉ विद्यासागर मिश्र ने बताया की यह हमारे विद्यालय के लिए गौरव का क्षण है और हम चाहते हैं हर वर्ष यह दिन देखने को मिले जिससे कि हमारे विद्यालय की गरिमा बनी रहे।उप प्रधानाचार्य राधेश्याम त्रिपाठी ने बताया कि हम हिंदी के अध्यापक हैं और हम चाहते हैं ।सम्मान समारोह में राष्ट्रीय कार्यालय प्रभारी संदीप सिंह संरक्षक नीलकमल तिवारी शैलेंद्र शर्मा सीताराम त्रिपाठी अंकित मिश्रा के साथ शिक्षकगण उपस्थित रहे।

### गांव में लगी नई स्ट्रीट लाइट से दूर हुई अंधेरे की समस्या

**नैनी।** दादरी क्षेत्र ।महाकुंभ 2025 के दौरान नैनी क्षेत्र के दादरी तालुका अंतर्गत एक गांव में आवागमन की समस्या उस समय बढ़ गई थी, जब घर के पास लगा बिजली का पोल गिर गया था। इस पोल पर सभासद पवन यादव द्वारा स्ट्रीट लाइट लगाई गई थी, लेकिन पोल गिरने के कारण ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बाद में गांव में दो-तीन स्थानों पर नए बिजली के पोल लगाए गए। संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर पोल की व्यवस्था कराई गई और इस संबंध में समाचार पत्रों में भी सूचना प्रकाशित हुई। हालांकि, लगाए गए पोल पर लगी लाइट को कुछ अज्ञात लोगों द्वारा हटा दिया गया, जिसकी शिकायत बिजली विभाग से की गई थी। लगातार प्रयासों के बाद वर्ष 2026 में एक बार फिर से प्रकाश व्यवस्था बहाल की गई। यह कार्य सभासद राकेश जायसवाल के सहयोग से संभव हो सका, जिनके माध्यम से नई स्ट्रीट लाइट लगाई गई। इस कार्य के लिए सभासद पवन यादव, धर्मराज पटेल, राहुल जायसवाल (पत्रकार) सहित सभी सहयोगियों का भी धन्यवाद दिया, जिन्होंने समय-समय पर समस्या के समाधान में सहयोग किया। ग्रामीणों ने कहा कि अब स्ट्रीट लाइट लगने से आवागमन सुगम हो गया है और सुरक्षा की दृष्टि से भी राहत मिली है।

### लोकतंत्र के मंदिर का अपमान, सीएम रेखा गुप्ता का भगवंत मान पर बड़ा आरोप

**आचरण को बताया 'शर्मनाक'**



**दिल्ली।** मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान पर तीखा हमला बोलते हुए उनके आचरण को लोकतंत्र के लिए 'शर्मनाक' करार दिया है। गुप्ता ने एक आधिकारिक बयान जारी कर आरोप लगाया कि भगवंत मान विधानसभा जैसे पवित्र सदन में नशे की हालत में उपस्थित हुए, जिससे न केवल सदन की गरिमा को ठेस पहुँची है, बल्कि पूरे राज्य का सिर भी शर्म से झुक गया है।

**लोकतंत्र के मंदिर का अपमान**

सीएम रेखा गुप्ता ने अपने बयान में कहा कि यह अत्यंत धिक्कार योग्य विषय है कि किसी राज्य का मुखिया स्वयं को इस अवस्था में सार्वजनिक पटल पर प्रस्तुत करे। उन्होंने कहा, 'लोकतंत्र के मंदिर में राज्य का मुखिया नशे की हालत में पहुँचता है और पूरे राज्य को शर्मसार करता है। दुनिया ने उन्हें पहले भी कई बार सार्वजनिक कार्यक्रमों में इस स्थिति में देखा है, लेकिन आज तो इंतहा हो गई जब पूरे देश ने विधानसभा के भीतर उनकी डगमगाती स्थिति को देखा।'

## EVM गड़बड़ी पर ममता की सख्त चेतावनी

**● EVM छेड़छाड़ हुई तो जीने-मरने की लड़ाई, स्ट्रांगरूम पहुंचीं सीएम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने ईवीएम अनियमितताओं के आरोपों के बीच कड़ा रुख अपनाते हुए चेतावनी दी है कि अगर मतदान मशीनों या मतगणना प्रक्रिया में किसी भी तरह की छेड़छाड़ की कोशिश हुई, तो वह 'जीने-मरने की लड़ाई' लड़ेंगी। 4 मई को होने वाली मतगणना से पहले उनके इस बयान ने राज्य की राजनीति में हलचल तेज कर दी है। ममता बनर्जी ने दक्षिण कोलकाता के सखावत मेमोरियल स्कूल स्थित स्ट्रांगरूम का दौरा किया, जहां भवानीपुर विधानसभा क्षेत्र की ईवीएम और मतपत्र रखे गए हैं। उन्होंने यहां तीन घंटे से अधिक समय बिताया। यह दौरा उस समय हुआ जब तृणमूल कांग्रेस लगातार एक वायरल वीडियो के आधार पर स्ट्रांगरूम के आसपास संदिग्ध गतिविधियों का आरोप लगा रही है। स्ट्रांगरूम से बाहर निकलने के बाद ममता बनर्जी ने कहा कि अगर कोई ईवीएम मशीन चुराने या मतगणना में गड़बड़ी करने की कोशिश करेगा, तो वह जान की बाजी लगाकर उसका मुकाबला करेंगी। उन्होंने यह भी कहा कि वह पूरी जिंदगी इस मुद्दे पर लड़ाई जारी रखेंगी। सीसीटीवी फुटेज देखने के बाद ही उन्होंने मौके पर जाकर स्थिति का जायजा लेने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्रीय सुरक्षाबलों ने उन्हें शुरुआत में स्ट्रांगरूम में प्रवेश से रोका। हालांकि, उम्मीदवार होने के अधिकार का हवाला देने पर उन्हें अंदर जाने की अनुमति दी गई। उन्होंने कहा कि चुनाव नियमों के तहत उम्मीदवार और उनके प्रतिनिधि सीलबंद कक्ष तक जा सकते हैं। साथ ही उन्होंने प्रक्रिया में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी पार्टी के एक प्रतिनिधि को गिरफ्तार किया गया है और एकतरफा कार्रवाई की जा रही है। मतगणना से पहले विवाद उस समय और गहरा गया जब तृणमूल कांग्रेस ने एक वीडियो जारी कर चुनाव सामग्री के प्रबंधन में गंभीर खामियों का आरोप लगाया। पार्टी का दावा है कि वीडियो में अधिकृत प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति में मतपेटियों को खोला जा रहा है, जो नियमों का उल्लंघन है। TMC ने इस मामले में बीजेपी और चुनाव आयोग के बीच मिलीभगत का भी आरोप लगाया है।

### दिल्ली का बुराड़ी इलाका बना अवैध शराब का हॉटस्पॉट, घरों के बाहर लगती हैं लंबी लाइनें

**दिल्ली।** उत्तरी दिल्ली का बुराड़ी इलाका इन दिनों अवैध शराब कारोबार का बड़ा केंद्र बनता जा रहा है। करीब दस लाख की आबादी वाले इस क्षेत्र में एक भी अधिकृत शराब ठेका न होने के कारण अवैध कारोबारियों के हौसले बुलंद हैं। हालत यह है कि यहां की कई गलियों और कॉलोनियों में घरों से खुलेआम हरियाणा से लाई गई शराब बेची जा रही है, जिससे कानून-व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, बुराड़ी के पांच वार्डों में दर्जनों से अधिक ऐसे घर चिन्हित किए गए हैं, जहां से नियमित रूप से अवैध शराब की बिक्री हो रही है। संत नगर, झड़ौदा, जगतपुर, मिलन विहार और यमुना पुश्ता समेत कई कालोनियां इस गैरकानूनी गतिविधि की चपेट में हैं। यहां महिलाएं और पुरुष दोनों ही इस कारोबार में शामिल बताए जाते हैं, जिससे यह नेटवर्क और मजबूत होता जा रहा है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि यह पूरा कारोबार पुलिस प्रशासन की जानकारी के बिना संभव नहीं माना जा रहा।स्थानीय लोगों का आरोप है कि बीट पुलिस को इन गतिविधियों की पूरी जानकारी है, लेकिन कथित सांठगांठ के चलते कार्रवाई नहीं की जाती। इससे अवैध शराब माफियाओं के हौसले और बढ़ गए हैं।

## राहुल गांधी को हाईकोर्ट से मिली बड़ी राहत

**● उनके खिलाफ एफआईआर की मांग वाली याचिका खारिज**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग वाली याचिका खारिज हो गई। याची सिमरन गुप्ता ने ट्रायल कोर्ट संभल के फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती दी थी। भारतीय राज्य के संबंध में राहुल गांधी के बयान के आधार पर संभल ट्रायल कोर्ट में उन पर एफआईआर दर्ज करने के लिए सिमरन गुप्ता ने वाद दायर किया था। ट्रायल कोर्ट के वाद खारिज किए जाने के आदेश को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई थी। हाईकोर्ट ने संभल ट्रायल कोर्ट के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी। संभल की चंदौसी कोर्ट ने याचिकाकर्ता की ओर से सांसद राहुल गांधी के खिलाफ दाखिल निगरानी याचिका को कमजोर होने के कारण खारिज कर दिया था। सिमरन गुप्ता ने अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश चंदौसी कोर्ट की तरफ से दिए गए फैसले को इलाहाबाद हाईकोर्ट में चुनौती देते हुए याचिका दाखिल की थी। 15 जनवरी 2025 को राहुल गांधी ने कांग्रेस के नए मुख्यालय 'इंदिरा भवन' के उद्घाटन के दौरान कहा था, 'हमारी लड़ाई आरएसएस, बीजेपी और खुद इंडियन स्टेट से है।' उन्होंने कहा था, 'हमारी विचारधारा, आरएसएस की विचारधारा की तरह हजारों साल पुरानी है और हम हजारों वर्षों से आरएसएस की विचारधारा से लड़ रहे हैं। यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। अगर आपको लगता है कि हम भाजपा या आरएसएस नामक किसी राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं तो आपने स्थिति सही से समझा नहीं है। भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश की हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। अब हम भाजपा, आरएसएस और खुद इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।'

## ईरान ने अमेरिका को बातचीत के लिए भेजा नया प्रस्ताव

**● ... क्या होने वाली है बड़ी डील?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** ईरान ने अमेरिका के साथ बातचीत के लिए अपना नया प्रस्ताव पाकिस्तान के जरिए भेजा है। ईरानी सरकारी समाचार एजेंसी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। माना जा रहा है कि इस कदम से चल रहे युद्ध को खत्म करने की कोशिशों को नया रास्ता मिल सकता है। हालांकि प्रस्ताव के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं दी गई है। यह भी स्पष्ट नहीं है कि यह प्रस्ताव अभी तक अमेरिका तक पहुंचा है या नहीं। इस खबर के बाद वैश्विक तेल कीमतों में थोड़ी गिरावट देखी गई, क्योंकि इससे तनाव कम होने की उम्मीद जगी है।

**स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज से बढ़ा संकट**

ईरान द्वारा हॉर्मुज जलडमरूमध्य में नाकेबंदी के कारण दुनिया की लगभग 20% तेल और गैस सप्लाई प्रभावित हुई है। वहीं अमेरिका ने ईरानी तेल निर्यात को रोकने के लिए नौसेना तैनात कर रखी है। इससे ऊर्जा की कीमतें बढ़ गई हैं और वैश्विक अर्थव्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ी है। 8 अप्रैल से संघर्षविराम लागू है, लेकिन खबरें हैं कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप को नए सैन्य हमलों की योजना पर ब्रीफ किया जा रहा है।

**हमले की आशंका**

ईरान ने अपने एयर डिफेंस सिस्टम सक्रिय कर दिए हैं और चेतावनी दी है कि अगर हमला हुआ तो वह कड़ा जवाब देगा। रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान को आशंका है कि अमेरिका सीमित हमला कर सकता है, जिसके बाद इजरायल भी कार्रवाई कर सकता है। इससे पहले फरवरी में अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद ईरान ने अमेरिकी ठिकानों और सहयोगी कंपनियों को निशाना बनाया था, जबकि हिज्बुल्लाह ने इजरायल पर मिसाइल दागी थीं।

**अमेरिका की रणनीति**

अमेरिका ने अपने अगले कदमों को लेकर अभी कुछ साफ नहीं किया है। राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा है कि वह ईरान के परमाणु कार्यक्रम को स्वीकार नहीं करेंगे। तेल बाजार में भी उतार-चढ़ाव जारी है। ब्रेंट क्रूड की कीमतों में हल्की गिरावट आई, लेकिन सप्ताह भर में यह काफी ऊपर रही। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर बातचीत में देरी हुई या तनाव बढ़ा तो हॉर्मुज लंबे समय तक बंद रह सकता है, जिससे वैश्विक बाजार प्रभावित होंगे।

### श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में मुख्यमंत्री अटल आवासीय विद्यालय, के छात्र हर्षित को पुरस्कृत किया




**● प्रयागराज के कोरांव अटल विद्यालय के हर्षित ने सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त किया**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**दया शंकर त्रिपाठी की रिपोर्ट**

**ब्यूरो प्रयागराज।** अंतर्राष्ट्रीय श्रमिक दिवस के अवसर पर लखनऊ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित श्रमवीर गौरव समारोह 2026 में माननीय मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश द्वारा अटल आवासीय विद्यालय, बेलहट, कोराव, प्रयागराज में अध्यनरत छात्र हर्षित को सीबीएसई हाई स्कूल की परीक्षा में 95.8 प्रतिशत अंक प्राप्त करने तथा प्रदेश के अटल आवासीय विद्यालयों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने हेतु सम्मानित/ पुरस्कृत किया गया। साथ ही अटल आवासीय विद्यालय, प्रयागराज के प्रधानाचार्य को शत प्रतिशत सफलता परीक्षा फल एवं प्रदेश के सभी अटल आवासीय विद्यालयों में हाई स्कूल परीक्षा में औसत प्राप्तांक सबसे अधिक प्राप्त करने हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया।

### प्रदेश से फिलहाल दूर रहेगी गर्मी, छह से आठ डिग्री तक गिरा पारा

उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों से जारी बूंदाबांदी और तेज हवाओं के असर से शुक्रवार को तापमान में उल्लेखनीय गिरावट दर्ज की गई। कई क्षेत्रों में दिनभर ठंडी हवाएं चलती रहीं, जिससे मई का पहला दिन सुहावना रहा। गोरखपुर में अधिकतम तापमान 26.4 डिग्री और बलिया में 27.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से काफी कम है और प्रेक्षण इतिहास में क्रमशः तीसरा व पांचवां सबसे कम स्तर रहा। प्रदेश के करीब 15 जिलों में अधिकतम तापमान 30 से 32 डिग्री के बीच रहा। उरई 41.6 डिग्री के साथ सबसे गर्म रहा, जबकि हरदोई में 17 डिग्री सेल्सियस के साथ सबसे ठंडी रात दर्ज की गई। पिछले 24 घंटों में कन्नौज में 54 मिमी, बलरामपुर में 52.6 मिमी, लखीमपुर खीरी में 51.8 मिमी, बरेली में 29 मिमी और गोरखपुर में 23.8 मिमी वर्षा हुई। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह के अनुसार, अगले दो दिन मौसम शुष्क रहेगा और धूप निकलने से तापमान में 6 से 8 डिग्री तक बढ़ोतरी होगी। चार मई से नया विक्षोभ सक्रिय होने पर फिर आंधी-बारिश की संभावना है। उन्होंने बताया कि मई में तराई क्षेत्रों में लू के दिन सामान्य से अधिक रह सकते हैं।

### अब 15 मई तक गंगा एक्सप्रेसवे पर कर सकेंगे मुफ्त में सफर, CM योगी के निर्देश पर लिया गया फैसला

**लखनऊ।** प्रदेश सरकार ने गंगा एक्सप्रेसवे को कामर्शियल ऑपरेशन की तिथि से 15 दिन तक टोल-फ्री रखने की घोषणा की है। यूपीडा ने कन्सेशनैयर्स आइआरबी और अदाणी इंफ्रास्ट्रक्चर को टोल वसूली रोकने के निर्देश दिए हैं, जबकि राजस्व नुकसान की भरपाई सरकार करेगी। 594 किलोमीटर लंबे इस एक्सप्रेसवे पर 15 दिनों तक लोग मुफ्त यात्रा कर इसकी गति, गुणवत्ता और सुविधाओं का अनुभव कर सकेंगे। मेरठ से प्रयागराज तक फैला यह प्रोजेक्ट 12 जिलों को जोड़ता है। पीपीपी मॉडल पर बने इस एक्सप्रेसवे में मेंटेनेंस और सुरक्षा मानकों का पूरा ध्यान दिया गया है। मुख्यमंत्री योगी आदित?यनाथ के निर्देश पर उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवेज औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीडा) ने परियोजना के कन्सेशनैयर्स आइआरबी इन्फ्रास्ट्रक्चर और अदाणी इन्फ्रास्ट्रक्चर को 15 दिनों तक टोल कलेक्शन स्थगित रखने के निर्देश जारी कर दिए हैं। यूपीडा द्वारा जारी आदेश के अनुसार इस अवधि में यात्रियों से किसी भी प्रकार का शुल्क नहीं लिया जाएगा। इस पहल से संबंधित जिलों में पर्यटन की गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

## संजय कपूर की संपत्ति नहीं बेच पाएंगी प्रिया

**● करिश्मा के बच्चों को बड़ी राहत**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** दिल्ली हाईकोर्ट ने कारोबारी संजय कपूर के संपत्ति विवाद में बड़ा फैसला सुनाया है. हाईकोर्ट ने संजय कपूर की संपत्ति को सुरक्षित रखने का आदेश दिया है. करिश्मा कपूर के बच्चों समाइरा और कियान को इस फैसले से बड़ी राहत मिली है. जबकि संजय कपूर की मौजूदा पत्नी प्रिया कपूर के लिए बड़ा झटका है. अदालत ने कहा है कि वसीयत को लेकर बच्चों के संदेह को दूर करने की जिम्मेदारी प्रिया कपूर पर है. बच्चों ने वसीयत पर संदेह का प्रथम दृष्टया मामला पाया है। दिल्ली उच्च न्यायालय ने करिश्मा के बच्चों की याचिका पर अंतरिम निषेधाज्ञा मंजूर की है.दिल्ली हाईकोर्ट ने संजय कपूर की संपत्तियों पर यथास्थिति बनाए रखने का आदेश दिया है. अदालत ने संजय कपूर के बैंक खाते फ्रीज किए हैं. दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले से रानी कपूर और करिश्मा कपूर को राहत मिली है। हाईकोर्ट ने कहा है कि प्रिया कपूर को करिश्मा के बच्चों द्वारा उठाए गए संदेह को दूर करना चाहिए. दिल्ली हाईकोर्ट ने बॉलीवुड अभिनेत्री करिश्मा कपूर के दो बच्चों की अंतरिम रोक याचिका मंजूर करते हुए उनकी सौतेली मां प्रिया कपूर को संजय कपूर की संपत्ति को वितरित करने से रोक दिया है। जस्टिस ज्योति सिंह ने कहा, संपत्ति को नष्ट नहीं किया जाना चाहिए. संपत्ति को संरक्षित किया जाना चाहिए. दिल्ली हाईकोर्ट ने बैंक खातों के संचालन पर भी रोक लगाई है। अदालत ने संजय कपूर के बैंक खाते फ्रीज किए.जज ने कहा कि यदि मुकदमे की सुनवाई के दौरान वसीयत जाली साबित होती है, तो यह समायरा और कियान के साथ अन्याय होगा।

## सिलापथार महाविद्यालय के अध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीनाथ पेगु का बिदाई सम्मान समारोह

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**असम धेमाजी।** धेमाजी जिले के जाने-माने कॉलेजों में से एक सिलापथार महाविद्यालय, महाविद्यालय के द्वितीय स्थाई प्रिंसिपल, डॉ. लक्ष्मीनाथ पेगु ने 17 जनवरी 2012 को कॉलेज में योगदान किया कर अपने जीवन के 14 साल 4 महीने महाविद्यालय में सेवा कर आज अनुष्ठानिक रूप में सेवानिवृत्त हुए। महाविद्यालय के प्रेक्षागृह में आज महाविद्यालय के छात्रा एकता सभा , शिक्षक कर्मचारी समूह की तरफ से आयोजित ओर महाविद्यालय के वाइस-प्रिंसिपल लीला नेवार के संचालन में हुए बिदाई सम्मान समारोह में जिले की विभिन्न महाविद्यालय के अध्यक्ष, सामाजिक संस्था के कार्यकर्ताओं, छात्रा संगठनो, जन्मलग्न से महाविद्यालय के साथ जुड़े हुए लोगो, महाविद्यालय के शिक्षक कर्मचारी छात्राओं ने फूलों की गुलदस्ते, गमुचा, मानपत्र से डॉ पेगू को सम्मानित किया। उनके चाहने वालों के साथ महाविद्यालय के परिवार के सभी ने उनके कार्यकाल के दौरान कॉलेज के लिए उनकी सेवाओं की भी तारीफ़ की और उनके रिटायरमेंट में उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। बिदाई के समय पत्रकारों को दिए उनके टिप्पणी में उन्होंने कहा 15 अगस्त 1979 बृहत्तर सिलापथार इलाके के लोगों के आने वाले पोड़ी के उच्चशिक्षा के सपने को साकार करने में कामयाब रहे। ओर उनके अनुपस्थित में महाविद्यालय से जुड़े हुए सभी लोगों के प्रति आह्वान किया कि महाविद्यालय के विकास के हर कार्य ने सहयोग करे ताकि महाविद्यालय के साथ इलाके के नाम रोशन करे।वह आने वाले दिनों में समाज के लिए ओर लेखन में खुद को शामिल व्यस्त रखना पसंद करेंगे।

## एल.पी. जी ब्लैक मार्केटिंग पर कानूनी शिकंजा

**● क्या बोले दोषियों के वकील?**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

पेज न 1 की शेष खबर

वनिता घोष के वकील निशांक मट्टू ने दलील दी कि वह शादीशुदा हैं और उनके चार बच्चे हैं. उनके पति ने उन्हें छोड़ दिया है, इसलिए उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं है. वह 62 साल की हैं और बुढ़ापे से जुड़ी कई बीमारियों से जूझ रही हैं. उन्हें ब्रेन हैमरेज भी हुआ है और अभी उनका कई बीमारियों का इलाज चल रहा है। कपिल गुप्ता के वकील ने कहा कि वह शादीशुदा हैं और उनके दो बच्चे हैं. वह अपने परिवार में अकेले कमाने वाले हैं. उनकी 63 साल की पत्नी और 30 और 28 साल के दो बेटों की देखभाल करने वाला कोई नहीं है. वह डायबिटीज और हाई ब्लड प्रेशर जैसी बुढ़ापे से जुड़ी कई बीमारियों से जूझ रहे हैं और उनका इलाज चल रहा है. उन्होंने प्रार्थना की कि उनके खिलाफ नरम रवैया अपनाया जाए।

**क्या है पूरा मामला?-** आपको बता दें कि यह मामला सीबीआई, एसीबी, नई दिल्ली में 20 अगस्त, 2010 को मेसर्स के खिलाफ रजिस्टर किया गया था. शिवनिक्का एंटरप्राइजेज, वनिता घोष, उसके पार्टनर और दूसरे अनजान सरकारी कर्मचारियों/प्राइवेट लोगों पर, गैर-कानूनी लोगों को बहुत ज्यादा कीमतों पर LPG सिलेंडर बेचने का इल्जाम लगाया गया है. उन्होंने नकली/अस्तित्वहीन कस्टमर्स के नाम पर बिक्री दिखाई, जिससे इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) को धोखा मिला और एसेंशियल कमोडिटीज एक्ट, 1955 के नियमों का उल्लंघन हुआ। यह भी कहा गया कि 21 मई, 2010 को आईओसीएल और सीबीआई के अधिकारियों ने मिलकर सरप्राइज चेक किया, जब आरोपी फर्म के रजिस्टर, वाउचर और दूसरे रिकॉर्ड की जांच और वेरिफिकेशन किया गया. सीबीआई ने आरोप लगाया था कि वेरिफिकेशन से पहली नज़र में पता चला कि शिवनिक्का एंटरप्राइज ऐसे कस्टमर्स के नाम पर सिलेंडर सप्लाई के लिए रिफिल वाउचर बना रही थी जो अस्तित्व में नहीं थे और उस पर इसे ब्लैक मार्केट में बेचने का शक था।

### यूपी के 10 लाख युवाओं की हुई मौज, अब 18 साल की उम्र में मिलेगा 5 लाख का बिजनेस लोन

**आयु में छूट देने की तैयारी**



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री युवा उद्यमी योजना अभियान के तहत युवाओं को अपना कारोबार शुरू करने की खातिर ऋण उपलब्ध कराने के लिए न्यूनतम आयु सीमा में तीन वर्ष की छूट देने की तैयारी की जा रही है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (एमएसएमई) विभाग ने इस संदर्भ में प्रस्ताव तैयार कर लिया है। योजना के तहत अभी तक 21 से 40 आयु वर्ष तक के युवाओं को बिना ब्याज व गारंटी के पांच लाख रुपये तक का ऋण दिया जा रहा है। एमएसएमई विभाग अब न्यूनतम आयु सीमा को कम करके 18 वर्ष करने की तैयारी कर रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उत्तर प्रदेश दिवस के मौके पर पिछले वर्ष 24 जनवरी को योजना का शुभारंभ किया था। योजना के तहत 10 वर्षों में बिना ब्याज व गारंटी के 10 लाख युवाओं को ऋण देने का लक्ष्य सरकार ने निर्धारित किया है।

## मजदूर चौकों पर मोबाइल हेल्थ वैन, सामूहिक विवाह व सम्मान राशि की सौगात

**● मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने श्रमिक दिवस पर मजदूरों के लिए कई कल्याणकारी घोषणाएं कीं, जिनमें मोबाइल स्वास्थ्य सुविधाएं और बेटियों के सामूहिक विवाह शामिल हैं। उन्होंने मजदूरों से डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी पोर्टल पर पंजीकरण कराने की अपील की ताकि वे सरकारी योजनाओं का लाभ उठा सकें।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने शुक्रवार को श्रमिक दिवस के अवसर पर मजदूरों के कल्याण के लिए कई बड़ी घोषणाएं कीं। इनमें मजदूर चौकों पर मोबाइल स्वास्थ्य सुविधाएं शुरू करना, उनकी बेटियों के सामूहिक विवाह कराना और उन्हें सीधा आर्थिक सहायता प्रदान करना शामिल है। अंतरराष्ट्रीय मजदूर दिवस के अवसर पर धीरपुर स्थित संत निरंकारी अस्पताल निर्माण स्थल पर निर्माण मजदूरों से संवाद करते हुए मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के अनुरूप दिल्ली सरकार मजदूरों के कल्याण के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

**डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी पर कराएं रजिस्ट्रेशन**

उन्होंने कहा कि दिल्ली सरकार मजदूरों की बेटियों के विवाह और उनके बच्चों की शिक्षा के लिए भी सहायता प्रदान करना चाहती है। इसके लिए उन्होंने मजदूरों से अपील की कि वे दिल्ली बिल्डिंग एंड अदर कंस्ट्रक्शन वर्कर्स वेलफेयर बोर्ड (डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी) के पुनः सक्रिय किए गए पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य कराएं, ताकि वे सरकार की विभिन्न योजनाओं का लाभ ले सकें।

**गर्भवती महिला मजदूर को सम्मान राशि**

मुख्यमंत्री ने बताया कि श्रम विभाग मजदूर चौकों पर विशेष शिविर लगाकर मजदूरों का पंजीकरण कराएगा। उन्होंने कहा कि जल्द ही गर्भवती महिला मजदूरों को भी सम्मान राशि दी जाएगी। रेखा गुप्ता ने आगे कहा कि सरकार निर्माण स्थलों और मजदूर चौकों पर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए विशेष मोबाइल वैन तैयार कर रही है। साथ ही, मजदूरों की बेटियों के विवाह के लिए सीधा आर्थिक सहायता भी प्रदान की जाएगी।

**हर वर्ष 35,000 श्रमिकों को प्रशिक्षण**

इस संबंध में सीएम के आधिकारिक एक्स अकाउंट पर दी गई जानकारी में बताया गया कि कार्यक्रम में 1000 निर्माण श्रमिकों को सुरक्षा किट और श्रमिक परिवारों के 100 बच्चों को शिक्षा किट प्रदान की गई, साथ ही हर वर्ष 35,000 श्रमिकों को प्रशिक्षित करने वाले बड़े स्तर के कौशल विकास अभियान का शुभारंभ किया गया।

**श्रमिकों के लिए कल्याणकारी पहल**

उन्होंने घोषणा की कि हर वर्ष मजदूरों की बेटियों के लिए दो सामूहिक विवाह आयोजित किए जाएंगे।श्रम मंत्री कपिल मिश्रा ने कहा कि मजदूरों के पंजीकरण का पोर्टल कई वर्षों से बंद पड़ा था, जिसे अब पुनः सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि पहले डीबीओसीडब्ल्यूडब्ल्यूबी की योजनाओं की किसी को जानकारी नहीं थी, लेकिन मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के मार्गदर्शन में अब विभिन्न कल्याणकारी पहल शुरू की गई हैं।

**10 हजार मजदूरों की मदद**

उन्होंने बताया कि प्रदूषण के कारण निर्माण गतिविधियां प्रभावित होने पर पंजीकृत मजदूरों को 10,000 रुपये की आर्थिक सहायता दी गई थी। श्रम विभाग शहर में मजदूरों के स्किलिंग और प्लेसमेंट के लिए भी काम कर रहा है।